PRINTED MATTER/PRINTING BOOK CLAUSE 121 (A) P & T GUIDE

गुगनराम एजुकेशनल एण्ड सोशल वैलफेयर सोसायटी (रजि.)
द्वारा भिवानी (हरियाणा), काठमाण्डू (नेपाल) से प्रकाशित

ISSN : 2395-7115
Impact Factor 8.642

बोहल शोध मंजूषा
Bohal Shodh Manjusha

AN INTERNATIONAL MULTI DISCIPLINARY, MULTIPLE LANGUAGES PEER REVIEWED, REFREED RESEARCH JOURNAL

UGC Valid Journal (The Gazette of India, Extraordinary Part III, Section 4, Dated July 2018)

Website : www.bohalshodhmanjusha.com
Email : grsbohal@gmail.com

Editor :
Dr. Naresh Sihag, Advocate
HOD Hindi, Tantia University
M. : 8708822674, 9466532152

गीना देवी शोध संस्थान
द्वारा श्रीगंगानगर, (राजस्थान), पटियाला (पंजाब) व नेपाल से प्रकाशित

ISSN : 2321-8037
Impact Factor 7.834

Gina Shodh SANGAM

A Peer Reviewed & Refereed International Research Journal
Journal of Literature, Arts, Culture, Humanities and Social Sciences
UGC Valid Journal (The Gazette of India, Extraordinary Part III, Section 4, Dated July 2018)

Website : www.ginajournal.com
Email : grngobwn@gmail.com
Office : 8708822674

Editor :
Dr. Rekha Soni, Vice Principal
Education, Tantia University
M. 9828531975

गिरधारीलाल घासीराम शोधपीठ
द्वारा नई दिल्ली, आगरा, गाजियाबाद एवं नेपाल से प्रसारित

ISSN : 2348-5639
Impact Factor 6.521

SHODH SAMALOCHAN

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REFEREED MULTIDISCIPLINARY & MULTIPLE LANGUAGES QUARTERLY RESEARCH JOURNAL

UGC Valid Journal (The Gazette of India, Extraordinary Part III, Section 4, Dated July 18, 2018)

Website : https://ginajournal.com/shodh-samalochan/
Executive Editor : Dr. Varsha Rani M. 9671904323
Managing Editor : Dr. Mukesh Verma M. 9627912535

Editor :
Dr. Naresh Sihag, Advocate
M. 8708822674

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गुगनराम सोसायटी (रजि.) के लिए डॉ. नरेश सिहाग एडवोकेट ने सानिया पब्लिकेशन, दिल्ली-110094 से छपवाकर गीना प्रकाशन, 202, पुराना हाऊसिंग बोर्ड, भिवानी-127021 (हरियाणा) से वितरित की।

ISSN 2348:5639

SHODH SAMALOCHAN 2025

Dr. Versha Rani
Dr. Naresh Sihag, Adv.

गिरधारीलाल घासीराम शोधपीठ
द्वारा भारत-नेपाल से प्रसारित

ISSN : 2348-5639
Impact Factor : 6.521

SHODH SAMALOCHAN

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REFEREED MULTIDISCIPLINARY & MULTIPLE LANGUAGES QUARTERLY RESEARCH JOURNAL

UGC Valid Journal (The Gazette of India, Extraordinary Part III, Section 4, Dated July 18, 2018)

Vol. : 12, Issue : 2

April-May-June : 2025

Executive Editor :
Dr. Varsha Rani

Editor :
Dr. Naresh Sihag 'Bohal'
Advocate

संस्थापक संपादक
स्व. फतेहचंद

गुगनराम एजुकेशनल एण्ड सोशल वैलफेयर सोसायटी (रजि.) द्वारा प्रकाशित

SHODH SAMALOCHAN

शोध-समालोचन (त्रैमासिक)

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REREREED MULTIDISCIPLINARY & MULTIPLE LANGUAGES QUARTTERLY RESEARCH JOURNAL

UGC Valid Journal (The Gazette of India, Extraordinary Part III, Section 4, Dated July 18, 2018)

वर्ष-12, अंक-2 **अप्रैल-जून 2025 (भाग-5)** **आईएसएसएन : 2348-5639**

संपादक
• डॉ. नरेश सिहाग 'बोहल' एडवोकेट

कार्यकारी संपादक
• डॉ. वर्षा रानी

प्रबंध संपादक
• डॉ. मुकेश 'ऋषिवर्मा'

सह-संपादक
• डॉ. लता एस. पाटिल,
• डॉ. सुलक्षणा अहलावत

सह-संपादक
• डॉ. सुमन रानी

अक्षर संयोजन
• मो. सलीम

कानूनी सलाहाकार
• डॉ. रामफल दलाल, एडवोकेट
• अजीत सिहाग, एडवोकेट

सलाहकार सम्पादक मंडल

• डॉ. निशीथ गौड, आगरा
• डॉ. ऊषा रानी, शिमला
• डॉ. गोविन्द सोनी, श्रीगंगानगर
• डॉ. सुषमा रानी, जीन्द
• डॉ. मुदस्सिर अहमद भट्ट, श्रीनगर
• डॉ. दीपशिखा, पटियाला
• डॉ. गौतम कुमार साहा, दरभंगा
• श्री राकेश शंकर भारती, युक्रेन
• डॉ. के.के. मल्होत्रा, कैनेडा
• डॉ. आशीष कुमार दीपांकर, मेरठ
• डॉ. कामिनी कौशल, गाजियाबाद
• डॉ. रवि शंकर सिंह, आरा
• डॉ. संजय कुमार, रांची
• डॉ. संतोष कुमार भगत, रांची

1. 'शोध-समालोचन' का प्रबंधन और संपादन पूर्णतः अवैतनिक है।
2. 'शोध-समालोचन' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार संबंधित लेखकों के अपने हैं। उनके प्रति वे स्वयं उत्तरदायी है।
3. पत्रिका से संबंधित प्रत्येक विवाद का न्याय क्षेत्र भिवानी न्यायालय ही मान्य होगा।
4. प्रकाशक/ स्वामी डॉ. नरेश सिहाग, एडवोकेट ने सानिया पब्लिकेशन, दिल्ली-110094 से मुद्रित करवाया।

'शोध समालोचन' की सदस्यता का शुल्क भुगतान राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा सीधे ट्रांसफर या जमा किया जा सकता है। बैंक का विवरण निम्नानुसार है–**बैंक :** PUNJAB NATIONAL BANK **Branch :** Yamuna Vihar, Delhi-110053 **IFSC :** PUNB0225600 **Account Holder :** SANIA PUBLICATION **Current Account No.** 2256002100405546 भुगतान की मूल रसीद, शोध -पत्र पत्रिका की ई-मेल पर भेजना अनिवार्य है।

नोट :- इस अंक की प्रिंट कॉपी खरीदने के लिए सानिया पब्लिकेशन, दिल्ली-110094 से सम्पर्क करें मो. 9818128487

मूल्य : 650/- रु. एक प्रिंट प्रति वार्षिक 2500/- रु.

विषय विशेषज्ञ सलाहकार समिति/ संपादकीय मंडल :

- **Dr. Mudita Popli**
  Principal, Maa Karni B Ed College Nal, Bikaner
- **Dr. Tapasya Chauhan**
  Assistant Professor,
  Dr. Bhimrao Ambedkar University, Agra (Utter Pradesh)
- **Dr. AMBILI V. S.**
  Assistant Professor, Department of Hindi,
  N.S.S. College, Pandalam, Pathanamthitta Distt. University of Kerala.
- **Dr. Om Prakash Mehrara**
  Director, Shri Ramnarayan Dixit PG College, Srivijaynagar, Distt. Anupgarh (Rajasthan)
- **Dr. Anju Bala**
  Assistant Professor Hindi,
  Guru Nanak Girls College, Yamunanagar-135001
- **डॉ. श्रीमती अभिलाषा सैनी**
  प्राचार्य, स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय, मोपका, जिला-बलौदा बाजार, छत्तीसगढ़
- **डॉ. माया गोला,** असिस्टेंट प्रोफेसर, हिंदी विभाग, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा (उत्तराखंड)
- **डॉ. मोहित शर्मा**
  श्री सर्वेश्वर संस्कृत महाविद्यालय, निम्बार्क तीर्थ किशनगढ़, जिला अजमेर (राजस्थान)-305815
- **रजनी प्रिया**
  राँगाटाँड़ रेलवे कॉलोनी, क्वार्टर सं. 502/136, तरुण संघ क्लब दुर्गा मंदिर, धनबाद, लैण्डमार्क - नियर श्रमिक चौक, पोस्ट जिला-धनबाद, झारखंड-826001
- **डॉ. आँचल कुमारी,** असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी
  राम चमेली चड्ढा विश्वास गर्ल्स कॉलेज गाजियाबाद चौधरी चरणसिंह युनिवर्सिटी, मेरठ (उ. प्र.)
- **डॉ. सरिता भवानी मालवीय**
  असिस्टेंट प्रोफेसर, फैकल्टी ऑफ लॉ.,
  आर.के.डी.एफ. विश्वविद्यालय, भोपाल (मध्यप्रदेश)
- **डॉ. संदीप कुमार,** असि. प्रोफेसर, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, कन्हैयालाल मानिकलाल मुंशी हिंदी तथा भाषाविज्ञान विद्यापीठ, डॉ. भीमराव अम्बेडकर वि.वि., आगरा
- **डॉ. प्रमोद नाग**
  सहायक प्राध्यापक, आचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ ग्रेजुएट स्टडीज, बेंगलुरु-560107
- **पल्लवी आर्य**
  असि. प्रोफेसर, भाषाविज्ञान विभाग, के.एम.आई. डॉ. भीमराव अम्बेडकर वि.वि., आगरा
- **डॉ. अमित कुमार सिंह**
  डी. लिट्., असि. प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, के.एम. आई., डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
- **कोकिला कुमारी**
  शोद्यार्थी, हिंदी विभाग, राँची वि.वि. राँची, झारखंड
- **गोस्वामी सोनीबाला**

शोधार्थी – जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा, बिहार

- **डॉ. करुणेन्द्र सिंह**, असिस्टेंट प्रोफेसर
  रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग, गोरखपुर, बापू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पीपीगंज, गोरखपुर
- **डॉ. मीरा चौरसिया**
  चमनलाल महाविद्यालय लंढौरा, रुड़की, हरिद्वार, उत्तराखण्ड–247664
- **Dr. Vimal Parmar**
  Assistant Prof. Rajasthan P.G. Law College, Chirawa , Rajasthan
- **डॉ. तनु श्रीवास्तव**
  असिस्टेंट प्रोफेसर (अर्थशास्त्र), स्कूल ऑफ सोशल साइंस, देवी अहिला विश्वविद्यालय, इन्दौर
- **डॉ. कुमारी लक्ष्मी जोशी**
  उप–प्राध्यापक, केंद्रीय हिन्दी विभाग
  त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू, नेपाल
- **Dr. Archana Tiwari** , Assistant Professor , History and Indian Culture, Uni. Rajasthan, Jaipur
- **डॉ. जगदीप दुबे**
  सहायक प्राध्यापक वाणिज्य (म.प्र.), शासकीय आदर्श महाविद्यालय, डीनडोरी (म.प्र.)
- **डॉ. चन्द्रशेखर सिंह**
  समाज कार्य विभाग, काशी विद्यापीठ, वाराणसी
- **लेफ्टि. डॉ. सन्दीप भांभू**
  शारीरिक शिक्षा विभाग, टॉटिया वि.वि. श्रीगंगानगर

Request to Writers

Send quality original and unpublished works written on language, literature, society, science and culture. For publication, along with the translated works, also send the letters of consent received from the original authors. Compositions should be typed in Hindi Unicode Mangal font, English Time Roman. At the beginning of the article, a summary of the article is required which should be between 150 to 200 words maximum. The abstract must reflect the purpose of writing the article. Also write 5 to 7 'key words' (seed words) according to the article.

Write the article by dividing it appropriately into subheadings. Be sure to give a conclusion at the end of the article. The word limit should be 2000 to 2500 words. List of bibliographies at the end of the article APA Be in the format of. While sending the article, please write your name, address, phone number and title of the article in the e-mail. Submit a declaration to the effect that the article is original, unpublished, the author and not the editorial board will be responsible for any dispute related to it in future.

At the end of the composition, mention your complete postal address, mobile number and e-mail address.

- Editor

लेखकों से निवेदन

भाषा, साहित्य, समाज, विज्ञान एवं संस्कृति पर लिखी गयी स्तरीय मौलिक तथा अप्रकाशित रचनाएं भेजें। प्राकशनार्थ अनूदित रचनाओं के साथ मूल लेखकों से प्राप्त सहमति पत्र भी भेजें। रचनाएँ हिंदी यूनिकोड मंगल फान्ट अंग्रेजी टाइम रोमन में टंकित होनी चाहिए। लेख के प्रारंभ में लेख का सार अपेक्षित है जो अधिकतम 150 से 200 शब्दों के मध्य हो। सार में लेख लिखने का उद्देश्य अवश्य परिलक्षित होना चाहिए। लेख के अनुरूप 5 से 7 (की वर्ड) (बीज शब्द) भी लिखें। लेख को यथोचित उपशीर्षकों में विभाजित करके लिखें। लेख के अंत में निष्कर्ष अवश्य दें। शब्द सीमा 2000 से 2500 शब्दों की हो। आलेख के अंत में संदर्भ ग्रंथों की सूची ए.पी.ए. के प्रारूप में हो। लेख भेजते समय अपने नाम, पता, फोन नंबर एवं लेख का शीर्षक ई-मेल में अवश्य लिखें। इस आशय का एक घोषणा-पत्र प्रस्तुत कर दें कि लेख मौलिक है, अप्रकाशित है, भविष्य में इससे संबंधित किसी भी विवाद के लिए लेखक उत्तरदायी होंगे संपादक मंडल नहीं।

रचना के अंत में अपना पूरा डाक पता, मोबाइल नंबर और ई-मेल पता अंकित करें।

-संपादक

प्रकाशित पत्रिका प्राप्त करने के लिए संपर्क करे :
सानिया पब्लिकेशन, दिल्ली-110094
मोबाइल : 9818128487, 8383042929

ISSN : 2348-5639

SHODH SAMALOCHAN

AN INTERNATIONAL PEER REVIEWED, REFEREED MULTIDISCIPLINARY
& MULTIPLE LANGUAGES QUARTERLY RESEARCH JOURNAL
UGC Valid Journal (The Gazette of India, Extraordinary Part III, Section 4, Dated July 18, 2018)

Table 2

Methodology for University and College Teachers for calculating Academic/Research Score

(Assessment must be based on evidence produced by the teacher such as: copy of publications, project sanction letter, utilization and completion certificates issued by the University and acknowledgements for patent filing and approval letters, students' Ph.D. award letter, etc,.)

S.N.	Academic/Research Activity	Faculty of Sciences /Engineering / Agriculture / Medical /Veterinary Sciences	Faculty of Languages / Humanities / Arts / Social Sciences / Library /Education / Physical Education / Commerce / Management & other related disciplines
1.	**Research Papers in Peer-Reviewed or UGC listed Journals**	08 per paper	10 per paper
2.	**Publications (other than Research papers)**		
	(a) Books authored which are published by ;		
	International publishers	12	12
	National Publishers	10	10
	Chapter in Edited Book	05	05
	Editor of Book by International Publisher	10	10
	Editor of Book by National Publisher	08	08
	(b) Translation works in Indian and Foreign Languages by qualified faculties		
	Chapter or Research paper	03	03
	Book	08	08
3.	**Creation of ICT mediated Teaching Learning pedagogy and content and development of new and innovative courses and curricula**		
	(a) Development of Innovative pedagogy	05	05
	(b) Design of new curricula and courses	02 per curricula/course	02 per curricula/course

202, Old Housing Board, Bhiwani, Haryana-127021

संपादकीय

प्रिय पाठकों,

वर्तमान समय संक्रमण और संघर्ष का काल है—आशाओं के पुनर्निर्माण और मूल्यों के पुनर्पाठ का समय। जब वैश्विक परिदृश्य में अस्थिरता, कृत्रिमता और आत्मकेन्द्रितता अपनी चरम अवस्था में है, तब साहित्य और समालोचना की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। शोध समालोचन का यह तिमाही अंक इसी चेतना से प्रेरित है।

इस अंक में हमने विविध विमर्शों, काव्य प्रवृत्तियों, लोकधर्मी साहित्य और समकालीन आलोचनात्मक दृष्टियों को समेटने का प्रयास किया है। हमारी यह मान्यता रही है कि साहित्य का मूल्य केवल रचना तक सीमित नहीं होता, बल्कि उसका विश्लेषण, संवाद और सामाजिक संदर्भों में पुनर्पाठ ही उसकी आत्मा को व्यापक बनाता है।

इस अंक में प्रकाशित आलेखों में आप हिंदी साहित्य के विविध पक्षों—जैसे दलित विमर्श, स्त्रीवाद, लोक साहित्य, उत्तरआधुनिकता और नई आलोचना—की विश्लेषणात्मक छवियाँ देखेंगे। शोधार्थियों और नवलेखकों की दृष्टि का समावेश भी हमारे लिए उत्साह का विषय है, जो यह संकेत देता है कि आने वाला बौद्धिक परिदृश्य भी चिंतनशील और जिज्ञासु होगा।

इस बार हम विशेष रूप से उन रचनाकारों और आलोचकों को धन्यवाद देना चाहेंगे जिन्होंने अपने लेखों के माध्यम से साहित्यिक विमर्श को और भी समृद्ध किया। साथ ही हम अपने पाठकों से यह अपेक्षा भी करते हैं कि वे अपने सुझावों और प्रतिक्रियाओं के माध्यम से इस संवाद को आगे बढ़ाएँ।

आज जब 'सच' और 'प्रदर्शन' के बीच की दूरी बढ़ती जा रही है, तब यह आवश्यक है कि हम अपने समय के सवालों से आँख मिलाएँ और रचनात्मक ईमानदारी के साथ संवाद करें। शोध समालोचन इसी दिशा में एक विनम्र प्रयास है।

वसंत की सुगंधि के साथ जब पृथ्वी हरियाली की चादर ओढ़ती है, तब सृजनशीलता भी अपने उत्कर्ष की ओर बढ़ती है। अप्रैल, मई और जून का यह त्रैमासिक अंक न केवल ऋतु-परिवर्तन का साक्षी है, बल्कि विचार, विमर्श और बौद्धिक चेतना के नव अंकुरण का परिचायक भी है।

आज जब दुनिया तकनीक और त्वरित सूचनाओं की दौड़ में भाग रही है, तब साहित्य, समाज और संस्कृति से जुड़े गंभीर विमर्शों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। शोध और समालोचना न केवल हमारे अतीत की पड़ताल करते हैं, बल्कि वर्तमान को समझने और भविष्य को दिशा देने का आधार भी प्रदान करते हैं।

इस अंक में प्रस्तुत लेख और शोध-पत्र विविध विषयों को स्पर्श करते हुए एक व्यापक बौद्धिक फलक रचते हैं। साहित्य में स्त्री-विमर्श, दलित चेतना, भाषाई विविधता, लोक-संस्कृति की पुनर्व्याख्या, और साथ ही समकालीन हिंदी काव्य के बदलते स्वर—इन सभी पर गहन दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया है।

हमारे लेखकगणों ने अपनी विद्वता और संवेदनशील दृष्टि से न केवल अकादमिक जगत को समृद्ध किया है, बल्कि पाठकों के मन-मस्तिष्क को भी झकझोरने का प्रयास किया है। हमें गर्व है कि 'शोध समालोचन' अब मात्र एक पत्रिका नहीं, बल्कि एक विचारधारा का मंच बन चुका है—जहाँ हर कलम सवाल उठाती है, समाधान ढूँढ़ती है, और नवोन्मेष को जगह देती है।

आशा है, यह अंक भी पाठकों के मन में नए विचारों का संचार करेगा और संवाद की संस्कृति को और प्रगाढ़ बनाएगा। आप सभी का सतत स्नेह, सहयोग और सुझाव ही हमारी प्रेरणा हैं। आइए, हम सब मिलकर ज्ञान और चिंतन की इस यात्रा को और भी सार्थक बनाएं।

- नरेश कुमार सिहाग
संपादक
शोध समालोचन

विषयानुक्रमणिका

संपादकीय 6

नरेश मेहता के खंडकाव्य में सांस्कृतिक मूल्य 10
सुरेश एच मेडा
डॉ. बी. आर. बोदर

नागार्जुन की वैचारिकी में सामाजिकता-बोध 16
डॉ. मंटू कुमार साव

कुँवर नारायण की कविता में मिथकों का अतिक्रमण : एक समकालीन दृष्टिकोण 20
डॉ. अनिता कुमारी जाट

अभिजात्य एवम् सामान्य वर्ग की छात्राओं की शैक्षिक अभिप्रेरणा का अध्ययन 23
डॉ. महेश कुमार शर्मा

Beyond Utility: The Intrinsic Value of Justice in the Human Experience 28
Dr. Gauranga Das

The Relevance of Sanskrit to Botany: A comparative study 33
Naresh Kumar
Prof. Sushma Devi

भारतीय काव्यशास्त्र में रस का आत्मत्व रूप : एक समीक्षात्मक अध्ययन 37
वीणा शर्मा
प्रोफेसर सुषमा देवी

भारत में नेपाली सैनिकों की भूमिका का सांस्कृतिक मूल्यांकन 40
डॉ. जितेन्द्र कुमार

भारतीय परिपेक्ष्य में सामाजिक आंदोलन का अवधारणात्मक स्वरूप 44
डॉ. अग्नि देव

ई-गवर्नेंस की सफलताऐं, सीमाऐं एवं सम्भावनाऐं 50
डॉ. कौशल कुमार सैन

राम मनोहर लोहिया का समाजवादी-सांस्कृतिक चिंतन 55
डॉ. दयाचंद

रामायणमञ्जरी में मन्त्रिमण्डल विधान 62
रोहितकुमार
डॉ. विद्याधर सिंह

Challenges and Opportunities of Implementing Feminist Foreign Policy in South Asia's Male-Dominated Political Landscapes 65
Mr. Sagar Gopal Rathod
Dr. Shriniwas Sayanna Bhandare
From Classroom to Command: How On-Job Training Transforms Future Administrators and political Leadership 70
Mr. Sagar Gopal Rathod
कामागाटा मारू : सिखों के संघर्ष की अद्‌भुत-अनोखी दास्तान 75
डॉ. रणजीत सिंह अरोरा 'अर्श'
भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं की भूमिका 80
डॉ. आशीष कुमार साव
डॉ. सुमन सचदेवा के काव्य संग्रह 'मैं कहाँ?' के भाव पक्ष का विश्लेषण 88
डॉ. हरिभजन प्रियदर्शी
किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर सोशल मीडिया का प्रभाव 93
स्वाती सिंह
ठाकुर का कुआँ : दलित जीवन की त्रासदी 98
प्रो. (डॉ.) रामकृष्ण
रीता मौर्य
Ectoparasitic Infestations in Dairy Cows: Their Influence on Growth, Weight Gain, and Milk Production in Purvanchal 101
Ramesh Chandra Yadav, Dr. Satyendra Kumar Yadav,
Dr. Kunvar Dileep Pratap Singh, Dr. Ajay Kumar Singh
The Role of AI in Sustainable Development 106
Dr.Vidhya.P.
Dr.Reka.
Dr. Sajitha. J.
स्वातन्त्र्योत्तर संस्कृत महाकाव्यों में राष्ट्रवाद 111
शिवराज मीणा
आधुनिकताबोध और सर्वेश्वर का कथा-साहित्य 117
डॉ. बिक्रम कुमार साव
To Develop A Machine Learning Driven Webapp With Integration of Internet of Things 121
Dipmala Bhagwat Trimukhe
Dr. Rahul Kumar Budhania
Analysis of Parental Views on Inclusive Education for Their Children with Intellectual Developmental Disabilities (Divyangjan) 129
Usha Lata
Dr. Anita Sharma
Corporate Breach of Contract and The Role of Specific Performance Under Indian Contract Law 137
Hrishikesh Ram More
Dr. Vijaymala
रीवा शहर में वृद्ध महिलाओं की परिवार में स्थिति का समाजशास्त्रीय अध्ययन 143
डॉ. दीपिका शुक्ला

TEMPLE ADMINISTRATION IN COLONIAL AND POST-COLONIAL INDIA BETWEEN THE PERIOD 1863 TO 1983 149
Ashish Ranjan Tiwari
Ajit Kumar Bajpai
मशीन लर्निंग आधारित एल्गोरिद्म द्वारा मधुमेह पूर्वानुमान : एक व्यावहारिक अध्ययन 157
के के इश्विता श्री
AI-Driven Cognitive Behavioural Therapy for Early Detection and Support in Mental Health 162
K K Ishvintha Sree
ARTIFICIAL INTELLIGENCE AND CRIMINAL LIABILITY 169
Soundara Rajendren Nayagi
भारतेन्दुयुगीन निबंधों में राष्ट्रीय सांस्कृतिक मूल्य 179
डॉ. प्रियंका
मृदुला गर्ग के 'कठगुलाब' उपन्यास में नारी-जीवन का बदलता दृष्टिकोण 181
डॉ. पल्लवी मिश्रा
विद्यार्थी शिक्षकों की चुनौती स्वीकार्यता का उनके व्यक्तित्व पर प्रभाव 184
प्रो. वंदना गोस्वामी
शालिनी चावला
हरियाणा की लोक वाणी में गाँधी : एक अध्ययन 190
डॉ. रितु पूनिया
डॉ. रश्मि गुर्जर
राजस्थान में पंचायतीराज एवं ई व ईजी गवर्नेस : चुनौतियां और समाधान 194
अशोक कुमार मीणा
डॉ. राजेश कुमार शर्मा

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

नरेश मेहता के खंडकाव्य में सांस्कृतिक मूल्य

सुरेश एच मेडा
शोधार्थी
श्री गोविंद गुरु विश्व विद्यालय गोधरा, विंज़ोल
विनियन विध्याशाखा

डॉ. बी. आर. बोदर
मार्गदर्शक, कार्यकारी आचार्य
नवजीवन आर्ट्स एवं कॉमर्स कॉलेज, दाहोद
श्री गोविंद गुरु विश्व विद्यालय गोधरा, विंज़ोल

सारांश

यह शोध पत्र प्रसिद्ध हिंदी कवि नरेश मेहता के खंडकाव्यों में निहित सांस्कृतिक मूल्यों का साहित्यिक विश्लेषण प्रस्तुत करता है। नरेश मेहता की रचनाओं में भारतीय संस्कृति की गहराई, परंपरा, धार्मिक चेतना, सामाजिक संबंध और मानवीय संवेदना का सुंदर समन्वय मिलता है। उनके खंडकाव्य ''संशय की एक रात'', और "प्रवाद पर्व'', खंडकाव्य का अध्ययन किया गया है। इस शोध में प्रमुख कवयांशों के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया है कि नरेश मेहता भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को किस प्रकार आधुनिकता के साथ जोड़ते हैं और पाठक के अंतर्मन को झकझोरते हैं। यह अध्ययन साहित्यिक दृष्टि से उनके काव्य की सांस्कृतिक चेतना और प्रतीकात्मकता को उद्घाटित करने का प्रयास करता है।

शब्द कुंजी : खंडकाव्य, सांस्कृतिक मूल्य, भारतीय संस्कृति, साहित्य।

प्रस्तावना

नरेश मेहता भारतीय अस्मिता और सांस्कृतिक सम्पन्नता के कवि हैं। हमारे दर्शन, धर्म, संस्कृति आदि ने आत्मबोध और चेतना की ऊर्ध्वता के शिखरों का सदैव स्पर्श किया है। उनके काव्य की जमीन समसामयिक स्थितियों को गहरा स्पर्श देती हुई शाश्वत, जीवन-मूल्यों को तलाशने में प्रज्ञा शिखर की सदियों का प्रत्यय बन गई है। उसमें युग सन्दर्भों के अनुकूल जीवन सत्य की पकड़, ऊर्ध्वगामी चेतना और अमानवीय हालातों से टकराने की ताकत है। प्राचीन इतिहास उनकी संस्कृति-केन्द्रित सांस्कृतिक मूल्य का एक महत्त्वपूर्ण विषय है। इसीलिए उनका काव्य भारतीय सांस्कृतिक सम्पन्नता का काव्य है। और मानवीय विलास के हर पहलू को साथ लेकर चला है।

नरेश मेहता की सांस्कृतिक चेतना की सबसे केन्द्रीय धारा उनकी उदात्तत्ता है। भारतीय संस्कृति और भारतीय चिन्तन का सबसे केन्द्रीयपक्ष भी उसकी उदात्तत्वा ही है। संकीर्णता, प्रतिशोध, हिंसा जैसी भावनाओं से क्रमशः उठते चले जाना भारतीय संस्कृति से क्रमशः संसृक्त होते जाना है। उदात्तता ही उसे उस महाकरुणा और विराट् संवेदना की अनुभुति से सिंचित करती है। जहाँ सारा विश्व अपनी मंगलिक छवियों से उसे सम्मोहित करता रहता है।''

सांस्कृतिक मूल्यों की अभिव्यक्ति ष्संस्कृति, किसी देश, जाति अथवा मानव के इन आन्तरिक गुणों की समष्टि का नाम है जो उसके आचार-विचार, कार्य-कलाप एवं जीवन-पद्धतियों में अभिव्यक्त होती है। मानव अपने सांस्कृति गुणों मूल्यों के कारण एक-दूसरे से चरित्र, धर्म, नैतिकता आदि में भिन्न व्यक्तित्व वाला होता है। प्रत्येक जाति, देश अथवा व्यक्ति के भी

भिन्न परिवेश में चलने के कारण, भिन्न-भिन्न सांस्कृतिक मूल्य होते हैं। सांस्कृतिक मूल्यों की अभिव्यक्ति, हमारे भावों, विचारों एवं व्यवहारों द्वारा होती है। हमारी संस्कृति के गुण या मूल्य हैं-दया, प्रेम, करुणा, सहानुभूति, सत्य, अहिंसा, परोपकार, आस्था, श्रद्धा, क्षमा, उदारता, विश्व-बन्धुत्व की भावना, त्याग एवं संयम तथा सदाचार आदि मनुष्य पदार्थत्व के स्थान पर चेतनत्व का अनुभव करे यही नरेश मेहता की आध्यात्मिक तथा सांस्कृतिक चेतना का आशय है। नरेश मेहता का काव्य मानवीय विलास के हर पहलू को साथ लेकर चलता है। कहने का आशय यह है कि नरेश मेहता का काव्य इसी सुद्ध भूमिका पर खड़ा हुआ है। इनका काव्य भारतीय सांस्कृतिक सम्पन्नता का काव्य है।

शोध पत्र (उद्देश्य)

1. नरेश मेहता के खंडकाव्यों में सांस्कृतिक मूल्यों की पहचान करना।
2. भारतीय परंपरा एवं मिथकों के उपयोग का विश्लेषण करना।
3. खंडकाव्य शैली में सांस्कृतिक चेतना की प्रस्तुति को समझना।

नरेश मेहता के खंडकाव्यों में सांस्कृतिक मूल्य

(1) कर्म मूल्य

'कर्म' भारतीय संस्कृति का मूलाधार एवं उसकी चेतना का प्राणतत्त्व है। निष्क्रिय जीवन को हमारी परंपरा में शून्य व निरर्थक माना गया है। भगवद्गीता में श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश देते हुए स्पष्ट करते हैं कि संबंधों और मोह-माया की चिंता त्यागकर उसे स्वधर्मानुसार कर्म में प्रवृत्त होना चाहिए, अन्यथा वह आत्मिक अधःपतन का शिकार हो जाएगा। कर्म ही मानव का सच्चा धर्म है, जो उसे पुरुषार्थ की ओर उन्मुख करता है। सतयुग से कलियुग तक, प्रत्येक युग में यह सिद्धांत अक्षुण्ण रहा है कि मनुष्य अपने कर्मों के अनुसार ही फल का भागी होता है। कर्म के ही अनुसार उसकी गति, दिशा और स्थिति निर्धारित होती है। श्रीकृष्ण का यह अमोघ वाक्य 'कर्म करो, फल की चिंता मत करो' मानव जीवन का शाश्वत सूत्र है।

कवि नरेश मेहता के काव्य-संसार में भी कर्म का भावबोध अत्यंत प्रमुख है। उनके अनुसार कर्म न केवल संस्कृति का अविभाज्य अंग है, वरन् यह मानव अस्तित्व से अविच्छिन्न रूप से सम्बद्ध है।कर्म में मनुष्य का विश्वास अगर मनुष्य अपने कर्म और वचनों पर स्थिर रहता है तो उसे कोई भी ताकत विचलित नहीं कर सकती। वह अंततः अपने लक्ष्य को जरूर प्राप्त करता है। "संशय की एक रात"के राम कर्म में विश्वास रखते हैं। गीता में भी कर्म की ही प्रधानता है इसीलिए राम भी कहते हैं कि मनुष्य के कर्म कोई भी नहीं छीन सकता मनुष्य को कर्म में विश्वास करना चाहिए–

''किन्तु
किन्तु यह असम्भव है
बन्धु। यह असम्भव है
कर्म और वर्चस को
छीन सके कोई भी
जब तक हम जीवित है।''

यहाँ लक्ष्मण का कर्म पर विश्वास है। लक्ष्मण कर्म करने से कभी पीछे नहीं हटते। वे कर्मठ व्यक्ति हैं। वे लंका की चुनौती को स्वीकार करते हैं अपने कर्म को पहचानते हैं उन्हें युद्ध स्वीकार्य है। पर राम के माथे पर पड़ी चिन्ता की रेखाएँ स्वीकार्य -नहीं हैं। वे राम की सेवा करना अपना धर्म अपना कर्म समझते हैं। उनके रास्ते में आई बाधाओं को हटाने में अपने आपको कुर्बान करने के लिए भी तत्पर रहते हैं–

''लंका यदि ध्रुव पर भी होती तो
भाग नहीं पाती बन्धु!
लक्षमण के पौरुष से।

कर्म की चुनौती
मुझे स्वीकार है
अग्निकुण्ड की माथे पर
राम के माथे पर
चिन्ता की रेखा
देख नहीं सकता।''

कर्म के अनुसार ही मनुष्य की समृद्धि होती है कर्म के अनुरूप ही मनुष्य समाज में यश प्राप्ति करता है। कर्म करते समय मन में कोई विकार, शंका या संशय नहीं होनी चाहिए। कर्म ऐसा करो कि यश की प्राप्ति हो। इसी बात को दशरथ की छाया राम से कहती है–

''पुत्र मेरे!
संशय या शंका नहीं
कर्म ही उत्तर है
यश जिसकी छाया है
उस कर्म को करो।''

'कर्म मूल्य' में ष्अलंग-कर्मष में प्रवाद पर्व में राम कहते हैं कर्म तटस्थहै, इससे कोई मुक्त नहीं हो सकता। मनुष्य जैसे कर्म करता है वैसी ही उसे प्राप्ति होती है। कर्म के अधीन ही मनुष्य सब कुछ करता है कर्म से यदि कोई भागवा चाहे तो यह सम्भव नहीं है–

''कर्म के इस तटस्थ
भागवत अनुष्ठान से
कोई मुक्ति नहीं
कोई कृति नहीं।''

(2) अहिंसा मूल्य

भारतीय संस्कृति में अहिंसा को सर्वोच्च नैतिक मूल्य के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त है। महाकवि नरेश मेहता ने इस मूल्य को अत्यंत मार्मिकता से अभिव्यक्त करते हुए कहा है–''मुझे प्रतीत होता है कि भारतीय चेतना शेष मानवता से इस दृष्टि से भिन्न है कि हमारी सभ्यता की विकास यात्रा हिंसा से अहिंसा की ओर अग्रसर रही है, जबकि अन्य राष्ट्रों की यात्रा हिंसा से और भी घोर हिंसा की दिशा में बढ़ी है।''

यह कथन न केवल भारत के सांस्कृतिक मर्म को उद्घाटित करता है, अपितु यह भी दर्शाता है कि हमारे देश की आत्मा में करुणा, संयम और सहिष्णुता मूलभूत तत्व हैं। कई विचारकों की दृष्टि में अहिंसा केवल एक राजनीतिक नीति नहीं, बल्कि एक जीवन-दर्शन है, जिसे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आधुनिक युग में रामराज्य के आदर्श के रूप में पुनर्स्थापित किया। गांधी की अहिंसा, शक्ति का प्रतीक बनकर राष्ट्र को नैतिक उन्नयन की ओर ले गई।

नरेश मेहता का खंडकाव्य 'संशय की एक रात' में भी राम की अहिंसा के प्रति गहन आस्था को बड़ी सुंदरता से चित्रित किया गया है। राम उस भूमि पर, जो युद्ध और रक्तपात से लथपथ हो चुकी है, अपनी सीता को प्राप्त करने के इच्छुक नहीं हैं। उनका दृढ़ विश्वास है कि केवल अहिंसा के पथ पर चलकर ही वे अपनी प्रिया को प्राप्त कर सकते हैं। जब राम देखते हैं कि उनके अहिंसावादी सिद्धांतों को यथोचित स्थान नहीं मिल रहा, तो वे पीड़ा से भरकर लक्ष्मण से कहते हैं–

''तो-
समर्पित है तुम्हें
तुम्हारे अज्ञात बलों को,

इस क्षण के द्वारा
वृष्टि भीगे उस महाकाल की
समर्पित है यह
धनुष, बाण, खड्ग, और शिरस्त्राण
मुझे ऐसी जय नहीं चाहिए,
बाणबिद्ध पाखी सा विवश
साम्राज्य नहीं चाहिए।
मानव के रक्त पर पग धरती आती
सोता भी नहीं चाहिए
सीता भी नहीं।''

(3) सत्य

नरेश मेहता की काव्य-कृतियाँ न केवल सौंदर्यबोध का प्रतिपादन करती हैं, बल्कि वे जीवन के मूलभूत सत्यों की पहचान भी कराती हैं। उनकी रचनाओं में सत्य एक केंद्रीय मूल्य के रूप में उभरकर सामने आता है। उन्होंने आधुनिक युग की जटिलताओं और अंतर्द्वंद्वों को प्राचीन सांस्कृतिक परिवेश के आलोक में प्रस्तुत किया है। ष्संशय की एक रातष् के राम जब यह उद्घोष करते हैं—''मुझे रक्त पर पग धरती हुई सीता नहीं चाहिए,'' तो वह केवल एक भावनात्मक आवेग नहीं, बल्कि गहन नैतिक प्रतिबद्धता की उद्घोषणा है।

सत्य जब व्यक्ति के घेरे के बाहर निकल कर मानवता के बहू आयामी संदर्भों से जुड़ जाता है तो वह सत्या मानवता का अथवा मानवता के लिए समर्पित सत्या कहलाता है। इसी सत्या की सत्ता के लिए राम कहते हे।

"मैं सत्या चाहता हूं
युद्ध से नहीं
खड़ग से भी नहीं
मानव का मानव से सत्य चाहता हूं।
क्या यह संभव है?
क्या यह नहीं है?''

सत्य की परख के लिए जरूरी नहीं किसी बड़ी ऐतिहासिक घटना की गवाही किसी बड़े राजपुरुष अथवा किसी बड़े पंडित की जरूरत होती है। सत्य तो सत्य। यह स्वतः सिद्ध होता है। उसकी सत्ता कहीं भी सम्भव है। वह भी साधारण न में भी उतना ही उजागर है जितना कि एक इतिहास पुरुष में।

''यह कोई आवश्यक नहीं कि
सत्य अपनी ऐतिहासिक अभिव्यक्ति के लिए
यह कोई आवश्यक नहीं कि सत्य
अपनी ऐतिहासिक अभिव्यक्ति के लिए
केवल राजपुरुषों या
पंडितों को ही चुने।"

'सत्य मूल्य' की श्रेष्ठता सर्वोपरिता है। सत्य देश-काल इतिहास इन सबसे ऊँचा है। यहाँ तक कि यह मूल्यों में श्रेष्ठ भी है नरेश मेहता के राम सत्य के मूल्य को प्राथिमकता देते हैं जैसे—

"इतिहास से भी बड़ा मूल्य है
सत्य

परात्पर सत्य, ऋत–
और
यही तुम्हारी चरित्र-मर्यादा है
ऋतम्भरा व्यक्तित्व है।''

(4) त्याग

त्याग भारतीय संस्कृति का एक ऐसा मौलिक तत्त्व है, जिसने हमारे समाज को नैतिक दिशा देने का कार्य किया है। भारतीय संस्कारों की विशेषता यही रही है कि वे व्यक्ति के अंतर्मन में समर्पण, सेवा और परहित की भावना का बीजारोपण करते हैं। यह त्याग केवल किसी एक दिशा तक सीमित नहीं होता; कभी वह परिवार के लिए होता है, कभी समाज के लिए, कभी राष्ट्र के लिए और कभी संपूर्ण मानवता के लिए। व्यक्ति जब आत्मकेंद्रित इच्छाओं को त्यागकर व्यापक हित की ओर उन्मुख होता है, तब वही त्याग उसके चरित्र का आदर्श बन जाता है।

नरेश मेहता जैसे कवियों ने अपने काव्य में इस मूल्य को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से उद्घाटित किया है। उनका मानना है कि जब तक कोई काव्य रचना सांस्कृतिक मूल्यों की प्रतिष्ठा नहीं करती, तब तक वह केवल शिल्प या भाव की अभिव्यक्ति मात्र बनी रहती है। किसी भी कवि की रचना तभी सार्थक होती है जब उसमें संस्कृति के मूलभूत तत्त्व जैसे त्याग, धर्म, कर्तव्यबोध अंतर्निहित रूप में विद्यमान हों।

(5) करुणा

भारतीय संस्कृति का एक मूल्य ष्करुणाष भी है। उसी करुणा में यह भाव शक्ति है कि वह भयानक से भयानक युयुत्सा को महाकरुणा में डूबो कर शान्त कर देती है। नरेश मेहता इस करुणा से आर्द्र थे इसका दर्शन उनके खंडकाव्य में होता है तुलसी के राम चाहे शील, सौन्दर्य और शक्ति के अपूर्व समन्वय रहे हों, परन्तु ष्संशय की एक रातष के राम का अत्यन्त करुणामय स्वरूप चित्रित हुआ है नरेश जी ने राम के व्यक्तित्व में इस महाकरुणा की अवतारणा का चित्रण बड़े ही मार्मिक ढंग से किया है। राम के भीतर इसी महाकरुणा का ज्वार उमड़ता है जब वे कहते हैं–

''बन्धु!
ऐसा युद्ध
ऐसी विजय
ऐसी प्राप्ति
सब मिथ्यात्व है।
नरसंहार के व्यामोह के प्रति
वितृष्णा से भर उठा हूँ।''

''बन्धु!'' यह शब्द आत्मीयता, क्लांत मन और करुण पुकार का संकेत है। यह युद्ध में घायल अंतःकरण की आवाज़ है, जो मित्र को संबोधित कर अपने भीतर की वेदना को बाँटना चाहता है।

कवि कहता है कि ऐसा युद्ध, ऐसी विजय और ऐसी प्राप्ति सब मिथ्या है। क्योंकि यह सब मनुष्य के रक्त और करुण चीत्कार की कीमत पर प्राप्त हुआ है। युद्ध से उत्पन्न नरसंहार, जिसे पहले राष्ट्र-गौरव समझा जाता था, अब कवि को अत्यधिक पीड़ा और वितृष्णा दे रहा है।

(6) विश्व बंधुत्व

सांस्कृतिक मूल्यों में विश्व बन्धुत्व की भावना का मूल्य सर्वोपरि है। मानव अपने जीवन में अगर सुख चाहता है। तो वह समाज में भी समता एवं शान्ति चाहता है। और समस्त विश्व में आनन्द की वृष्टि चाहता है जिनके अन्दर लोक हित (विश्व-बन्धुत्व) की भावना होती है।

आधुनिक युग में ऐसी भावनाएँ देखने को बहुत कम मिलती हैं। नरेश मेहता आधुनिक कवि हैं। परन्तु इनका काव्य

आधुनिकता को ओढ़े हुए प्राचीनता की अभिव्यक्ति करता है। इनके खण्डकाव्य "संशय की एक रात" में राम अपनी समस्या की विश्व की समस्या बनाना नहीं चाहते वह जनमानस को विपति में नहीं डालना चाहते वह बेगुनाहों के खून से लथपथ धरती पर पग रखती सीता की नहीं पाना चाहते। राम सारे काव्य में यही कहते हैं सीता मेरी व्यक्तिगत समस्या है में इसे विश्व की समस्या नहीं मानता—

''युद्ध नहीं होगा
क्योंकि सीता का हरण
राम की व्यक्तिगत समस्या है।''

निष्कर्ष

नरेश मेहता का काव्य भारतीय संस्कृति की गहराई, उदात्तता और आध्यात्मिक चेतना का जीवंत साक्ष्य है। उनके साहित्य में धर्म, सत्य, अहिंसा, श्रद्धा, तप, त्याग, करुणा और विश्व-बंधुत्व जैसे सांस्कृतिक मूल्यों की सशक्त उपस्थिति है। वे न केवल प्राचीन सांस्कृतिक परंपराओं को आधुनिक सन्दर्भों में प्रस्तुत करते हैं, बल्कि मानव को पदार्थ से चेतना की ओर अग्रसर करने का मार्ग भी प्रशस्त करते हैं।

उनकी सांस्कृतिक दृष्टि किसी एक जाति या सीमित भूगोल तक सीमित नहीं, बल्कि वह समग्र मानवता के लिए मंगलभाव से प्रेरित है। यही कारण है कि उनका काव्य जीवन-मूल्यों की खोज, युगबोध और मानवतावादी संवेदना से परिपूर्ण एक समन्वित सांस्कृतिक उद्‌बोधन बन जाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची

- श्री नरेश मेहता, "संशय की एक रात" लोकभरती प्रकाशन, संस्करण 2023, पृष्ठ 60
- श्री नरेश मेहता, "प्रवाद पर्व" लोकभरती प्रकाशन, संस्करण 2010, पृष्ठ 23
- श्री नरेश मेहता, "प्रवाद पर्व" लोकभरती प्रकाशन, संस्करण 2010, पृष्ठ 32
- श्री नरेश मेहता, "प्रवाद पर्व" लोकभरती प्रकाशन, संस्करण 2010, पृष्ठ 35
- श्री नरेश मेहता, "संशय की एक रात" लोकभरती प्रकाशन, संस्करण 2023, पृष्ठ पृष्ठ 16
- श्री नरेश मेहता, "संशय की एक रात" लोकभरती प्रकाशन, संस्करण 2023, पृष्ठ पृष्ठ 17
- श्री नरेश मेहता, "संशय की एक रात" लोकभरती प्रकाशन, संस्करण 2023, पृष्ठ 24
- श्री नरेश मेहता, "संशय की एक रात" लोकभरती प्रकाशन, संस्करण 2023, पृष्ठ पृष्ठ 31
- श्री नरेश मेहता, "संशय की एक रात" लोकभरती प्रकाशन, संस्करण 2023, पृष्ठ पृष्ठ 32
- श्री नरेश मेहता, "संशय की एक रात" लोकभरती प्रकाशन, संस्करण 2023, पृष्ठ पृष्ठ 54
- श्री नरेश मेहता, "संशय की एक रात" लोकभरती प्रकाशन, संस्करण 2023, पृष्ठ पृष्ठ 60

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

नागार्जुन की वैचारिकी में सामाजिकता-बोध

डॉ. मंटू कुमार साव
सहायक प्राध्यापक, हिंदी विभाग
कालिम्पोंग कॉलेज, कालिम्पोंग- 734301
Email : shaw-mantoo@rediffmail.com

सारांश

नागार्जुन को प्रगतिशील काव्यधारा के आधार पर उनकी वैचारिकी का मूल्यांकन किया जाता है और मूलतः कवि के आधार पर साहित्य सृजन में एक तरह से पहचाना जाता हैं। इसके अलावा इनके उपन्यास को देखता जाता है। परन्तु काव्य-कथा साहित्य से इतर जब इनके कथेत्तर साहित्य पर नजर देते हैं तो सबसे पहले नागार्जुन के निबंध विधा की वैचारिकी से दर्शन होगा। जिसपर बहुत कम लिखा गया है। यह लेख नागार्जुन के निबंध विधा में छिपे वैचारिकी को सामने लाने का एक प्रयास है। वास्तव में नागार्जुन की काव्य-सृजन और कथा-भूमि की अनुहारिता में ही उनके निबंध भी प्राणवंत हैं।

प्रस्तावना

नागार्जुन की वैचारिकी किसी एक वाद से प्रभावित होकर जनवादी नहीं बनी है बल्कि कई वाद,कई युग और कई आंदोलनों से गुजरे हए नागार्जुन के रचना खण्डों में वैविध्यता के साथ एक प्रगतिशील वैचारिकी भी रही है। यही कारण है कि उनकी रचना में किसी वाद, आंदोलन के प्रति अंतर्विरोध या फिर संगति का होना स्वाभाविक-सा हो जाता है। कुछ लोग यह आरोप लगाते हैं कि नागार्जुन की विचारधारा अस्पष्ट है और अंतर्विरोधों से घिरी हुई है। नागार्जुन न तो विचार के दायरे गढ़ पाये हैं और न गढ़े हुए दायरे में अपने को रख पाये हैं। वे जिस विचारधारा को लेकर चलते हैं, वहाँ वह उसे युगीन समस्याओं के समाधान में सक्षम दीखते हैं और जहाँ अक्षम जान पड़ते हैं तो अपनी सोच की दिशा बदल देते हैं। वास्तव में उनकी वैचारिकी उत्पीड़ित जनता और शोषित तबके के लोगों से अपने को मुक्त नहीं कर पाते इसीलिए उनमें संस्थागत वैचारिक अस्थिरता है, किन्तु वर्गीय प्रतिबद्धता रचनाकार की राजनीतिक विचारधारा को स्पष्ट करती है और नागार्जुन की प्रतिबद्धता शोषित वर्ग और आम जन के साथ है।

बीज शब्द : चिन्तनोद्रभास, सिंहल-प्रवास, शख्सियत, राज्याश्रय, मशक्कत, भ्रष्टाचार, वैचारिकी, प्रतिबद्धता, लोकबन्धुत्व।

निबंध अभिव्यक्ति की बड़ी शक्तिमती विधा है, जिसमें जीवन-तृप्त, कला-द्विप्त, अभिजन-गंधी, साहित्यसाधकों जैसा लालित्योल्लास और चिन्तनोद्रभास ही नहीं, जीवन-संघर्षी, मूल-संधानी, लोकबन्धुत्व, शब्दकर्मी की जिजीविषा, भावोदिशा विचारोदिशा का अन्तर्भास देखने को मिलेगा। नागार्जुन जैसे कलमजीवी और साहित्यव्रती के लिए तो यह सब प्रकार से प्रग्राह्य और उपयोगी सिद्ध होता है। "बन्धन से मुक्ति का आग्रह यदि बाबा के व्यक्तित्व की केन्द्रीय पहचान है तो पूर्णतरू स्वच्छन्द विचाराभिव्यक्ति निबंध विधा की निजी मांग और वैशिष्ट्य है।"[1] सम्भवतः व्यक्तित्व और साहित्य की इस विधा की इस सूक्ष्म

अन्तर्एकता ने ही नागार्जुन को निबंध की ओर मुड़ने के लिए मजबूर किया। सच तो यह है कि नागार्जुन अपने विचारों की अभिव्यक्ति में तनिक भी संकोच नहीं करते हैं चाहे वह साहित्य की कोई भी विधा क्यों न हो। लेकिन अन्य विधाओं की तुलना में नागार्जुन अपनी बातों को सीधे-सीधे जन-सामान्य तक पहुँचाने के लिए निबंध को ज्यादा प्रश्रय देते हैं। वास्तव में " सिंहल-प्रवास के दौरान नागार्जुन वामपंथी विचारधारा के संवाहक बन चुके थे और वहीं 'लंकासम-समाज' के नेताओं से संपर्क गहरा होता गया। इधर भारत के किसान-आन्दोलन के नेता स्वामी सहजानंद से पत्र-व्यवहार चल रहा था। स्वामी सहजानंद के अतिरिक्त नागार्जुन का संपर्क सुभाषचंद्र बोस से भी हुआ था।"[2] महान विभूतियों से ही प्रभावित होकर ही नागार्जुन सम्पूर्ण मानवता के सहज प्रहरी बनकर अपनी आवाज बुलंद करते रहे हैं।

नागार्जुन के निबंध साहित्य में विषयगत विभिन्नता है। ''भाषा, साहित्य, इतिहास, समाज, भूगोल, संस्कृति, धर्म, साहित्यिक व्यक्तित्व आदि से सम्बन्धित विषयों पर तो उन्होंने लिखा ही, आम जन-जीवन की समस्याओं, यथार्थों, गैर-जरूरी-से लगने वाले प्रकरणों पर भी लिखा, जैसे मशक्कत की दुनिया, दिमागी गुलामी, सत्यानाश जल-प्रलय, बमभोलेनाथ, सर्कस रू कलकत्ते में आदि।"[3] उपर्युक्त सभी निबंधों में बिना किसी भाषिक कलावादी के नागार्जुन ने सर्वाधिक निबंध साहित्य और भाषा से सम्बन्धित लिखे हैं। 'उपन्यास ही क्यों' शीर्षक निबंध में आमजन के प्रति नागार्जुन की चिंता स्पष्ट भाव से दिख जाती है। वह मानता हैं कि आज के समय में किस तरह का उपन्यास पढ़ा जा रहा है। आमजन द्वारा जो किताबें पढ़ी जा रही हैं, उनमें पंचानवे फीसदी घासलेट उपन्यासों की संख्या ज्यादा है, जिसमें आम समस्या से इतर इश्क और जासूसी उपन्यासों की बाढ़-सी है। यही कारण है कि नागार्जुन अपने को 'मैं कवि हूँ अपनी जनता का' की भावभूमि पर खड़ा देखते हैं। वह कहते हैं कि "बड़ा साहित्यकार बनने की मेरी अभिलाषा नहीं है, क्योंकि उससे जन-सम्पर्क टूट जाएगा। मैंने साधारण जनता के बीच रहकर ही लिखना पसन्द किया है। मैं अपने को स्वयंसेवक मानकर पुस्तकें लिखता हूँ।"[4] वास्तव में एक रचनाकार के रूप में नागार्जुन सामाजिक विसंगतियों को समझते हैं और जनता के हक़ में अपनी बात रखते हैं। यही कारण है कि "नागार्जुन का व्यंग्य कहीं-कहीं अतितीक्ष्ण बनाकर औचित्य की सीमा का उल्लंघन कर उठता है।"[5]

'राज्याश्रय और साहित्य-जीविका' शीर्षक निबंध में नागार्जुन आगे लिखते हैं- "प्रेमचन्द ने एक पत्र में किसी को लिखा था कि "साहित्यकार को जीविका के लिए छोटी-मोटी नौकरी जरूर कर लेनी चाहिए। हर समझदार आदमी प्रेमचंद की इस बात का समर्थन करेगा। बंकिम, शरद, प्रेमचंद - कई साहित्यकार हो गये हैं जिन्होंने चाकरी भी की और साहित्य का निर्माण भी किया। शरद और प्रेमचंद ने तो बाद में नौकरी भी छोड़ दी, उसके बाद उनका सारा वक्त लिखने में ही बीता। ... बंगाल-महाराष्ट्र-गुजरात-तमिलनाडु-आंध्र-केरल-मैसूर-पंजाब आदि कई क्षेत्रों में इस कोटी के साहित्यकार मिलेंगे।"[6] नागार्जुन ऐसी रचना को नकार देते हैं जो विज्ञापन, राजदरबारी, उच्चाधिकारियों-मिनिस्टरों के लिए तैयार किया गया भाषण या फिर व्यक्ति प्रशंसा-पुराण हो। वह इसे जनहित के लिए लाभकारी नहीं मानते।" नागार्जुन की पूरी शख्सियत में अखिल भारतीय प्रभाव जज्ब होते चले गए हैं। उन्हें भारत के हर प्रदेश के रूप-रंग-गंध, भाव और भाषाएँ उनकी अपनी माँ-बोली मैथिली के मुकाबले हेय, फूहड़, करख्त, बडबोली उठाईगीर नहीं लगतीं।"[7] वास्तव में नागार्जुन के निबन्धों में उनका व्यक्तित्व नहीं बल्कि समूचा जन-चरित्र झलकता है।

'एक व्यक्ति : एक युग' शीर्षक निबंध में नागार्जुन लेखनी की ईमानदारी और समाज के प्रति समर्पण का भाव दिखाते हुए राहुल सांकृत्यायन के बारे में लिखते हैं कि "प्रतिष्ठा और सम्मान के पीछे वह कभी नहीं दौड़ा। बड़े से बड़े संकट की परवाह नहीं की। केवल स्वरनस्थ रहकर ही अनागत की आगवनी करना उसे असह्य रहा, रतजगा करके उसने अपने सपनों को रूप दिया और आकार प्रदान किया, फिर उसने प्राण-प्रतिष्ठा की है। बहुधा ऐसा अवसर आया जब कि अपना प्रिय औजार एक ओर रख वह उठा और स्वाधीनता-कामी सैनिकों की अगली कतार में जा खड़ा हुआ। एकाधिक बार उसका शरीर क्षत-विक्षत हुआ, स्वतन्त्रता के शत्रुओं ने उसका सर तक फोड़ डाला था।"[8] वास्तव में नागार्जुन महापंडित राहुल सांकृत्यायन के निशद-विशाल, प्रशस्त-प्रोज्ज्वल व्यक्तित्व एवं कृतित्व को पूरी समाहिति से उत्कलित कर देते हैं। 'आइने के सामने' और 'विषकीट' निबंध भी इसी तरह के भावचिंतन से जुड़े हुए हैं, जिनमें व्यक्तित्व को सामाजिक-सांस्कृतिक-साहित्यिक

समस्याओं-समारोहों को एक साथ करके दिखाने का प्रयास किया है। व्यक्ति केन्द्रित होने के बाद भी वह समाज से जुड़ा हुआ है। सामाजिक समस्याओं को लेकर नागार्जुन का निबंध साहित्य हमेशा प्रतिगामी शक्तियों को चुनौती देता नजर आता है।

'मशक्कत की दुनिया' शीर्षक निबंध में जहाँ आध्यात्मिकता की धज्जियाँ उड़ाते हैं और कहते हैं" यों तो दुनिया के हरेक कोने का आदमी अपने जीवन-भर सुविधा और आराम खोजता रहता है और उसकी तमाम हरकतें केवल सुखपूर्वक रहने के लिए, बेहतर जिंदगी बसर करने के लिए ही होती हैं। और यह बात न तो बुरी है और न अस्वाभाविक ही, लेकिन यह एक कटु सत्य है कि पिछली दस-बारह सदियों से हमारी खोखली आध्यात्मिकता दिन-प्रतिदिन हमें भाग्य के भरोसे छोड़ कम-से-कम हाथ-पैर चलाकर ज्यादा-से-ज्यादा पाने की घातक सीख देती आयी है और आज सारी दुनिया मेहनत से जी चुराने वाली हमारी विराट जाति के आध्यात्मिक जगद्-गुरुत्व पर चुटकियाँ ले रही है।"[9] वही 'अन्नहीनम् क्रियाहीनम्' निबंध में नागार्जुन ने सूखे की मार सहती बिहार की जनता की पीड़ा और इस समस्या के प्रति शासक वर्ग की उदासीनता को तीखे व्यंग्य के साथ बहुत मार्मिक रूप से चिंहित किया है। लेखक की मौसी पोस्टकार्ड में यथार्थ का बयान करते हुए लिखती हैं- "बबुआ, इस बार चुटकी भर भी धान नहीं देख सकूँगी। हथिया डाका डाल गया है। खेतों में अबके जो दरारें फटी हैं, बेहद डरावनी लगती हैं। तुम तो देहात के दुख-सुख को आधार बनाकर पोथी तैयार करते हो, अपनी निगाहों से देखकर इधर का हाल-समाचार मालूम कर जाओ बेटा।"[10] बिहार की इस स्थिति को देखकर लेखक को कहना पड़ता है- "अन्दर से बार-बार यही एक आवाज आने लगी कि जनता अन्नहीन है और शासक वर्ग क्रियाहीन और विधिहीन यानी कि बेशऊर (बुड़बक) कौन है? ऑफिसर वर्ग और कर्मचारीगण।"[11] 'फर्स्ट क्लास फर्स्ट' निबंध में लड़कियों को जीवन साथी चुनने की स्वतंत्रता से जुड़े सवालों को उठाया गया है।

'भ्रष्टाचार का दानव' निबंध में नागार्जुन ने भारतीय समाज व्यवस्था के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती के रूप में भ्रष्टाचार को उभारने का प्रयास किया है। "भ्रष्टाचार के खिलाफ बहुत कुछ कहा जा रहा है। हमारे बड़े-बड़े नेता और जन-समाज के विशिष्ट व्यक्ति भ्रष्टाचार पर कड़ी से कड़ी राय प्रकट करते रहते हैं। समाचार-पत्रों के कालम भ्रष्टाचार-विरोधी मन्तव्यों से भरे रहते हैं। छोटी गोष्ठियों से लेकर सभाओं तक में भ्रष्टाचार-विरोधी बातें उछाली जाती हैं।"[12] निबंध के अन्त में इन सभी पर व्यंग्य करते हुए कहते हैं कि "साधारण जनता के जीवन की दुर्दशा के लिए माल-मलाई चाभने वाले हवाई सन्त और सत्तासीन बेईमान राजनेता सबसे ज्यादा जिम्मेदार हैं।"[13] उनका मानना है कि यह भ्रष्टाचार हमारे मौजूदा समाज की तहों में घुला-मिला है। और आगे कहते हैं कि भ्रष्टाचार को वह व्यवस्था की गड़बड़ी के रूप में न देखकर अपने नैतिक पतन के रूप में देखते हैं।

'पेट का धर्म : इन्सान का धर्म' भाषिक स्तर पर एक छोटी टिप्पणी है जिसमें करोड़ों निरूस्व-सर्वहारा जनों के मूल धर्म (पेट-धर्म) का यथार्थ रूप में चित्रण किया गया है। इसमें एक स्थान पर लिखा गया है कि सनातन काल से यह तथ्य मान लिया गया है कि पेट का धर्म ही सबसे बड़ा धर्म होता है। वास्तव में नागार्जुन यथार्थवादी हैं और फेनिल आदर्शवाद के विरोधी हैं। उन्होंने इस टिप्पणी में धर्मान्तरण के मामले को आधार बनाकर अमानवीय हिन्दू-धर्मवादियों को सिरे से फटकारा है। धर्म की छतरी के नीचे भूखे इन्सान का तड़प-तड़प कर मर जाना नागार्जुन को बर्दाश्त नहीं होता है। वह इसे बड़ा पाप मानते हैं। ऐसी स्थिति में वह कहते हैं- "तुम ईसाई बन जाओ, बौद्ध बन जाओ, चाहे जैसे हो, पेट भरो। मजहब और इन्सानियत को लात मारो। तुम अपने को सच्चे अर्थों में आजाद कर दो! आखिर सर्वहारा सर्वहारा ही होता है, उसका कोई धर्म नहीं होता। जीती-जागती इन्सानियत और समूची दुनिया में फैली-सर्वहारा जनों की बिरादरी के लिए अखूट कुर्बानी ही इसका सच्चा धर्म होता है।"[14]

'मशक्कत की दुनिया' और 'बम्भोलेनाथ' शीर्षक निबंधों में नागार्जुन बड़े ही सहज ढंग से श्रम की महत्ता को उजागर करते हैं। समाज में निर्लिप्त रहने वाले ढोंग करते उसमें लिप्त रहने वाले साधुओं-पंडितों की तुलना में गन्दगी साफ करने वाला एवं घृणित समझा जाने वाला मेहतर को महान माना है, क्योंकि मेहतर का जीवन श्रम पर आधारित होता है। निःसंदेह दलितों, शोषितों, निम्न एवं हेय समझे जाने वाले लोगों के पक्ष में हर जगह - हर समय खड़ा रहना नागार्जुन की साहित्य

रचना का प्रमुख लक्ष्य है।

'भूख, गरीबी, अशिक्षा और बेरोजगारी' शीर्षक निबंध बाबरी मस्जिद ढहा देने के बाद लिखा गया है। नागार्जुन इस घटना से बहुत आहत हैं और हिन्दुत्ववादी नजरिये को भयानक नाद के रूप में परिभाषित करते हुए कहते हैं कि- 'गर्व से कहो। हम हिन्दू हैं'। इस तथ्य का नागार्जुन ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य को आधार बनाकर खण्डन करते हैं। वह कहते हैं कि विवेकानन्द ने पहली बार कहा था कि 'गर्व से कहो। हम हिन्दू हैं'। उनके सामने प्रश्न यह था कि दुनिया में सभ्य देशों के समक्ष अंग्रेज शासक भारतीयों को जाहिल-अनपढ़-संस्कारविहीन घोषित करते रहते थे। तभी क्षुब्ध होकर उस पुनर्जागरण काल में 1892 में विवेकानन्द ने जोर देकर कहा था कि 'गर्व से कहो। हम हिन्दू हैं'। परन्तु आज इसका सार्थक और प्रासंगिक अर्थ बदल गया है। आज विवेकानन्द द्वारा भारतीय मानवतावादी चिंतन घने कोहरे में छिप-सा गया है। नागार्जुन के लिए भारत की बुनियादी समस्या बाबरी-अयोध्या मसला नहीं है बल्कि रोटी, कपड़ा और मकान के साथ आम जन की वैज्ञानिक समझदारी के विकास से है। भारी मानसिकता में छटपटाते हुए नागार्जुन आगे कहते हैं कि -राजनीति स्वार्थसाधन की सीढ़ियाँ प्रदान करती है हमको। सत्तान्धता में दक्षिणपंथी, वामपंथी और मध्यपंथी सब समान है।[15] यही कारण है कि नागार्जुन ने वर्ण-व्यवस्था और राजनीति-व्यवस्था की जगह श्रम-व्यवस्था को स्थापित कर प्रगतिशील साहित्य भूमि को स्थापित करने का प्रयास किया है और यह भी मानते हैं कि आर्थिक उत्पादन और पारिश्रमिक तथा लाभ पर समाज का पूर्ण अधिकार हो।

निष्कर्षतः नागार्जुन का निबंध की भूमि आकार में छोटे होने के बावजूद लोकधर्मिता का एक व्यापक परिदृश्य बनाए हुए हैं। विभिन्नता और रचना के कई स्तर होने के बाद भी सामाजिक-राजनीतिक और सांस्कृतिक समस्याओं का समाधान ढूँढ़ती नजर आती है। वास्तव में नागार्जुन की वैचारिकता को समझने में उनका निबंध साहित्य भी ज्यादा कारगर साबित होगा।

संदर्भ

1. राय, डॉ. आशुतोष, नागार्जुन का गद्य साहित्य, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2006, पृष्ठ-178
2. डॉ. सत्यनारायण, नागार्जुन : कथा और कथाकार, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण-2010, पृष्ठ- 6
3. राय, डॉ. आशुतोष, नागार्जुन का गद्य साहित्य, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण-2006, वही पृष्ठ- 179
4. त्रिपाठी, रामशंकर, नागार्जुन निबंध निकाय, कोशल पब्लिशिंग हाउस, फैजाबाद, प्रथम संस्करण 2012, पृष्ठ-71
5. मदान, डॉ. इंद्रनाथ, आधुनिका कविता का मूल्यांकन, हिंदी भवन, इलाहाबाद, 1962, पृष्ठ- 18
6. त्रिपाठी, रामशंकर, नागार्जुन निबंध निकाय, कोशल पब्लिशिंग हाउस, फैजाबाद, प्रथम संस्करण 2012, वही, पृष्ठ -71-72
7. आलोचना, अंक 56-57, पृष्ट- 235
8. शोभाकान्त, नागार्जुन रचनावाली, खण्ड-6, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण-2003, पृष्ठ 154
9. वही, पृष्ठ-90-91
10. वही, पृष्ठ-192
11. वही, पृष्ठ-192
12. वही, पृष्ठ-249-250
13. वही, पृष्ठ-252
14. वही, पृष्ठ-286-287
15. वही, पृष्ठ-289

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

कुँवर नारायण की कविता में मिथकों का अतिक्रमण : एक समकालीन दृष्टिकोण

डॉ. अनिता कुमारी जाट
असिस्टेंट प्रोफेसर, राजकीय महाविद्यालय कालवाड़ (विद्या सम्बल)

कुँवर नारायण हिंदी साहित्य के ऐसे महत्वपूर्ण कवि हैं जिन्होंने परंपरा और आधुनिकता के मध्य एक विचारशील पुल का निर्माण किया। उनका काव्य मिथकीय कथाओं, ऐतिहासिक संदर्भों और दार्शनिक प्रश्नों के माध्यम से समकालीन जीवन की जटिलताओं की पड़ताल करता है। उनकी कविताओं में मिथकों का अतिक्रमण केवल एक कलात्मक शैली भर नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा सृजनात्मक हस्तक्षेप है जो परंपरा की सीमाओं को पार कर आधुनिक चेतना को स्थान देता है।

भारतीय साहित्यिक परंपरा में मिथकों का एक विशिष्ट स्थान रहा है। मिथक न केवल धार्मिक या सांस्कृतिक कहानियों का संकलन हैं, बल्कि वे मानवीय अनुभवों और सामूहिक स्मृतियों के संरक्षक भी हैं। परंतु कुँवर नारायण इन्हें अपरिवर्तनीय या 'स्थायी सत्य' के रूप में नहीं देखते, बल्कि इनका समकालीन पुनर्पाठ करते हैं। वे मिथकों को आधुनिक संदर्भों में पुनर्स्थापित कर उन्हें जीवन्त बना देते हैं।

कुँवर नारायण का खंडकाव्य "आत्मजयी" कठोपनिषद की नचिकेता-कथा पर आधारित है। यह रचना मृत्यु और आत्मा जैसे शाश्वत विषयों पर आधारित होते हुए भी पूर्णतः आधुनिक चेतना की अभिव्यक्ति है। नचिकेता की जिज्ञासा, उसका यमराज से प्रश्न करना और उसकी दृढ़ता इस बात का प्रमाण है कि वह किसी भी दार्शनिक उत्तर को आंख मूंदकर स्वीकार नहीं करता।

"मैं जानना चाहता हूँ... कि मृत्यु क्या है?"[1]

इस पंक्ति के माध्यम से कुँवर नारायण ने पारंपरिक मिथकों का अतिक्रमण करते हुए उन्हें आधुनिक दृष्टिकोण से पुनर्परिभाषित किया है, जो उनकी कविताओं की एक प्रमुख विशेषता हैन केवल प्रश्नात्मकता की भावना दर्शाती हैं, बल्कि यह भी इंगित करती हैं कि यह चेतना परंपरा के अंधानुकरण से आगे निकलकर तर्क और विवेक की ओर बढ़ रही है। यहाँ नचिकेता किसी धार्मिक ग्रंथ का पाठक नहीं, बल्कि आधुनिक मानव का प्रतीक है जो ज्ञान के लिए स्वयं प्रयास करता है।

नचिकेता संसार के धार्मिक कर्मकाण्ड, राजकीय वैभव और अपने अन्दर के मिथ्या तत्त्वों को पहचान लेता है। वह अपने सरोकार को व्यापक विचार को बहुल और युयुत्सा को प्रखर करना चाहता है। वह सत्य के लिए लडता है, और अपने पिता से कहता है–

"असहमति को अवसर दो। सहिष्णुता को आचरण दो
कि बुद्धि सिर ऊँचा रख सके
उसे हताश मत करो काइयाँ स्वार्थों से हरा भरा कर।
अविनय को स्थापित मत करो
उपेक्षा से खिन्न न हो जाए नहीं
मनुष्य की साहसिकता।" [2]

इस तरह नचिकेता प्राचीन मिथकों का अतिक्रमण करता है, और अपने पिता को स्वार्थ न करने और सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। 'आत्मजयी' में कुँवर नारायण के वास्तविक जीवन के तीखे एहसास उनकी विचार प्रक्रिया अनुशासित हैं कुँवर नारायण के अनुसार अमर जीवन का अर्थ अमर जीवन मूल्य है, जो व्यक्ति जगत का अतिक्रमण करके सार्वकालिक और सार्वजनिन बन जाते है

कोई दूसरा नहीं में कुँवर नारायण ने मिथकीय, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक प्रतीकों को व्यक्तिगत संवेदना के साथ जोड़कर प्रस्तुत किया है। यहाँ 'राम', 'कृष्ण', 'अर्जुन' जैसे पात्र केवल देवता नहीं हैं, बल्कि मानवीय द्वंद्वों से जूझते संवेदनशील पात्र हैं।

कोई दूसरा नहीं' संग्रह की 'महाभारत अयोध्या 1992' तथा क्रौच वध कविताओं में मिथकों का स्पष्ट प्रयोग दिखता है, इन मिथकों के माध्यम से कवि ने समकालीन राजनीति में अंधेरा, स्वार्थ, चुनावी बेईमानी जो मिथकों का अतिक्रमण करती सी लगती है। 'महाभारत' कविता में चुनाव क्षेत्र को लेकर उनका आपसी संघर्ष और जीत के लिए देश का विभाजन स्पष्ट नजर आता है—

''न धर्मक्षेत्रे न कुरूक्षेत्र
सीधे सीधे चुनाव क्षेत्रे-
जीत की प्रबल इच्छा से
इकट्ठा हुए महारथियों के
ढपोरशंखी नाद से
युद्ध का श्री गणेश।
एक ओर रथ पर
शान्त भाव से गीता पकड़े
श्रीकृष्ण
दूसरी ओर एक हाथ से गाडीव
और दूसरे से अपना सिर पकड़े गुडाकेश
देख रहे
भारत से महाभारत होता हुआ एक देश। [3]

यहाँ अर्जुन (गुडाकेश) केवल पौराणिक पात्र नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति का प्रतीक बन जाता है जो जीवन में किसी नैतिक द्वंद्व से गुजर रहा है। इस प्रकार मिथक का अतिक्रमण करते हुए कवि समकालीन मनुष्य की चिंता को केंद्र में रखता है।

''कुँवर नारायण मिथकों को पूज्य नहीं बनाते, बल्कि उन्हें प्रश्न करते हैं, पुनर्परिभाषित करते हैं और उनके माध्यम से आधुनिक समाज को संबोधित करते हैं। वे मिथकों को मनुष्यता, विवेक और नैतिकता के धरातल पर पुनर्स्थापित करते हैं। उनकी यह शैली उन्हें हिंदी साहित्य में विशिष्ट बनाती है।''[4]

इस तरह कुँवर नारायण की कविता में मिथकों का अतिक्रमण उनकी सबसे मौलिक विशेषताओं में से एक है। वे परंपरा के सम्मान के साथ उसे चुनौती देने का साहस भी रखते हैं। उनके काव्य में मिथक न तो केवल अलंकार हैं, न ही धार्मिक प्रतीक बल्कि वे विमर्श के जीवंत उपकरण हैं। समकालीन दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत उनके मिथकीय पात्र हमें हमारी ऐतिहासिक चेतना और वर्तमान संकटों के बीच एक संवाद रचने का अवसर प्रदान करते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. कुँवर नारायण, "आत्मजयी'', राजकमल प्रकाशन, 1970, पृ 20 -40
2. रचना और समालोचना , डॉ. हरदयाल, ज्ञान गंगा प्रकाशन 2003 पृष्ठ 67
3. कुँवर नारायण संसार, सं. यतीन्द्र मिश्र, वाणी प्रकाशन, 2002, पृ. 136
4. डॉ. प्रवीण कुमार, "काव्य-भाषा की कसौटी और कुँवर नारायण का काव्य-लोक'', अपनी माटी पत्रिका, 2023

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

अभिजात्य एवम् सामान्य वर्ग की छात्राओं की शैक्षिक अभिप्रेरणा का अध्ययन

डॉ. महेश कुमार शर्मा
सहायक प्रोफेसर, प्राचार्य : डी.एल.एड.
(पूर्व शोध निर्देशक व परीक्षा नियंत्रक) शिक्षा संकाय, आई.ए.एस.ई.
(मानित विश्वविद्यालय), गाँधी विद्या मन्दिर, सरदारशहर, चूरु
मोबा. : 9460563985

प्रस्तावना

निष्कर्ष- गोरखा सैनिकों का भारतीय सेना और भारतीय समाज में योगदान अतुलनीय है। उनके सैन्य साहस और वीरता ने भारतीय सेना को मजबूत किया, जबकि उनके सांस्कृतिक योगदान ने भारतीय समाज में एक समृद्ध विविधता को बढ़ावा दिया। गोरखा सैनिकों की सांस्कृतिक परंपराएँ, उनकी धार्मिक पहचान और उनके परिवारों का भारतीय समाज में समायोजन यह दर्शाता है कि किस प्रकार उन्होंने भारतीय समाज को एक बेहतर और विविधतापूर्ण रूप में परिवर्तित किया है। गोरखा सैनिकों का योगदान केवल सैन्य दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक, और राष्ट्रीय दृष्टिकोण से भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। उनका योगदान भारतीय सेना और समाज के लिए एक अमूल्य धरोहर है और यह भविष्य में भी हमारे समाज और संस्कृति में अपनी छाप छोड़ता रहेगा। भारत और नेपाल के बीच गोरखा सैनिकों का योगदान न केवल सैन्य दृष्टिकोण से अत्यधिक महत्वपूर्ण है, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी इसका गहरा प्रभाव रहा है। गोरखा सैनिकों ने भारतीय सेना को न केवल सैन्य क्षमता में वृद्धि दी, बल्कि उन्होंने भारतीय समाज में अपनी सांस्कृतिक पहचान बनाई। उनका योगदान आज भी भारतीय सेना और समाज में जीवित है और इसे भविष्य में भी संजोकर रखा जाएगा। गोरखा रेजीमेंट के सैनिकों का योगदान भारतीय समाज में सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। उनके सैन्य साहस, वीरता, और सांस्कृतिक योगदान ने उन्हें भारतीय समाज में एक विशेष स्थान दिलवाया है, जो भारतीय सेना और संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है।

सुझाव- इस शोध के परिणामस्वरूप यह कहा जा सकता है कि गोरखा सैनिकों का योगदान भारतीय समाज के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। भविष्य में इस विषय पर और अधिक शोध किया जाना चाहिए ताकि गोरखा सैनिकों की सांस्कृतिक परंपराओं, सैन्य योगदान, और उनके सामाजिक समायोजन को और गहराई से समझा जा सके। गोरखा सैनिकों के सांस्कृतिक पहचान, समाजिक समायोजन, और सैन्य योगदान के जटिल रिश्तों को उजागर करता है। यह शोध भारतीय समाज में गोरखा सैनिकों के योगदान को एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण से प्रस्तुत करता है और इसे समाज की सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में सामने लाता है।

संदर्भ सूची

1. Baral, L. R. (2012). Nepaln`India relations: Continuity and change. Institute of Foreign Affairs (IFA).
2. Ojha, H. R. (1999) Nepal and the Gurkhas: A historical study- Ratna Pustak Bhandar.
3. Sharma, D. (2012) Gorkhas in the Indian Army: A legacy of loyalty- Journal of Defence Studies, 45n`61.
4. Singh, S. (2010) Bharat &Nepal sambandh: Aitihasik aur samkalin pariprekshya, India & Nepal relations: Historical and contemporary perspectives, Publications Division Government of India.
5. थापा, आ. (2017). गोरखा : इतिहास, संस्कृति और सैन्य परंपरा. काठमांडू विश्वविद्यालय प्रेस।
6. सिंह, शि. (2010). भारत-नेपाल संबंध : ऐतिहासिक और समकालीन परिप्रेक्ष्य. प्रकाशन विभाग, भारत सरकार।
7. शर्मा, द. (2012). भारतीय सेना में गोरखाओं की भूमिका : एक निष्ठा की विरासत. जर्नल ऑफ डिफेंस स्टडीज़, 6(4),

45. 61
8. उप्रेती, बी. सी. (2006). भारत नेपाल संबंध समस्याएँ, नीतियाँ और गतिशीलता. कलिंगा पब्लिकेशन्स।
9. ओझा, एच. आर. (1999). नेपाल और गोरखा एक ऐतिहासिक अध्ययन. रत्न पुस्तक भंडार।
10. राज्यसभा सचिवालय. (2015). भारत-नेपाल संबंध और गोरखा सैनिकों की स्थिति. नई दिल्ली भारत की संसद।
11. रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार. (एन.डी.). भारतीय सेना गोरखा रेजिमेंट का इतिहास. प्राप्त किया गया https://mod-gov-से।
12. कांसेकर, वी. बी. एस. (2001). भारत-नेपाल खुली सीमा संभावनाएँ, समस्याएँ और चुनौतियाँ. इनसेक जर्नल।
13. उप्रेती, बी. सी. (2003). भारत-नेपाल संबंध सामरिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण, हिमालयन रिव्यू, 29(2), 112.130
14. सब्बा, टी. बी. (1992). दार्जिलिंग में गोरखालैंड आंदोलन जातीयता और विकास, हर-आनंद पब्लिकेशन्स।
15. गैलनर, डी. एन. (2007). नेपाल में जाति, जातीयता और असमानता. इकोनॉमिक एंड पॉलिटिकल वीकली, 42(20), 1823.1828

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

भारतीय परिपेक्ष्य में सामाजिक आंदोलन का अवधारणात्मक स्वरूप

डॉ. अग्नि देव
सह आचार्य-राजनीति विज्ञान
बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर

आमतौर पर सामाजिक आंदोलनों के बारे में कुछ न कहते हुए भी, यहाँ तक कि वे आंदोलन जिनका प्रत्यक्षतः राजनीतिक चरित्र रहा है जो स्पष्टतः सरकार के विरुद्ध किये गये हैं, उन्हें भी भारतीय राजनीतिक वैज्ञानिकों ने मोटे रूप में अपने शैक्षणिक विषय के क्षेत्र से परे रखा है। भारत में राजनीतिक विज्ञान मुख्यतः कार्यकारी, विधायी, दलों और चुनावों जैसे राजनीतिक संस्थाओं के अध्ययन तक सीमित रहा है।

सामाजिक आंदोलन सिर्फ तब खड़े होते हैं जब लोग इन असमानताओं और अन्यायों के प्रति सजग होते हैं और उन्हें उखाड़ फेंकने के लिए संघर्ष करते हैं। दरअसल सामाजिक आंदोलन के लिए उपजाऊ जमीन तब उपलब्ध होती है जब प्रतिकूल परिस्थितियों में जी रहे लोगों को वर्तमान समाज व्यवस्था का बेहतर विकल्प दिखने लगता है। तब मौजूदा संस्थाओं के औचित्य पर ही प्रश्न उठ जाता है और इस बदलाव की संभाव्यता दिख जाती है।'

आम जनता की राजनीति, उनकी आकांक्षाओं और मांगों, उनकी समस्याओं को मुखर करना तथा औपचारिक संस्थात्मक ढाँचे से बाहर उनकी मांगों की कार्यप्रणाली को अधिकाशंतः राजनीतिक विज्ञान के विद्वानों द्वारा उपेक्षा की गई है। तथापि, विकास संबंधी नीतियाँ और जनकल्याण संबंधी योजनाएं, उनका कार्यान्वयन, आदि भारतीय राजनीतिक विज्ञान के शिक्षण और शोध कार्यक्रम का हिस्सा हैं। किन्तु, इन नीतियों के निर्माण की प्रक्रियाओं की अपेक्षा उनका ध्यान मुख्यतः योजनाओं के उद्देश्यों और सरकार की भूमिका, और उनके मूल्यांकन पर अधिक केन्द्रित है।

उदाहरणार्थ, भूमि संबंधी नीति को उससे संबंधित उन संघर्षों का बिना विश्लेषण किये पढ़ाया जाता है जिनके कारण राज्य और राजनीतिक दलों को इस नीति को अपनाने के लिये बाध्य होना पड़ा है। श्रीमती इंदिरा गाँधी की 'गरीबी हटाओ' की नीत्ति का विश्लेषण 1960 के दशक के ग्रामीण और नगरीय गरीबों द्वारा किये गये ढेर सारे संघों के संदर्भ में नहीं किया जाता है। बहुधा यह भुला दिया जाता है कि आम जनता की राजनीति को बिना समझे राज्य को पूरी तरह से नहीं समझा जा सकता है। दलित वर्ग के दृष्टिकोणों, विश्वासों, आकांक्षाओं और विचारों का अध्ययन हमें अपनी संकल्पनाओं को परिभाषित और पुनर्परिभाषित करने में हमारी मदद कर सकता है।

दरअसल इस विधा को अपनाने का एक बड़ा कारण भारतीय राजनीति विज्ञान की विरासत है। यद्यपि इस विषय के औपचारिक स्वरूप की विरासत पश्चिमी रही है, तथापि राजनीति की अवधारणा जिस पर प्रमुख बुद्धिजनों द्वारा लिखा गया है, वह सभी स्थानों पर समान है. यह सांस्कृतिक सीमाओं को लांघती है। राजनीति को समझने, विश्लेषण करने और सैद्धांतीकरण करने का बौद्धिक कार्य उतना ही पुराना है जितना की सामूहिक जीवन के गठन की विधा है जब विधि-विधान,

नियम और अधिनियम, सत्ता का विभाजन, संसाधनों का वितरण तथा शासन करने हेतु औपचारिक संस्थाओं के अस्तित्व का विकास हुआ था।

गीता और महाभारत राजनीति के शोध-प्रबंध हैं। इन ग्रंथों में शासकों और नागरिक गणों के कर्तव्यों और दायित्वों का विस्तृत विवेचन किया गया है। कौटिल्य का अर्थशास्त्र भी राजनीतिक संहिता का एक प्रलेखित ग्रंथ है। सुकरात और प्लेटों की कृतियां बहुप्रसिद्ध हैं और इन्हें हमारे देश में राजनीति विज्ञान के विद्यार्थियों को व्यापक रूप से पढ़ाया जाता है। किन्तु, ये सभी ग्रंथ मुख्यतः शासकों की राजनीति और धार्मिक सत्ता तक सीमित है। राजनीति का इस प्रकार का अवधारणीकरण आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में एक शैक्षिक विषय के रूप में राजनीतिक विज्ञान के अध्यापन और शोध के विषय क्षेत्र के निर्माण में एक प्रमुख विमर्श के रूप में छाया हुआ है।

यदि थोड़ा और पीछे की तरु मुड़ कर देखें तो ब्रिटिश परम्परा के प्रभाव के ग्लस्वरूप भारत में राजनीति विज्ञान राजनीतिक दर्शनशास्त्र, औपचारिक सरकारी संस्थाओं और अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों के अध्ययन तक सीमित था। संस्थाओं के काम करने सहित आनुभाविक अध्ययनों का उद्भव 1950 के दशक के बाद में हुआ है जो व्यवहारात्मक सम्प्रदाय, जिसका विकास अमेरिका में हुआ है. से प्रभावित रहा है। विज्ञानवादी आधारित विश्लेषण तथा क्यों के प्रश्न को विस्मृत कर दिया गया। राजनीति वैज्ञानिकों द्वारा अपनाई गई राजनीति की अवधारणा, जो अमेरिकी और ब्रिटिश परम्पराओं से प्रभावित रही है, कही संकीर्ण है। यह अवधारणा एक ऐसी राजनीतिक व्यवस्था तक सीमित है जिसके प्रकार्य नियम बनाना, नियम लागू करना और न्याय करना मात्र है।'

दूसरा, कई राजनीतिक वैज्ञानिकों के लिये, 'राजनीति' का अर्थ समाज में किसे, क्या, कब और कैसे मिलता है। दूसरों के लिये, राजनीति की परिभाषा, मूल्यों का आधिकारिक रूप में आबैटन करना है। अधिकारिता के अर्थ को स्पष्ट करते हुए डेविड ईस्टन बताते हैं कि एक नीति तब स्पष्ट रूप में अधिकारिक होती है जब यह भावना उपस्थित होती है कि इस नीति का निश्चित तौर पर पालन किया जाना चाहिये या पालन किया जाना आवश्यक है न कि नीतियां चाहे वे औपचारिक या प्रभावशाली हो. उन्हें बाध्यकारी स्वीकार किया जाता है। अतः ये परिभाषाएं सरकार और राज्य के प्रकायों या शासक वर्ग अथवा अभिजनों की राजनीति तक राजनीति के अध्ययन को परिभाषित करती हैं। इसलिये कोई आश्चर्य नहीं कि अमेरिका और ब्रिटेन के कुछ विश्वविद्यालयों में राजनीति या राजनीति विज्ञान के विभागों के स्थान पर सरकार या सार्वजनिक कानून और भारत में राजनीति विज्ञान और प्रशासन या लोक प्रशासन के विभाग हैं। ये परिभाषाएँ राजनीति के अध्ययन को सरकार और राज्य के प्रकार्यों तक परिमित करती हैं।

तीसरा, द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद की उदारवादी विचारधारा और संरचनात्मक प्राकार्यात्मक उपागम के वर्चस्व के कारण सामाजिक विज्ञान साहित्य में संघर्ष और परिवर्तन की अपेक्षा संतुलन और सामंजस्य पर अधिक जोर दिया गया। राजनीति विज्ञान, यद्यपि मुख्यतः सत्ता और संघर्ष से संबंधित विषय है, हर भी इसमें सामाजिक परिवर्तन हेतु समाजगत संघर्ष जैसे मुद्दों पर शोध नहीं हुआ है। राजनीति वैज्ञानिकों की मुख्यतः रूचि, जनता और शासकों के बीच के संघर्षों की अपेक्षा सत्ता अभिजनों के बीच होने वाले आंतरिक संघषों के अध्ययन में ही अधिक रही है। उनके अनुसार, समाजगत संघर्षों का समाधान सरकार और राजनीतिक संस्थाओं द्वारा किया जाना आवश्यक है। उनका चिंता का क्षेत्र तब शुरू हो जाता है जब संघर्ष सरकार के राजनीतिक घेरे में प्रवेश कर जाता है। उनकी दृष्टि में, संघर्ष के कारणों की अपेक्षा संघर्ष का समाधान अधिक महत्वपूर्ण है।

अधिकांश राजनीतिक विज्ञानी अपनी विचारधारा की दृष्टि से उदारबादी हैं और भारत की स्वतंत्रता के लगभग दो दशकों तक उन्होंने भारत के संविधान को परमपावन माना है। उन्हें अभी तक विश्वास है कि विद्यमान राजनीतिक संस्थाएँ सभी सामाजिक संघषों का समाधान कर सकती है। दरअसल इन संघर्षों के समाधान के अगणित संवैधानिक साधन हैं। राजनीति वैज्ञानिकों का तर्क है कि व्यक्तियों को सीधी कार्यवाही करने की अपेक्षा विविध संवैधानिक विधियों की खोज करनी चाहिए। किसी 'खतरनाक स्थिति' में भी जिसमें संघर्ष की स्थिति का समाधान करने में संवैधानिक व्यवस्था अकल हो जाती है, उदारवादी राजनीतिक वैज्ञानिक सामाजिक विवेक के रास्ते को अपनाते हुए, सामाजिक संघर्षों के समाधान के लिये अधिक तर्क संगत

और अधिक मानवीय तरीकों की खोज करने में विश्वास करते है। उनका विश्वास है कि लोगों को आज्ञाकारिता की आदत विकसित करनी चाहिये और सता का सम्मान करना चाहिये। प्रजातंत्र तब समाप्त हो जाता है जब सत्ता आम जनता के हाथ में चली जाती है। राजनीतिक वैज्ञानिक यह सलाह देते रहते हैं कि जनता पर अंकुश होना आवश्यक है।

यह सही है कि वे तब हतप्रभ हो जाते हैं जब वे यह देखते हैं कि समाज में फैले असंतोष के साथ तालमेल बिठाने में राजनीतिक संस्थाएं अधिकाधिक रूप में अरूल हो जाती है। उदारवादी और रेडिकल दोनों प्रकार के राजनीतिक वैज्ञानिकों का एक छोटा सा भाग इस विषय की इस संकुचित परिभाषा को स्वीकार नहीं करता है। उन्होंने उदारवादी और मार्क्सवादी ढांचों के परे जाकर सामाजिक रूपान्तरण को अधिक अच्छे ढंग से समझने के लिये सामाजिक आंदोलनों के क्षेत्र की खोजबीन शुरू कर दी है। कहना न होगा कि सामाजिक आंदोलन की कोई ऐसी एक सर्वमान्य परिभाषा नहीं है जो सभी विषयों के विद्धानों को या किसी एक विषय के भी सभी विद्वानों को स्वीकार्य हो।

'प्रजातंत्र', 'जनता', 'लोकप्रिय,' 'समानता', जैसे कई अनेक पदों के साथ 'आंदोलन' पद (शब्द) का बहुधा विभिन्न सामाजिक आंदोलनकारियों, राजनीतिक नेताओं और विद्वानों, जिन्होंने 'आंदोलनो' पर लिखा है, विभिन्न रूप में प्रयोग किया है। कुछ विद्वानों ने 'आंदोलन' के पद का प्रयोग 'संगठन' या 'संघ के पदों के अदल-बदल के रूप में किया है। कुछेक व्यक्ति इस पद का प्रयोग किसी ऐतिहासिक प्रवृति या झुकाव के लिये करते हैं। राजनीतिक नेताओं और सामाजिक सुधारकों द्वारा अपने कार्यकलापों को 'आंदोलन' कहना, एक फैशन बन गया है, यद्यपि उनके कार्यकलाप एक दर्जन से भी कम लोगों को लेकर किसी संगठन के निर्माण तक सीमित होते हैं। कुछ व्यक्ति जन मुद्दों की प्रेस विज्ञप्तियां देकर आंदोलनों की शुरूआत करने की बात करते हैं। टी.डी. वेल्डन के स्मरणीय वर्गीकरण का प्रयोग करते हुए 'आंदोलन' का पद कई अन्य शब्दों की भाति एक 'हुर्रा शब्द' बन गया है।"

यहीं एक और महत्वपूर्ण बात जोड़ने की जरूरत है कि 'सामाजिक आंदोलन' का पद यूरोपीय भाषाओं में उन्नीसवी शताब्दों के प्रारंभिक वर्षो में प्रचलन में आया। यह सामाजिक उथल-पुथल का समय था। राजनीतिक नेतागणों और लेखकों जिन्होंने इस पद का प्रयोग किया, वे शोषित वर्गो के उत्थान के प्रति चिन्तित थे और मूल्य व्यवस्था के साथ-साथ संस्थाओं और या सम्पति संबंधों को बदलकर एक नये समाज की रचना करना चाहते थे। उनका वैचारिक दृष्टिकोण उनकी परिभाषा में झलकता है। तथापि, 1950 के प्रारंभ से विभिन्न विद्वानों ने सामाजिक आंदोलनों की अवधारणा की सारगर्भित परिभाषाएं देने का प्रयास किया। पॉल विक्लिनसन ने 'सामाजिक आंदोलन' को निम्नलिखित अवधारणा प्रस्तुत की है–

एक सामाजिक आंदोलन किसी भी दिशा में साधन, यहां तक की हिंसात्मक असंवैधानिक साधन द्वारा, क्रांति या 'यूटोपियन (आदर्श लोक) समुदाय स्थापित करने के रूप में, परिवर्तन लाने का एक संकल्पित सामूहिक प्रयास है। अतः सामाजिक आंदोलन स्पष्टतः ऐतिहासिक आंदोलनों, प्रवृत्तियों और झुकावों से भिन्न होते हैं। फिर भी, इस बात का ध्यान दिया जाना महत्वपूर्ण है कि इस प्रकार की प्रवृत्तियां और झुकाव तथा मानवीय व्यवहार के अचेतन या अतार्किक कारकों का प्रभाव सामाजिक आंदोलन का विश्लेषण और स्पष्ट करने में कही महत्वपूर्ण हो सकते है।

एक सामाजिक आंदोलन में न्यूनतम मात्रा में संगठन होना आवश्यक है। यह संगठन एक डीले वाले, अनौपचारिक या आंशिक मात्रा से लेकर अत्यधिक संस्थानौक्त और नौकरशाहीकृत आंदोलन या कॉर्पोरेट समूह के रूप में हो सकता है। वास्तव में, यह बताया गया है कि सामाजिक आंदोलन संबंधी साहित्य प्राकृतिक इतिहास, आंदोलन विकास के प्रतिरूपों (मॉडल्स) या सिद्धांतों से संबंधित है। ऐसे मॉडल्स आंदोलन की संरचना में होने वाले परिवर्तनों का आभास देने का प्रयास करते हैं। ये परिवर्तन प्रारंभिक सामाजिक असंतोष और उत्तेजना की स्थिति तथा करिश्माई नेतृत्व के उभार से लेकर सत्ता को हथियाने के क्रांतिकारी आंदोलन का रूप ले सकते हैं।

एक सामाजिक आंदोलन की परिवर्तन और इसके संगठन के उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्धता, चेतन संकल्प शक्ति, आंदोलन के उद्देश्यों और विश्वासों के प्रति आदर्शात्मक प्रतिबद्धता और सदस्यों तथा अनुसरणकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता पर आधारित होती है। संकल्पशीलता और आदर्शात्मक प्रतिबद्धता के रूप में सामाजिक आंदोलन का इस प्रकार का विशिष्ट चित्रण

इस क्षेत्र के अग्रणी विद्वानों द्वारा लगभग सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया है। उदाहरणार्थ, हेबरले ने इन विश्वास व्यवस्थाओं को ऐसे लोगों की सामूहिक इच्छा की अभिव्यक्ति माना है जो इन्हें स्वीकार करते हैं। वे इस बात पर जोर देते हैं कि यह संकल्पशीलता का तत्व ही है जो विश्वासों को सामाजिक रूप में प्रभावक बनाता है। सामूहिक रूप से काम करने वाली चेतना संकल्पशीलता सामाजिक आंदोलनों में विचारधाराओं के मूर्तरूप को प्रस्तुत करती हैं।'

पॉल विक्लिनसन द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त अवधारणा कोई संक्षिप्त परिभाषा प्रस्तुत करने का दावा नहीं करती। यह अत्यंत विस्तृत है जिसमें संस्थाओं की सीमाओं के अन्तर्गत (जैसे चुनावों में मत देना या स्मरण पत्र देना) संबैधानिक साधनों के द्वारा किसी भी दिशा में परिवर्तन लाने को सम्मिलित किया जाता है। 'न्यूनतम मात्रा में संगठन' का होना एक समस्या है। निश्चित तौर पर यह कहना बड़ा कठिन है कि यह 'न्यूनतम मात्रा' कितनी हो। एक व्यक्ति को इस विषय पर भी आश्चर्य हो सकता है कि सामाजिक आंदोलन की शुरूआत क्या प्रतिबद्ध सदस्यों के द्वारा किसी संगठन की स्थापना के साथ होती है या जैसे जैसे आंदोलन आगे बढ़ता है संगठन समय के साथ धीरे-धीरे विकसित होता जाता है। इस प्रकार की परिभाषा में उपद्रव और विद्रोह को सम्मिलित नहीं किया जा सकता जिनमें शुरूआत में कोई संगठन नहीं होता है। विल्किनसन की कार्यवाहक अवधारणा की ये कठिनाइयां होते हुए भी इसका स्वतः शोध का अपना मूल्य है।

यहां यह कहना उचित होगा कि भारत में सामाजिक आंदोलनों के अध्ययनों में भारतीय संदर्भ में अवधारणा को परिभाषित करने के अभी कोई व्यवस्थित प्रयास नहीं हुए है।

घनश्याम शाह के अनुसार उद्देश्य, विचारधारा, कार्यक्रम, नेतृत्व और संगठन सामाजिक आंदोलनों के महत्वपूर्ण निर्णायक घटक है। ये अन्तनिर्भर हैं जो एक-दूसरे को प्रभावित करते हैं। हर भी रणजीत गुहा की चेतावनी पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा है कि यहापि ये निर्णायक तत्व तथाकथित स्वतः सूर्त विद्रोह सहित सभी प्रकार के आंदोलनों या बगावतों में मिलते हैं, तथापि असंरचित से लेकर पूर्णतः संगठित आंदोलनों में इनके रूप भिन्न होते हैं। उन्होंने कुछ इतिहासकारों के इस विचार को चुनौती दी है. जिन्होंने यह मत व्यक्त किया है कि कृषक विद्रोह स्वतः सूर्त होते हैं और इनमें राजनीतिक चेतना और संगठन का अभाव होता है। इस प्रकार के विद्रोहों में न तो नेतृत्व का और न ही उद्देश्य का, न ही एक कार्यक्रम के कुछ रूतत्वों का अभाव होता है. फिर भी ये सभी विशेषताएं बीसवीं शताब्दी के ऐतिहासिक दृष्टि से अधिक उन्नत आंदोलनों की परिपक्वता और परिष्कृत रूप की तुलना में उनके समकक्ष कहीं नहीं ठहर पाती है।"

विश्लेषण के इस मुकाम पर उन अध्ययनों पर भी ध्यान देना प्रासंगिक जान पड़ता है जिनमें असंस्थागत संवैधानिक या संविधानेत्तर सामूहिक राजनीतिक क्रियाओं का विश्लेषण किया गया है जो सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन हेतु नागरिक और राजनीतिक समाज को प्रभावित करती हैं। सामूहिक क्रियाएं, जो प्रस्थिति में परिवर्तन और सामाजिक गतिशीलता को प्राप्त करने हेतु की गई हैं, उन्हें इनसे अलग रखा गया है। वे क्रियाएं जो कानून रूप में स्वीकृत हैं और जिन्हें सम्पूर्ण समाज को या समाज के किसी हिस्से को किसी समय विशेष पर बांधने वाली क्रियाओं के रूप में व्यापक रूप में स्वीकार किया गया है संस्थागत क्रियाएं होती है। ऐसी क्रियाओं में विभाजन, समर्थन, चुनाव में मत देना, प्रचार करना तथा न्यायालयों में कानूनी लड़ाईयां लड़ने को सम्मिलित किया जाता है।

फिर भी, कभी-कभी इन विधियों के साथ अन्य सामूहिक क्रियाओं को भी सम्मिलित कर उन्हें दांवपेंच के रूप में प्रयोग किया जाता है। ऐसे मामलों में, ऐसी क्रियाओं को घनश्याम शाह सामाजिक आंदोलन का हिस्सा मानते है। कभी-कभी, प्रभु समूहों और राज्य की प्रभुसत्ता, निर्देशों और आदेशों के पालन में बाधा डालने की क्रियाओं को सामाजिक आंदोलन मान लिया जाता है। बाधा डालना निश्चित तौर पर विरोध की ही एक अभिव्यक्ति है। किन्तु जब तक ऐसी क्रियाएं व्यक्तिगत स्तर पर होती हैं और सामूहिक क्रिया का रूप धारण नहीं करतीं, यह आंदोलन नहीं है। डेविड चायले के शब्दों में, यह 'गैर-कानूनी जन विरोध है।"

'गैर-कानूनी' शब्द कई प्रश्नों को जन्म देता है। यह कानून और संविधान की व्याख्या का विषय है। एक विशिष्ट क्रिया (कार्यवाही) को उन व्यक्तियों द्वारा गैर कानूनी ठहराया जा सकता है जो सत्ता में है और जो यथास्थिति का समर्थन करते हैं

किन्तु उसी क्रिया (कार्यवाही) को उन व्यक्तियों द्वारा कानून सम्मत बताया जा सकता है जो सामाजिक परिवर्तन लाना चाहते हैं। रजनी कोठारी ने 'प्रत्यक्ष कार्यवाही' को इस प्रकार परिभाषित किया है, "यह संविधानेत्तर राजनीतिक विधि है जो समूह क्रिया का रूप ले लेती है (और) यह सत्तासीन सरकार के विरूद्ध किसी राजनीतिक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से की गई होती है।

'संविधानेत्तर' शब्द परिप्रेक्ष्य का विषय है। कोठारी की 'राजनीतिक परिवर्तन' की 1960 की अवधारणा संकीर्ण है जो सरकार के परिवर्तन तक सीमित है। (उसके बाद से उन्होंने इस अवधारणा में परिवर्तन कर दिया है) दरअसल राजनीतिक शक्ति केवल सरकार तक सीमित नहीं होती; यह समाज के कई स्तरों में चंटी होती है। वे सभी व्यक्ति जो 'राजनीतिक परिवर्तन' के लिये प्रयास करते हैं, वे केवल सरकार के विरूद्ध ही संघर्ष नहीं करते हैं। व्यक्तियों की सामाजिक कार्यवाही (क्रिया) कई स्तरों-प्रबल संस्कृति, जाति, वर्ग और विचारधारा के विरूद्ध होती है।

अब एक नजर अ-संस्थानीकृत सामूहिक क्रिया पर भी डालना जरूरी है जिसके कई रूप हो सकते हैं, जैसे विरोध, उपद्रव, हड़ताल, सत्याग्रह, घेराव, दंगे आदि। यदि हम पूर्वोक्त उल्लिखित परिभाषा का अनुसरण करें, तब विरोधों और उपद्रवों को सही रूप में सामाजिक आंदोलन नहीं कहा जा सकता। किन्तु बहुधा, एक सामाजिक आंदोलन एक समयावधि में विकसित होती है। शुरूआत में ऐसे प्रदर्शनों का कोई संगठन और परिवर्तन संबंधी कोई 'विचारधारा' नहीं होती। उदाहरणार्थ, जब गुजरात में एक इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने भोजनशाला के बिल के प्रति विरोध प्रदर्शित किया, तब यह उनकी एक अपेक्षाकृत स्वतः स्फूर्त क्रिया थी। किन्तु, इसी विरोध प्रदर्शन ने बाद में गुजरात में सन् 1974 में नव निर्माण आंदोलन का रूप ग्रहण कर लिया।

यही नहीं, एक विशिष्ट सामूहिक क्रिया कुछ विद्धानों के लिये मात्र एक विरोध प्रदर्शन हो सकता है, जबकि दूसरों के लिये यह एक आंदोलन होता है। यह विश्लेषण और परिप्रेक्ष्य के स्तर पर निर्भर करता है। उदाहरणार्थ, 1950 के दशक में भाषाई प्रान्तों के निर्माण की मांग को लेकर समाज के एक वर्ग द्वारा की गई सामूहिक क्रिया को कुछ लोगों द्वारा एक 'विरोध प्रदर्शन' माना गया और कुछ के द्वारा एक 'आंदोलन' मात्र था। इन्हीं विद्वानों ने बाद में 'विरोध प्रदर्शन' को 'आंदोलन' माना। घनश्याम शाह विरोध, प्रदर्शन, उपद्रव, हड़ताल आदि को एक 'आंदोलन' या अधिक सुस्पष्ट रूप में समाज के किसी विशिष्ट वर्ग या संस्तर द्वारा किए गए सामाजिक आंदोलन का एक अंग मान कर चलते हैं।

निष्कर्ष

बहुधा, राजनीतिक वैज्ञानिक और समाजशास्त्री 'सामाजिक' और 'राजनीतिक' आंदोलनों के बीच अंतर नहीं करते हैं। समाजशास्त्री मानते हैं कि सामाजिक आंदोलनों में उन आआंदोलनों को भी सम्मिलित किया जाता है जिनका स्पष्ट उद्देश्य राजनीतिक परिवर्तन लाना होता है और यह सही भी है। सामाजिक आंदोलन संबंधी दो ग्रंथ, जिनका सम्पादन एम.एस.ए. राव ने किया है, उनमें ऐसे दो अध्ययनों को सम्मिलित किया गया है (1) नक्सलवादी आंदोलन जिसका उद्देश्य राज्य सत्ता को हथियाना है और (2) उच्च प्रस्थिति प्राप्त करने हेतु पिछड़ी जाति का आंदोलन। रोडल्फ हेबरले कहते हैं कि सभी आंदोलनों के राजनीतिक निहितार्थ होते हैं, चाहे उनके सदस्य राजनीतिक शक्ति प्राप्त करने की कोशिश नहीं करते हैं। राजनीतिक वैज्ञानिक भी 'सामाजिक आंदोलन' शब्द का प्रयोग करने से परहेज नहीं करते हैं।

सन्दर्भ

1. घनश्याम शाह, भारत में सामाजिक आंदोलन, रावत पब्लिकेशन जयपुर, 2009. पृ. 1
2. उपरोक्त, पृ. 2
3. जी. अल्मीड एण्ड जे, कोलमैन, द पॉलिटिक्स ऑफ डिवालंपिंग एरियाज, प्रिसंटन पूनिवर्सिटी प्रेस, प्रिंसटन, 1960

4. एस.पी. अध्पर (सं.) द पॉलिटिक्स ऑफ मास वापलेंस इन इंडिया, मानकटलाज, बाम्बे, 1966, पृ.33
5. आर. श्रीनिवासन, "डिमोक्रेसी एण्ड द रिवोल्ट ऑफ द मासेज" इन एस.पी. अय्यर (एडीटेड) र पॉलिटिक्स ऑफ मास वामलेंस इन इंडिया, पूर्वोक्त
6. टी.डी. बेलड्न, द वोकैबुलरी अऑफ पॉलिटिक्स, पेनग्यून बुक्स, लंदन, 1955
7. पॉल विल्किनसन, सोशल मूवमेंट, पाल माल, लंदन, 1971. 7. 27
8. प्रताप चन्द्रा, "स्टही ऑफ आइडियोलॉजिकल डिसकोस इन एनसिएण्ट इंडिया सर्व फॉर ए सुटेबल मॉडल'', इन एस. सी. मल्लिक (एडीटेड) डिससेन्ट, प्रोटेस्ट एण्ड रिफर्काम इन इंडियन सिविलाइजेशन, इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ एडवांस स्टडीज, शिमला, 1977
9. रणजीत गुहा, एप्लमेंट्री आसपेक्ट्स ऑफ पौजेन्ट इनसरजेंसी इन कोलोनियल इंडिया, ऑक्स्फोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, दिल्ली, 1983, पृ.10
10. घनश्याम शाह, पूर्वोक्त पृष्ठ।
11. डेविड बागले, "द पेडागाँगी ऑफ डिमोक्रेसी कांवरसिव पब्लिक प्रोटेस्ट इन इंडिया'' द अमेरिकन पॉलिटिकल साइंस रिव्यू, वॉल्यूम 56 (3), सितम्बर 1962
12. रजनी कोठारी, "डाइरेक्ट एक्सन ए पैर्टन ऑफ पॉलिटिकल विर्हवियर'', क्वेस्ट, वाल्यूम 24, जनवरी-मार्च 1960, पृ. 27.

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

ई-गवर्नेंस की सफलताऐं, सीमाऐं एवं सम्भावनाऐं

डॉ. कौशल कुमार सैन
सह आचार्य- राजनीति विज्ञान
बाबू शोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर

सारांश : ई-गवर्नेन्स से अभिप्राय सरकार द्वारा सेवाओं एवं सूचनाओं को जनता द्वारा प्रयुक्त किए जाने वाले साधनों का प्रयोग कर जन साधारण को उपलब्ध कराए जाने से है। इस प्रकार के सूचना प्रदाता साधन सूचना प्रौद्योगिकी में प्रयोग से सरकार को जनता एवं अन्य अभिकरणों को सूचनाओं के प्रसार हेतु प्रक्रिया को दक्ष, त्वरित एवं पारदर्शी बनाने तथा प्रशासनिक गतिविधियों के निष्पादन में सुविधा रहती है। सूचना और संचार प्रौद्योगिकी केवल विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति करके कार्य संस्कृति के परिवर्तन को बढ़ा सकती है। नागरिकों को सरकारी सेवाओं की बेहतर डिलीवरी, व्यापार और उद्योग के साथ बेहतर सरकारी संपर्क, सूचना तक पहुँच और निर्णय लेने के लिए भागीदारी के माध्यम से नागरिक सशक्तीकरण को बढावा देती है। ई-गवर्नेंस केवल तकनीकी उपकरणों को पेश करने या उनका उपयोग करने से नहीं है। बल्कि यह मूल रूप से नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए तथा सरकारी प्रक्रियाओं और कार्यों को एकीकृत करने के लिए मानसिकता और कार्य संस्कृति में बदलाव करती है।

प्रशासन में सूचना प्रौद्योगिकी का समन्वित प्रयोग करना ई-गवर्नेस का पर्याय है। लोक प्रशासन में इस प्रकार का प्रयोग सर्वप्रथम सन् 1969 में अमेरिकी रक्षा विभाग द्वारा कुछ कम्प्यूटरों को लोकल एरिया नेटवर्क से जोड़कर किया गया था। एडवांस रिसर्च प्रोजेक्ट एडमिनिस्ट्रेशन नेटवर्क नामक यह परियोजना ही विस्तारित होकर वर्ल्ड वाइड वेब का रूप ले चुकी है।

अमेरिका में दिसम्बर 2002 में पारित ई.शासन अधिनियम 2002 के माध्यम से सूचना प्रौद्योगिकी एवं लोक सेवाओं का एकीकरण हो चुका है। देश-विदेश के अधिसंख्य सरकारी विभागों, अभिकरणों तथा संगठनों की अपनी इंटरनेट वेबसाइटें खुल गई हैं। इन वेबसाइटों के माध्यम से सरकारी संगठन तुलनात्मक रूप से अधिक पारदर्शी, संवेदनशील और जनोन्मुख सिद्ध हुए हैं। जैसाकि वर्तमान युग में सूचना आर्थिक विकास की कुंजी है इसलिए पूरी व्यवस्था सूचना के चारों ओर घूमती रहती है। वास्तव में ई-शासन एक विस्तृत संकल्पना है जो मात्र शासकीय व्यवस्था से संबंध नहीं रखती अपितु इसमें राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, तकनीकी, प्रशासनिक तथा अन्य आयाम भी शामिल हैं। यदि संकीर्ण अर्थ में देखा जाए तो इलेक्ट्रॉनिक कम्प्यूटर एवं सूचना विज्ञान के क्षेत्र में विकसित हुई युक्तियों का प्रशासन में प्रयोग करना ही ई-गवर्नेस है। जबकि इसके विपरीत विस्तृत दृष्टिकोण में इसका अर्थ किसी भी संगठन, समाज या तंत्र के विविध पक्षों को नियंत्रित, विकसित, पोषित एवं समन्वित रखने के क्रम में सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग करना ई.गवर्नेस है। यह ई-नागरिक व्यवस्था का व्यापक प्रसार है।

शब्द संक्षेप : ई गवर्नेस, ई लोकतंत्र, ई पंचायत, सूचना प्रौद्योगिकी, ई मित्र, डिजिटल पहल।

भूमिका

आज पंचायतों से लेकर लोकसभा चुनावों में इलैक्ट्रोनिक मतदान मशीनों का इस्तेमाल हो रहा है तो वहीं इंटरनेट ने

भी गांवों में क्रांति लाई है। मध्यप्रदेश के धार आदिवासी जिले में चल रही परियोजना ज्ञानदूत और हिमांचल प्रदेश की लोकमित्र, राजस्थान की ई-मित्र, कुछ ऐसी परियोजनाएँ है जो नागरिको को मंडी के भाव, जाति प्रमाणपत्र, जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र, बिजली. पानी टेलीफोन के भुगतान आदि की सुविधाएं प्रदान कर रही है। आजादी के 60 वर्षों में भारत ने करीब हर मोर्चे पर सम्मानजनक प्रगति की है और लोकतंत्र की बुनियाद भी यहां लगातार मजबूत हुई है। पर अगर विशिष्ट उपलब्धियों पर फोकस किया जाए तो पता चलता है कि सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भारत के तेजी से बढ़ते कदमों को विकसित राष्ट्र भी हैरानी से देख रहे है। वर्तमान युग सूचना प्रौद्योगिकी का युग है। इस क्रांति में अंतरिक्ष अनुसंधान विशेषकर उपग्रह विमोचन, उपग्रह संप्रेसण और उपग्रह स्पेक्ट्रम आदि की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज मोबाइल टेलीफोनए ई-मेल, एसटीडी, आईएसडी, इन्टरनेट, कम्प्यूटर वेबसाइट और केबल टीवी आदि हमारे जीवन के आवश्यक अंग बन गए है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं कि आज मानव जीवन के हर क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी के पैर दृढ़ता से जमते जा रहे हैं। इसी दिशा को कार्यरूप देने एवं भारत के समग्र एवं त्वरित विकास हेतु सूचना संचार प्रौद्योगिकी की संम्भावना का उपयोग करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी आन्दोलन प्रारम्भ किया गया क्योकि सूचना संचार प्रौद्योगिकी में ज्ञान प्रवाहित करके ग्रामीण विकास प्रक्रिया में जान फूंक देने की विशाल संभावना है। आज की लोकतांत्रिक सरकारों पर राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कुशल एवं पारदर्शी प्रशासन देने के दबाव बढ़े है। सूचना का अधिकार इसी कड़ी का एक अंग है। इसके अलावा बैंकिगं एवं निजी क्षेत्र के व्यापारिक संस्थाओं ने भी इंटरनेट आधारित संचार को किसानों, उपभोक्ताओं और सामान्य लोगो के बीच लोकप्रिय बनाया है। आज मानव जीवन के हर क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी के पैर दृढ़ता से जमते जा रहे है। आज ई-कॉमर्स, ई-प्रशासन, ई-रजिस्ट्रेशन, ई-मेल, ई-बैंकिग, ई-सर्विस, ई-चौपाल, ई-मैरिज, ई-होटल, टेलीमेडिसिन, डिजीटल लाइब्रेरी, आन लाइन चुनाव परिणाम, बजट एवं परीक्षा परिणाम जैसी अनेक गतिविधियों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया जाने लगा है।

शोध विषय के उद्देश्य

प्रस्तुत शोध में ई-गवर्नेंस की सफलताएं, सीमाएं और संभावनाएं विषय का व्यावहारिक अध्ययन किया गया है जिसके अन्तर्गत ई-गवर्नेंस की सफलताएं, सीमाएं और संभावनाओं का सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक परिदृश्य में समीक्षा करना अनिवार्य है। यह समीक्षा वर्तमान भारतीय परिदृश्य में की जानी आवश्यक है। प्रस्तुत शोध में व्यावहारिक अनुभवात्मक विश्लेषणात्मक पद्धति का प्रयोग किया गया है। अध्ययन में स्पष्टता एवं प्रमाणिकता लाने के लिए सूचनाओं का संकलन द्वितीयक स्रोतों के माध्यम से किया गया है। इस महत्त्वपूर्ण विषय पर विभिन्न पुस्तकों शोध जनरल, शासकीय तथा अशासकीय प्रकाशन, समाचार पत्र पत्रिकाओं आदि का प्रयोग किया गया है ताकि पर्याप्त आगत मिल सके।

ई-गवर्नेंस की संभावनाऐं

सरकार के निर्णयों में सुधार। सरकार के प्रति लोगों के विश्वास में वृद्धि करना। सरकार की जवाबदेही एवं पारदर्शिता बढ़ाना। सूचना युग में नागरिकों को उन्नत व्यवस्था प्राप्त करना। नई चुनौतियों का सामना करने में गैर सरकारी संगठनों, व्यवसायियों एवं इच्छुक नागरिकों को प्रभावी रूप से शामिल करना। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोग भी देश-विदेश के घटनाक्रम से भली-भाँति परिचित हो सकेंगे। इसके माध्यम से योजनाओं एवं दस्तावेजों का सुव्यवस्थित रख रखाव संभव हो सकेगा। सूचना का अधिकार एवं ई.प्रशासन मिलकर देश के विकास में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकेंगे। विभिन्न योजनाओं या परियोजनाओं की जानकारी एक आम आदमी तक इंटरनेट के माध्यम से पहुंचायी जा सकती है ताकि वे उसके बारे में जान सकें एवं लाभान्वित हो सकें। ज्ञान आधारित भारत के निर्माण में ई.गवर्नेंस एक महत्वपूर्ण कारक है।

ई-गवर्नेंस की सफलताएं

ई-गवर्नेंस से प्रशासनिक नेतृत्व एवं तकनीकीका एकीकरण हो जाता है। सरकारी विभागों या अभिकरणों से संबंधित

सूचनाएं एवं सेवाएं इंटरनेट पर उपलब्ध होना एवं स्वयं सरकार द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी की आधुनिक तकनीकों का प्रशासनिक कृत्यों में प्रयोग करना ई-गवर्नेस का व्यावहारिक स्वरूप है। ई-शासन की अवधारणा मूल रूप से बेहतर सरकार की मान्यता को पल्लवित करती है जिसके तहत नौकरशाही का छोटा आकार, प्रशासन में सच्चरित्रता, लोक सेवाओं के प्रति जवाबदेही, जनता में प्रशासन के प्रति विश्वसनीयता जगाना तथा प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता लाना इत्यादि शामिल हैं। यह प्रशासन में सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग करती है और इसमें ई.गवर्नेस शामिल है। यह अभिशासन की स्थापना की एक पद्धति है। इस व्यवस्था से कागजी कार्यवाही में कमी आती है तथा विलम्बशाही पर रोक लगती है। ई-गवर्नेस द्वारा टेलीकॉन्फ्रेंस संभव हुआ है जिससे प्रशासन में दक्षता आई है। इसमें एक ही कार्य की पुनरावृत्ति नहीं होती और निर्धारित इलेक्ट्रॉनिक कार्यक्रमों के रूप में प्रोग्राम विकसित कर दिया जाता है।

वर्तमान में सूचना प्रौद्योगिकी के युग में लोकतंत्र ई लोकतंत्र में परिवर्तित होता दिखाई दे रहा है जिसमें सरकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण द्वारा उनमें रचनात्मकता का विकास होता है जिससे शासन में अधिक पारदर्शिता एवं दायित्वशीलता देखने को मिलती है। ई-लोकतंत्र सामाजिक निर्माण में सभी वयस्क नागरिकों की भागीदारी से ही संभव हो पाया है। विभिन्न साइटों और विचारों का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी इंटरनेट साइटों, समूहों और सामाजिक नेटवर्क की एक विस्तृत विविधता के माध्यम से सामाजिक समावेश की एक संरचना भी प्रदान की जाती है। ई लोकतंत्र व्यक्तिगत राय व्यक्त करने की क्षमता के माध्यम से व्यक्ति की जरूरतों के प्रति संवेदनशीलता को पूरा करता है। इस प्रकार ई.लोकतंत्र समाज के सभी वर्गों द्वारा राज्य के अभिशासन में भाग ले सकने की क्षमता के माध्यम से लोकतंत्र की विकास की दिशा में भी सूचना और संचार प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। समन्वित रूप से ई-लोकतंत्र पारदर्शिता, उत्तरदायित्व की भावना एवं सहभागिता बढ़ाने की प्रक्रिया है। लोकतंत्र एवं प्रभावी शासन को प्रोत्साहित करने हेतु शासन में ई.लोकतंत्र के प्रमुख लक्ष्य निम्नलिखित हैं— सरकार की निर्णयन क्षमता में सुधार। सरकार के प्रति नागरिकों के विश्वास को बढ़ाना। सरकार की उत्तरदायित्वता एवं पारदर्शिता में वृद्धि करना। जन-इच्छा को सूचना युग में समायोजित करने की क्षमता। गैर सरकारी संगठनों, व्यापार एवं सार्वजनिक चुनौतियों से लड़ने हेतु नए मार्गों की खोज में रुचि रखने वाले नागरिकों की प्रतिभा का समुचित उपयोग करना।

ई-पंचायत

भारत में पंचायतीराज के माध्यम से लोकतंत्र का विकेंद्रीकरण किया गया है। यह शासन का प्रमुख क्रियान्वित निकाय होता है जिस पर पूरी विकासात्मक योजना की सफलता निर्भर करती है। इस संदर्भ में ई-पंचायत एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसके लिए पंचायत से संबंधित सभी मामलों, नियमों, सरकारी योजनाओं से संबंधित सभी सूचनाओं आदि का कम्प्यूटर द्वारा संग्रहण कर उनका सहज लाभ आम आदमी तक पहुंचाया जा सकता है। दरअसल ई-पंचायत से अर्थ इलेक्ट्रॉनिक पंचायत से है। इसके अंतर्गत सूचना और संचार की आधुनिक तकनीक का उपयोग कर पंचायत को कम्प्यूटरीकृत किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर शासन प्रबंधन में गुणात्मक और मात्रात्मक सुधार करना है। ई.पंचायत के माध्यम से बेहद तेजी से और कम समय में सूचना का प्रसार होता है जिसका लाभ ग्रामीण जीवन की निरंतर हो रही प्रगति को मिल सकेगा। जहाँ ई-पंचायत का प्रारंभ हो गया है वहां ग्रामीण क्षेत्रों के शासन प्रबंधन में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया है, जो पंचायत के सुधार और अर्थव्यवस्था को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहा है इससे पंचायत स्तर पर पारदर्शिता, शांति, सुरक्षा एवं समानता लाने में मदद मिल रही है।

उल्लेखनीय है कि जिस प्रकार महिलाओं के प्रवेश ने पंचायत स्तर पर पुरुष वर्ग के आधिपत्य को कमजोर किया है ठीक उसी प्रकार इस स्तर पर कम्प्यूटर एवं इंटरनेट का प्रवेश सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में ई-क्रांतिकारी बदलाव लाने का कार्य करेगा। वर्तमान में पंचायत को राज्य संचित निधि से व्यय राशि आवंटित की जाती है, लेकिन इसकी सही जानकारी आम लोगों तक नहीं पहुंच पाती। ई-पंचायत के माध्यम से वित्तीय अनियमिता को समाप्त किया जा सकता है। इसका सकारात्मक परिणाम लोगों के प्रति व्यक्ति आय के रूप में देखने को मिलेगा। ई-पंचायत तकनीक द्वारा लोगों में राजनीतिक

अधिकार के प्रयोग की शिक्षा से सामाजिक जागरूकता आएगी जिससे लोगों में नागरिक गुणों का विकास होगा, जनता और शासक में एक.दूसरे की परेशानियों को समझने की भावना उत्पन्न होगी, जिससे परस्पर सहयोग का विचार उत्पन्न होगा। यह सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए बहुत बड़ी क्रांति होगी। ई.पंचायत के माध्यम से भूमि संबंधी दस्तावेजों, नक्शों एवं सरकारी कानूनों और आदेशों की किसानों को सहज प्राप्ति कराई जा सकती है।

भारत में ई-गवर्नेंस की प्रमुख पहलें

डिजिटल इंडिया के अन्तर्गत कई कार्यक्रमों की पहल भारत में की गई है जैसे ब्रॉडबैंड के अंतर्गत तीन उप घटकों द्वारा सभी ग्रामीणों के लिए ब्रॉडबैंड, सभी शहरियों के लिए ब्रॉडबैंड और राष्ट्रीय सूचना संरचना को शामिल किया गया। मोबाइल कनेक्टिविटी नामक पहल का ध्यान देश में नेटवर्क की पहुंच और कनेक्टिविटी के अंतराल को कम करने पर केंद्रित है। मोबाइल कवरेज से वंचित गांवों को चरणबद्ध तरीके से मोबाइल कवरेज मुहैया कराया गया है, दूरसंचार विभाग इस परियोजना का नोडल विभाग बनाया गया है। पब्लिक ई-शासन प्रौद्योगिकी के माध्यम से सरकारी तंत्र में सुधार किया गया है अर्थात् सरकारी सेवाओं के वितरण को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सरकारी प्रक्रियाओं को सरल और अधिक कुशल बनाया गया है। इसलिए विभिन्न सरकारी डोमेन और सभी मंत्रालयों या विभागों द्वारा इसे कार्यान्वित किया जाना चाहिए। देश में ई.शासन, मोबाइल शासन और सुशासन की जरूरत को ध्यान में रखते हुए तथा गवर्नेस के कायाकल्प के लिए ई-क्रांति दृष्टिकोण को शामिल किया गया है। इसके अंतर्गत आठ उप घटक हैं। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रोजेक्ट उत्पाद शुरू किए गए हैं या किए जाने हैं. जैसे डिजिटल लॉकर सिस्टम इससे दस्तावेजों के चोरी होने का डर नहीं रहेगा। इसके माध्यम से पैनकार्ड, आधार कार्ड एवं अन्य जरूरी दस्तावेज ऑनलाइन सुरक्षित रखे जा सकेंगे। साथ ही इन्हें ऑनलाइन शेयर किया जा सकता है। ई-हस्ताक्षर नागरिकों को डिजिटल रूप से दस्तावेज हस्ताक्षर करने की अनुमति देता है। ई.अस्पताल योजना के अंतर्गत मरीज देश के किसी भी कोने में बैठकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल के अन्तर्गत छात्रों की स्कॉलरशिप की व्यवस्था ऑनलाइन होती है कोई भी छात्र स्कॉलरशिप के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। इसका वितरण भी ऑनलाइन ही होता है। भारत नेट द्वारा भारत सरकार ने देश की सभी ग्राम पंचायतों को जोड़ने के लिए भारत नेट नामक उच्च गति डिजिटल राजमार्ग शुरू किया है। यह ऑप्टिकल फाइबर का इस्तेमाल करने वाला विश्व का सबसे विशाल ग्रामीण ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट है।

ई-गवर्नेंस की सीमाऐं

ई गवर्नेंस में प्रयुक्त होने वाली तकनीकी अत्यधिक व्यय साध्य होती है। ई गवर्नेंस से तात्पर्य सरकार की सूचना एवं सेवाओं तक सभी नागरिकों की पहुंच संभव होना। यह लोकतंत्र के लिए अच्छा है लेकिन सभी नागरिकों की पहुंच सरकारी सूचनाओं तथा सेवाओं तक संभव नहीं हो पाती है। ई-गवर्नेंस में कंप्यूटर, सीसीटीवी ट्रैकिंग तंत्र, टीवी जैसे उपकरणों का प्रयोग शामिल होता है। भारत जैसे देश में इस प्रकार की तकनीक को अपनाना सरकार एवं नागरिकों के लिए काफी कठिन हो सकता है। सरकार द्वारा नीति निर्माण काफी समय से जटिल प्रक्रिया रही है। क्योंकि सरकार द्वारा अपनाई जाने वाली नीति निर्माण की प्रक्रिया में अभी भी परम्परागतता दिखाई देती है। शासकीय अवसंरचना में शक्ति का केन्द्रीयकरण राजनीतिक नेताओं के हाथों में निहित रहता है जो कि विस्तृत नीतिगत प्राथमिकताएं निर्धारित करते हैं तथा इन प्राथमिकताओं और विद्यमान कार्यक्रमों एवं वैधानिक आवश्यकताओं के आधार पर संसाधनों का आवंटन करते हैं।

किसी भी परियोजना में पहला कदम परियोजना की योजना बनाना है। परियोजना की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि इसे किस कौशल और विशेषज्ञता के साथ योजनाबद्ध है। अक्सर यह महसूस किया जाता है कि सरकारी विभाग सैकड़ों करोड़ रुपये की ई-गवर्नेंस परियोजनाओं के लिए परियोजना योजना तैयार करने में कुछ लाख रुपये खर्च करने से कतराते हैं। योजनाएँ स्पष्ट उद्देश्यों के बिना बनाई जाती हैं। वित्तीय नियंत्रण के लिए कोई मापदंड नहीं हैं। कभी.कभी

प्रक्रियागत और विभागीय बाधाएँ होती हैं कभी कभी कानूनी बाधाएँ और कभी.कभी संवैधानिक बाधाएँ भी होती हैं। जमीनी हकीकत को समझे बिना सलाहकार ऐसे समाधान सुझाते हैं जो निरर्थकए अव्यवहारिक और अप्राप्य होते हैं। नतीजतन उनकी रिपोर्ट सरकारी अधिकारियों की अलमारियों में धूल फाँकती रहती है। यह नहीं समझा जाता है कि ई.गवर्नेंस कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन के लिए कार्यक्रम प्रबंधन इकाई को प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति के अधीन रखा जाना चाहिए ताकि सफल कार्यान्वयन हो सके। इस कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के लिए टीम में विभिन्न सरकारी पृष्ठभूमि के अनुभव वाले व्यक्ति शामिल होने चाहिए।

ई-गवर्नेंस में सफलता का श्रेय तो हर कोई लेता है और असफलता की जिम्मेदारी कोई नहीं लेता। ई.गवर्नेंस की कुछ परियोजनाएं ऐसी हैं जो कुछ रुकावटों के कारण समाप्त हो सकती हैं और समय समय पर उन्हें नई टीमों को सौंप दिया जाता है। नई टीमें पहले से ही गिरे हुए सिस्टम को बनाने के बजाय आम तौर पर दोषारोपण का खेल शुरू कर देती हैं कि पिछली टीम ने ऐसा किया है। पहली टीम दूसरी को और दूसरी पहली को दोष देती है। दोषारोपण का खेल परियोजना की पूरी विफलता में समाप्त होता है।

सुझाव

-आईटी में मानकीकरण, परीक्षण और गुणवत्ता को बढ़ावा देना तथा आईटी अनुप्रयोग और कार्यों के लिए प्रक्रिया का मानकीकरण करना चाहिये।

-इंटरनेट, आई टी आदि सक्षम सेवाओं को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दिया जाए।

-ई.गवर्नेंस, ई.कॉमर्स, ई.मेडिसिन, ई.इंफ्रास्ट्रक्चर आदि को बढ़ावा देने में अन्य विभागों को सहायता प्रदान की जाए।

-प्रौद्योगिकी शिक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षा को और अधिक बढ़ावा दिया जाए।

निष्कर्ष

ई-गवर्नेन्स का लक्ष्य दीर्घकालिक विकास के लिए आधारशिला रखना और उसे गति प्रदान करना है। इस योजना का उद्देश्य सही शासन और संस्थागत तंत्र बनाना, मुख्य बुनियादी ढाँचा और नीतियाँ स्थापित करना तथा शासन के लिए भारत सरकार ने राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस कार्य योजना को मंजूरी दी है। इस योजना का उद्देश्य देश में ई-गवर्नेंस केंद्रित और व्यवसाय-केंद्रित वातावरण बनाने के लिए केंद्र, राज्य और एकीकृत सेवा स्तरों पर कई परियोजनाओं को लागू करना है। योजना को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दे दी गई है और समग्र कार्यक्रम सामग्री कार्यान्वयन दृष्टिकोण और शासन संरचनाओं को समर्थन दिया गया है। प्रशासनिक स्तर पर की गई कार्यवाहियों से यह देखा जा सकता है कि केंद्रीय मंत्रालयों,विभागों और राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के स्तर पर ई-गवर्नेंस की शुरुआत को सर्वाच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिये। केंद्र और राज्यों में कार्यान्वयन के लिए एक राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस कार्य योजना तैयार की जानी चाहिये। यह कहा जा सकता है कि बेहतर प्रशासन के लिए ई-गवर्नेंस वर्तमानकी आवश्यकता है।

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

राम मनोहर लोहिया का समाजवादी-सांस्कृतिक चिंतन

डॉ. दयाचंद
सहायक आचार्य-राजनीति विज्ञान
बाबू शोभराम राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के समय में बौद्धिक स्तर पर ऐसे समर्थ कई नेता हुए जिन्होंने सांस्कृतिक विषयों पर सोचने और लिखने के साथ इस संबंध में अपने मौलिक विचार प्रस्तुत किये। इनमें लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक, जवाहर लाल नेहरू, का. पी. सी. जोशी और डॉ. राम मनोहर लोहिया का नाम विशेष रूप से लिया जा सकता है। 'गीता रहस्य' तिलक की अमूल्य कृति है जिसने आजादी की लड़ाई लड़ने वालों को गहरे रूप से प्रभावित किया था।

गाँधी, सहजानन्द सरस्वती और विनोबा भावे ने तिलक का अनुसरण करते हुए 'गीता की अपनी-अपनी व्याख्याएँ की और स्वतंत्र पुस्तकें भी लिखीं। फाँसी के तख्ते पर झूलते समय पं. राम प्रसाद बिस्मिल के हाथ में गीता थी। गणपति उत्सव और शिवाजी उत्सव की शुरुआत कर तिलक ने हिन्दुओं में राष्ट्रीय भावना भरने की भरपूर कोशिश की। जहां गणपति पौराणिक देवता थे, वहाँ मराठा साम्राज्य के संस्थापक शिवाजी ऐतिहासिक व्यक्ति थे। तिलक को इस सोच और प्रयास से हिन्दुओं में राष्ट्रीयता का भाव जागा।

जवाहरलाल नेहरू सिर्फ एक व्यक्ति नहीं थे। वह एक मूर्तमान मानक थे, भारतीय मानस में आधुनिक आदर्श थे। वह एक ऐसी जीवन देखने को एक दृष्टि का प्रतिनिधित्व करते थे, इसमें इनकी संस्कृति भी शामिल थी। वे मूलतः एक राजनीतिक नेता थे, लेकिन उससे भी बढ़कर लेखक थे। जनतांत्रिक भारत और भारत की आहत चेतना के क्षितिज पर कोई भी नेता इस प्रकार नहीं छाया हुआ है जैसे जवाहरलाल नेहरू; इसका स्पष्ट कारण यही है कि नयी भारतीय सभ्यता के निर्माण से सम्बद्ध नीतियाँ, कार्यक्रम, प्रक्रियाएँ और अन्य कामों को शुरू करने में जैसी प्रमुख भूमिका उन्होंने निभायी, वैसी किसी और ने नहीं। वह एक महान राजनीतिक प्रचारक और भारतीय जनता के अथक पक्के शिक्षक भी थे। उनके लेखों, वक्तव्यों व भाषणों ने दशकों तक जनमत का निर्माण किया और राष्ट्रीय जीवन के कई महत्वपूर्ण मसलों पर जनमत का नेतृत्व किया। उनकी दिलचस्पी व्यापक थी, लगभग हर विषय में वह गहरी दिलचस्पी लेते थे, मानों विश्वकोष के हर विषय में इतिहास, साहित्य और संस्कृति से लेकर भौतिक एवं प्राणि विज्ञानों तक, पर्यावरण से प्रविधि तक, चराचर जगत तक। वह एक विश्व मानव थे, मानवतावादी और सर्वदेशीय, उनके लिए कोई भी बेगाना या पराया नहीं था।

भारतीय और विश्व इतिहास के लेखक के रूप में नेहरू का व्यक्तित्व मुक्ति संघर्ष के नेता और उनके प्रधानमंत्री वाले व्यक्तित्व से बहुत बड़ा है। इतिहासकार नेहरू की इतिहास दृष्टि को दो अर्थों में विश्लेषित करते हैं, एक तो इतिहासकार या इतिहास लेखक की दृष्टि से नेहरू के व्यक्तित्व का विवेचन और दूसरा स्वयं इतिहास को विवेचित करने की उनकी दृष्टि या विचारधारा का अध्ययन।

पहले अर्थ में नेहरू ने एक सक्रिय राजनीतिक योद्धा का जीवन बिताते हुए अपने कुल लगभग दस वर्षों के जेल जीवन में इतिहास के दो ग्रंथ 'विश्व इतिहास की झलक' और 'हिन्दुस्तान की कहानी' की रचना की। नेहरू ने 'विश्व इतिहास की

झलक 1930-40 के बीच अपनी पुत्री इन्दिरा के नाम लिखे गये पत्रों के रूप में लिखी। बाद में वे पत्र पुस्तकाकार छपे जिनके कई संस्करण हुए। ये पत्र पूर्व की प्राचीन सभ्यताओं पर उनके विचारों के रूप में शुरू होते हैं और उन घटनाओं के साथ समाप्त होते हैं जो द्वितीय विश्वयुद्ध के कारण बनीं।

दूसरी पुस्तक 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' प्राचीन काल से लेकर वर्तमान काल तक भारत के इतिहास का विश्लेषण है। नेहरू की सर्वाधिक विशेषता यह थी कि उन्होंने इतिहास को भूत की कहानी के रूप में चित्रित नहीं कर उसे वर्तमान की नजर से देखने का प्रयास किया। इस सन्दर्भ में उन्होंने 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' में लिखा है–

'वर्तमान की जड़ें अतीत में रहती हैं और इसलिए मैंने अतीत में खोजपूर्ण बात्राएँ को और इन यात्राओं के दौरान हमेशा यह खोजने का प्रयत्न करता रहा कि अतीत में वर्तमान को समझने के कोई सूत्र हैं या नहीं। किन्तु अतीत की घटनाओं के मनन के समय भी वर्तमान का प्रभाव मुझ पर हमेशा बन रहा।" निष्कर्षतः जवाहरलाल नेहरू इतिहासकार के साथ-साथ इतिहास दार्शनिक भी हैं और राजनेता से अलग उनके व्यक्तित्व का यह एक अलग महत्वपूर्ण पक्ष है जिसके लिए भारत और दुनिया इनका हमेशा ऋणी रहेगी।

राष्ट्रीय स्तर पर का. पुरनचन्द जोशी ऐसे वामपंथी नेता थे जिन्होंने देश के सांस्कृतिक जीवन में सार्थक हस्तक्षेप किया और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, अनेक सांस्कृतिक संस्थाओं की स्थापना में सक्रिय योगदान दिया। इनमें प्रलेस और इप्टा का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। जोशी ने बड़े परिश्रम से 1857 के मुक्ति संघर्ष से जुड़े लोकगीतों का भी संकलन और प्रकाशन किया।

1948 में सोशलिस्ट पार्टी ने भी प्रलेस और इप्टा के तर्ज पर एक सांस्कृतिक संगठन का निर्माण किया था जिसका मुख्य केन्द्र बनारस था। इसने अपना एक घोषणा पत्र भी प्रकाशित किया था और इसके लिए 'जनवाणी' नाम से एक पत्रिका का प्रकाशन भी शुरू किया था। लेकिन यह संगठन हिन्दी क्षेत्रों तक ही सीमित था। दो-चार वर्षों में ही वह काल कवलित हो गया। आचार्य नरेन्द्र देव इसके मुख्य प्रस्तावक थे। का. जोशी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता होने के साथ-साथ एक इतिहासकार भी थे। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से इतिहास में एम.ए, किया था इसलिए ऐतिहासिक तथ्यों को ये कभी नकारते नहीं थे।

लोहिया वैसे तो मुख्य रूप से राजनेता थे, लेकिन सांस्कृतिक विषयों में भी उनकी गहरी रुचि थी और इस ओर उन्होंने ध्यान भी दिया था और कतिपय मौलिक विचार रखने की कोशिश की थी। लेखकों और बुद्धिजीवियों की एक अच्छी जमात उनके साथ थी, जिनमें प्रमुख थे- रघुवीर सहाय, विजयदेव नारायण साही, रघुवंश, कृष्णनाथ, रमा मित्रा, ओम प्रकाश दीपक, बद्री विशाल पित्ती. परिमल दास, संगम लाल पांडेय, श्रीकान्त वर्मा, सर्वेश्वर दयाल सक्सेना, लक्ष्मीकांत वर्मा, युगेश्वर आदि। बद्री विशाल पित्ती जैसे पूंजीपति इनके वित्त पोषक थे। लोहिया और उनके समर्थक साहित्यकारों ने उनके विचारों को प्रचारित प्रसारित करने के लिए पत्रिकायें भी निकाली थी। लोहिया स्वयं 'मैनकाइन्ड' और 'जन' का सम्पादन करते थे और ये दोनों पत्रिकाएँ उनकी पार्टी की मुख्य पत्रिकाएँ थीं। बद्री विशाल पित्ती ने 'कल्पना' और डॉ. रघुवंश ने 'क ख ग' निकाला था जिनमें लोहिया समर्थक लेखकों की रचनाएँ विशेष रूप से छपती थीं। लोहिया ने बद्री विशाल पित्ती को प्रेरित कर मकबूल फिदा हुसैन से 'रामायण' की कथा को चित्रांकित कराया था। लोहिया ने बहुत कम लिखा है, उनकी अधिकांश रचनाएँ उनके द्वारा दिये गये भाषण हैं।

लोहिया ने 1929 में कोलकाता विश्वविद्यालय से अंग्रेजी ऑनर्स की परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास की थी। उन्होंने बर्लिन विश्वविद्यालय (जिसका नाम बाद में बदलकर हमबोल्ट विश्वविद्यालय हो गया) में चार वर्षों तक रहकर स्नातकोत्तर तथा डॉक्टरेट की उपाधियाँ हासिल की। डॉक्टरेट के लिए उनके द्वारा लिखे गए शोध-प्रबन्ध का शीर्षक 'इकोनॉमिक्स ऑफ साल्ट सत्याग्रह' था।' लोहिया की गहरी दिलचस्पी हिन्दू मिथकों के अध्ययन और पुनर्व्याख्या में थी। अर्थशास्त्री लोहिया परम स्वतंत्र थे। वे ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़-मरोड़ और पुनर्व्याख्या के जरिए अपने वक्तव्यों या दृष्टिकोण के पक्ष में ला खड़ा करते थे।

लोहिया की रुचि चित्रकला, मूर्ति कला और वास्तुकला में भी थी। उनके भाषणों में जहाँ-तहाँ इसके बारे में टिप्पणियाँ

पढ़ने को मिलती हैं। वे बतलाते हैं कि भारत में पांच महान सांस्कृतिक केन्द्र हैं; जिनमें एलोरा, कोणार्क और खजुराहो के मंदिर प्रमुख है।

उनका कहना है कि यमुना के दक्षिण में ही कला विकसित हुई है, उत्तर में नहीं। वे आन्ध्र संस्कृति को विशेषता मध्यकालीन चित्रों में देखते हैं। लोग भले ही दिल्ली, आगरा, आन्ध्र और उत्कल की संस्कृति की बात करें, पर मूल रूप में सारे हिन्दुस्तान की संस्कृति एक है। कोणार्क मंदिर की दीवारों पर उकेरी गई मूतियों पर उनकी टिप्पणियाँ काफी हद तक मौलिक हैं। वे उनके क्रम को पूर्ण सत्य के शाश्वत अन्वेषण के रूप में देखते हैं। वहाँ आखेट, प्रेम, संगीत और शक्ति को आरोही क्रम में रखा गया है।

लोहिया की पुस्तक 'भारत माता धरती माता' में भाषा से संबंधित तीन लेख हैं। एक लेख का शीर्षक है 'हिन्दी, अंग्रेजी और देशी भाषाएँ', दूसरा लेख 'वर्णमाला, भाषा और शिक्षा' से जुड़ा है और तीसरा का शीर्षक है बोली और कपड़ा।

जर्मन प्रवास के दौरान लोहिया की यह धारणा ठोस आकार ग्रहण कर सकी थी कि कोई भी देश तब तक मानसिक एवं अकादमिक दासता से मुक्ति नहीं पा सकता जब तक उसकी स्वयं की भाषा अकादमिक संवाद एवं सरकारी कामकाज के निष्पादन का वाहक न बन जाए।

लोहिया अंग्रेजी के राजकीय भाषा के रूप में ही नहीं बल्कि शिक्षण और शोध के माध्यम के तौर पर इस्तेमाल के भी विरुद्ध थे। वे चाहते थे कि उसका स्थान भारतीय भाषाएँ ले लें। उनका मानना था कि अंग्रेजी को हटाए बिना भारतीय भाषाओं के विकास और समृद्धि का रास्ता नहीं खुल सकता। यहाँ यह कहना आवश्यक है कि लोहिया न तो हिन्दी के अन्ध समर्थक थे और न ही आंग्रेजी सीखने, अंग्रेजी साहित्य पढ़ने और अंग्रेजी बोलने के खिलाफ थे। वे खुद अच्छी अंग्रेजी लिखते बोलते थे तथा अंग्रेजी व्याकरण के नियमों का सख्ती से पालन करते थे। हाँ, भारतीयों से बातचीत में वे भारतीय भाषाओं के इस्तेमाल के पक्षधर थे। लोहिया ने हिन्दी लिखने बोलने की अपनी शैली विकसित की, जिसमें जनसाधारण द्वारा प्रयोग में लाए जानेवाले सुबोध, सरल शब्दों का इस्तेमाल किया। वे डॉ. रघुवीर के कृत्रिम शब्द सूजन के घोर विरोधी थे। हिन्दी के संबंध में वे पुरुषोत्तम दास टंडन और सेठ गोविन्द दास के विचार से भी सहमति नहीं रखते थे। उनका मानना था कि भारतीय भाषाओं के बदले कंबल हिन्दी की बात करने तथा एक कृत्रिम हिन्दी भाषा को जबर्दस्ती लादने से गैर-हिन्दीवासियों के मन में तरह-तरह की आशंकाएँ हो सकती हैं जो देश की एकता के लिए ठीक नहीं है। लोहिया ने कुछ शब्द भी गढ़े थे जो कुछ दिनों तक खासे प्रचलन में थे। कुछ का राजनीतिक हल्कों में अभी भी इस्तेमाल होता है।

डॉ. लोहिया ने कुछ आन्दोलन चलाए थे जिसमें जाति तोड़ो, अंग्रेजी हटाओ, रामायण मेला लगाओ जैसे आन्दोलन भी शामिल थे। अंग्रेजी हटाओ आन्दोलन उनके और आन्दोलनों की अपेक्षा ज्यादा सशक्त आन्दोलन था। इस आन्दोलन में शामिल लोग अंग्रेजी में लिखे नाम पटों पर अलकतरा पोतते थे। गाड़ियों में नेम प्लेट देवनागरी लिपि में बदलने के लिए बाध्य करते थे। अंग्रेजी में लिख नाम को काला करते थे। यद्यपि लोहिया रोमन अंकों के हटाने के पक्षधर नहीं थे। लोहिया की भाषा नीति पर उनके अनुनायियों ने जो राज्य और केन्द्र में मंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद और विधायक बनते रहे इस दिशा में कोई कारगर पहल नहीं की और न कोई संघर्ष ही किया।

इन लोहियावादियों ने अपने राज्यों में अंग्रेजी की पढ़ाई तो जारी रखी लेकिन अंग्रेजी में पास होने की अनिवार्यता को खत्म कर दिया। बिहार में अंग्रेजी उत्तीर्ण हुए बिना मैट्रिक पास विद्यार्थी कूर्परी डिविजन में पास की संज्ञा से विभूषित किए जाते रहे हैं। लोहिया अपने भाषणों में कहा करते थे नेता लोग वोट लेंगे हिन्दी, बंगला और तेलगू के जरिए, शासन चलायेंगे अंग्रेजी के जरिए। इस तरह लोहिया के चिन्तन में भाषा का महत्व रोटी से कम नहीं है।

लोहिया के चिन्तन में स्त्री विमर्श भी एक विषय है। उन्होंने 'पवित्रता और नर-नारी संबंध' नामक अपने आलेख में देश के पतन के मुख्य कारणों में 'जाति' और 'योनि' को माना है। वे लिखते हैं "पश्चिम एशिया में औरत एक सुन्दर खिलौना रही है। तफरीह के क्षणों में कदर और प्रेम, फिर अवस्तु। कई सौ या हजार बरस में हिन्दू नर का दिमाग अपने हित को लेकर गैर-बराबरी के आधार पर बहुत ज्यादा गठित हो चुका है। उस दिमाग को ठोकर मार-मार करके बदलना है। नर-नारी

के बीच में बराबरी कायम करना है। नर-नारी की गैर बराबरी शायद आधार है और सब गैर बराबरियों के लिए या अगर आधार नहीं है तो जितने भी आध तर है बुनियाद की चट्टानें समाज में गैर-बराबरी की और नाइंसाफी की, उनमें यह चट्टान शायद नर-नारी की गैर बराबरी।"

यह तो बात रही नर-नारी की गैरबराबरी की और दूसरी बात ये बतलाते हैं कि यौन पवित्रता की। "हिन्दुस्तान आज विकृत हो गया है; यौन पवित्रता की लम्बी-चौड़ी बातों के बावजूद, आमतौर पर विवाह और यौन संबंध में लोगों के विचार सड़े हुए हैं। सारे संसार में कभी-कभी मर्द ने नारी के संबंध में शुचिता, शुद्धता, पवित्रता के बड़े लम्बे-चौड़े आदर्श बनाये हैं। घूम फिरकर इन आदशों का संबंध शरीर तक सिमट जाता है, और शरीर के भी छोटे से हिस्से पर नारी का पर-पुरुष से स्पर्श न हो। शादी के पहले हरगिज न हो। बाद में अपने पति से हो। एक बार जो पति बने, तो दूसरा किसी हालत में न आये। भले ही ऐसे विचार मर्द के लिए सारे संसार में कभी-न-कभी स्वाभाविक रहे हैं, किन्तु भारत भूमि पर इन विचारों की जो जड़ें और प्रस्फुटन मिले वे अनिर्वचनीय हैं। इसे जकड़ कर रखो, मन से, सूत्र से, समाज संगठन से और अन्ततोगत्वा शरीर की प्रणालियों से कि जल्दी से जल्दी लड़की का विवाह करके औरत को शुच शुद्ध और पवित्र बना कर रखे।"

9) Wangchuk, Pema. (2023). EXAMINING THE INFLUENCE OF ON-JOB TRAINING (OJT) ON STUDENT LEARNING: A STUDY FOCUSING ON THE 6TH COHORT OF THE DIPLOMA IN MATERIALS AND PROCUREMENT MANAGEMENT PROGRAM AT JIGME NAMGYEL ENGINEERING COLLEGE IN DEWATHANG. Journal of Applied Engineering, Technology and Management. 3. 23-31. 10.54417/jaetm.v3i1.100.
10) Oteyza, S., Abalos, M., Tagnong, M. J., & Depayso, E. (2023). On The Job Training Program Of The Bachelor Of Science In Hotel And Restaurant Management Of Nueva Vizcaya State University Bambang Campus: An Assessment. *Studies in Technology and Education*, *1*(2), 97–103. https://doi.org/10.55687/ste.v2i1.32
11) Loc, T. B., Ngan, N. T. T., Linh, L., & Nguyen, L. T. (2025). On-The-Job Training: Enhance Experience and Increase Success for the Student Community in Vietnam. *SAGE Open*, *15*(1). https://doi.org/10.1177/21582440241311160

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

॥ सतिगुर प्रसादि ॥

कामागाटा मारू : सिखों के संघर्ष की अद्‌भुत-अनोखी दास्तान

डॉ. रणजीत सिंह अरोरा 'अर्श'
सदनिका क्रमांक 5, अवन्तिका रेजीडेंसी,
58/59, सोमवार पेठ, नागेश्वर मंदिर रोड,
पुणे -411011 (महाराष्ट्र)
मो. 9096222223, 9371010244
ईमेल : arshpune18@gmail.com

सवैया ॥

देह सिवा बरु मोहि इहै सुभ करमन ते कबहूं न टरो॥
न डरो अरि सो जब जाइ लरो निसचौ करि अपुनी जीत करो॥
अरु सिख हौ आपने ही मन को इह लालच हउ गन तउ उचरो॥
न डरो अरि सो जब जाइ लरो निसचौ करि अपुनी जीत करो॥
अरु सिख हौ आपने ही मन को इह लालच हउ गुन तउ उचरो॥
जब आव की अउध निदान बनै अति ही रन मै तब जूझ मरो॥

(चंडी चरित्र)

भूमिका

मानव का स्वभाव सदा से ही अपने जीवन को सुख-संपन्न बनाने की ओर उन्मुख रहा है। वह उत्तम साधनों, समृद्ध स्थानों और सुगम अवसरों की ओर आकृष्ट होकर, स्वयं के लिए और अपने परिवार के लिए बेहतर जीवन की तलाश करता रहा है। इसी प्रवृत्ति के अंतर्गत, स्वभावतः साहसी, श्रमशील और घुमक्कड़ प्रवृत्ति के पंजाबी; विशेषतः सिख समुदाय ने विश्व के कोने-कोने में प्रवास कर अपनी असाधारण मेहनत, लगन और कर्मनिष्ठा से सम्मानित स्थान अर्जित किया है।

बीसवीं सदी के आरंभिक वर्षों में ही पंजाबी समुदाय ने कनाडा जैसे विकसित देश में निवास करना प्रारंभ कर दिया था। इसका एक प्रमुख कारण यह था कि उस समय कई पंजाबी युवक ब्रिटिश सेना में सेवा करते थे और विभिन्न उपनिवेशों में नियुक्त होकर कनाडा जैसे देशों की जीवन-शैली, मौसम तथा सुख-सुविधाओं से परिचित हो जाते थे। जब वे सैनिक छुट्टी में पंजाब लौटते, तो वे अपने अनुभवों से ऐसा चित्र प्रस्तुत करते कि हर पंजाबी के मन में कनाडा जाकर बसने की उत्कंठा जाग्रत हो जाती थी।

ब्रिटिश साम्राज्य और प्रवास की राजनीतिक विडंबना

उस समय भारत और कनाडा दोनों ही ब्रिटिश साम्राज्य के अधीन थे। यह अपेक्षा स्वाभाविक थी कि एक उपनिवेश का नागरिक, दूसरे उपनिवेश में जाकर स्वतंत्रतापूर्वक बस सकेगा। जनता में यह धारणा दृढ़ थी कि चूंकि दोनों देशों में अंग्रेजी

हुकूमत है, अतः किसी प्रकार की बाधा नहीं होनी चाहिए। साथ ही, कनाडा की जनसंख्या अपेक्षाकृत कम थी और उद्योग-धंधों में काम के अवसर अधिक। किन्तु जब प्रवासी भारतीयों, विशेषतः सिखों की संख्या बढ़ने लगी, तब कनाडा में श्वेत वर्चस्ववादी भावना का उभार होने लगा। वहाँ के गोरे नागरिक यह स्वीकार करने को तैयार नहीं थे कि एशियाई, विशेषतः भारतीय मूल के लोग, वहाँ सम्मान पूर्वक रह सकें। अतः कनाडाई प्रशासन ने एक के बाद एक कठोर और भेदभावपूर्ण प्रवासन नियम लागू करने आरंभ कर दिए, जिनका उद्देश्य भारतीयों के प्रवेश को सीमित करना था।

नस्लभेद और वैधानिक अवरोध

कनाडा सरकार ने भारतीयों के विरुद्ध ऐसे कठोर अप्रवासन कानून बनाए, जिनका स्पष्ट उद्देश्य केवल श्वेत नागरिकों को ही देश में बसने देना था। इन कानूनों का भारतीय समाज ने तीव्र विरोध किया। कई कानूनी लड़ाइयाँ लड़ी गईं। यह भी ध्यान देने योग्य है कि ऐसी पाबंदियाँ केवल भारतीयों पर थीं, जापानी, चीनी और अन्य एशियाई जातियों पर उतनी कठोरता नहीं दिखाई गई।

यह स्पष्ट नस्लभेद था, जो भारतीयों की गरिमा और अधिकारों का घोर उल्लंघन था। इस पृष्ठभूमि में कामागाटा मारू की घटना घटित हुई, जिसने न केवल उस समय के साम्राज्यवादी ढांचे को चुनौती दी, बल्कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम की नींव को और भी गहरा कर दिया।

कामागाटा मारू एक भाप से संचालित मालवाहक जहाज़ था, जिसका स्वामित्व जापान की प्रतिष्ठित शिपिंग कंपनी Shinyei Kisen Goshi Kaisya के पास था। इसका निर्माण वर्ष 1890 ईस्वी. में हुआ था। यह जहाज़ अपनी ऐतिहासिक यात्रा के दौरान हांगकांग से प्रस्थान कर, शंघाई (चीन), योकोहामा (जापान) होते हुए ब्रिटिश कोलंबिया (कनाडा) के वैंकूवर बंदरगाह तक पहुँचा था। उस कालखंड में हवाई यात्राएं प्रचलन में नहीं थीं; अतः समुद्री मार्ग ही प्रवास का एकमात्र साधन था।

इस ऐतिहासिक यात्रा में कुल 376 यात्री सवार थे, इनमें 340 सिख, 24 मुस्लिम एवं 12 हिंदू थे। ये सभी यात्री ब्रिटिश भारत के नागरिक थे, जिन्होंने अत्यंत कठिनाइयों का सामना करते हुए विदेश में अपनी नई ज़िंदगी आरंभ करने का स्वप्न संजोया था। परंतु दुर्भाग्यवश कनाडा सरकार ने इनमें से केवल 24 यात्रियों को देश में प्रवेश की अनुमति दी, शेष 352 यात्रियों को वापस भारत लौटने को बाध्य कर दिया गया।

उल्लेखनीय है कि उस समय संपूर्ण उत्तर अमेरिका में लगभग 2,000 भारतीय प्रवासी निवास करते थे। लेकिन गोरे नागरिकों की श्वेत श्रेष्ठता की भावना इस हद तक व्याप्त थी कि वे किसी भी एशियाई मूल के व्यक्ति को अपने देश में बसने देना नहीं चाहते थे। यही कारण रहा कि उन्होंने अप्रवासन (Immigration) कानून को जानबूझकर इतना जटिल बना दिया कि कोई भी भारतीय उन शर्तों को पूरा न कर सके।

इन कानूनों में से एक अत्यंत कठोर और कुख्यात कानून The Continuous Passage Act था, जिसके अंतर्गत यह आवश्यक था कि कोई भी भारतीय तभी ब्रिटिश कोलंबिया में प्रवेश कर सकता है जब वह बिना रुके सीधे वहाँ पहुँचे। किन्तु भारत से उस समय किसी भी जहाज़ की नॉन-स्टॉप डायरेक्ट टिकट उपलब्ध नहीं थी। इसके अतिरिक्त, यह शर्त भी रखी गई थी कि प्रत्येक भारतीय प्रवासी के पास कम-से-कम $ 200 कैश होना अनिवार्य था जबकि उस समय एक साधारण भारतीय की दैनिक आय 10 सेंट के लगभग थी।

इतना ही नहीं, भारतीयों को वहाँ के नागरिक अधिकारों से भी वंचित रखा गया। उन्हें मतदान का अधिकार नहीं था। सन 1860 ईस्वी. में पारित एक विधेयक के तहत उन्हें "बंधुआ श्रमिक'' जैसी स्थिति में रखकर उनसे श्रम करवाया जाता था।

ऐसी दमनकारी परिस्थितियों के विरुद्ध जिस व्यक्ति ने मुखर और साहसिक चुनौती दी, वह थे सरदार गुरदित्त सिंह! पंजाब के जिला अमृतसर स्थित ग्राम सरहाली के निवासी। वे सिख समाज के प्रतिष्ठित, शिक्षित एवं दूरदर्शी व्यवसायी थे।

उन्होंने न केवल The Continuous Passage Act का गहन अध्ययन किया, अपितु उसे तोड़ने का संकल्प लेकर एक ऐसा साहसिक निर्णय लिया, जो आने वाले समय में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की चेतना का अग्रदूत बना।

उन्होंने जापानी जहाज़ कामागाटा मारू को 60,000 डॉलर की राशि पर भाड़े (लीज़) पर लेकर 'गुरु नानक नेविगेशन कंपनी' की स्थापना की। यह उल्लेखनीय है कि उस समय भारत में कोई भी स्वदेशी शिपिंग कंपनी नहीं थी और न ही कोई भारतीय जहाज़ का स्वामी था। सरदार गुरदित्त सिंह ने इस तकनीकी अड़चन को पार करते हुए वह जहाज़ किराये पर लिया, और अनेक भारतीय व्यवसायियों ने इस क्रांतिकारी पहल के समर्थन में इस नवगठित कंपनी के शेयर भी खरीदे।

इस यात्रा के ठीक दो दिन पूर्व, सरदार गुरदित्त सिंह को हांगकांग में गिरफ्तार कर लिया गया। उन पर आरोप लगाया गया कि वे अवैध रूप से यात्रियों को टिकट बेच रहे हैं। वस्तुतः ब्रिटिश हुकूमत के दबाव में हांगकांग प्रशासन ने यह कार्रवाई की। कामागाटा मारू जहाज़ को भी होमगार्ड द्वारा जब्त कर लिया गया था। स्थानीय प्रशासन इंग्लैंड और कनाडा से आदेश प्राप्त करने की प्रतीक्षा में था।

जब अपेक्षित निर्देश प्राप्त नहीं हुए, तब 4 अप्रैल सन 1914 ई. को हांगकांग प्रशासन ने सरदार गुरदित्त सिंह को रिहा कर दिया और जहाज़ को अपनी यात्रा आरंभ करने की अनुमति दे दी। उसी दिन जहाज़ ने हांगकांग से प्रस्थान कर शंघाई की ओर कूच किया। वहीं से 111 नए यात्री सवार हुए। इसके पश्चात 14 अप्रैल को पोर्ट मौजी से 86 और यात्री, और योकोहामा (जापान) से 14 यात्री इस साहसिक यात्रा में शामिल हुए। इस प्रकार कुल 376 भारतीय देशप्रेम और आत्मसम्मान से भरे हृदय लेकर, समुद्र की लहरों को चीरते हुए कनाडा की ओर अग्रसर हुए।

जब जहाज़ शंघाई पहुँचा, तब जर्मन प्रेस ने ब्रिटिश मीडिया को यह सूचना दी कि "एक भारतीय जहाज़ वैंकूवर की ओर अग्रसर है, जिसमें सैकड़ों हिंदुस्तानी सवार हैं।" ब्रिटिश प्रेस ने इस समाचार को सनसनीखेज़ बनाते हुए प्रकाशित किया। समाचार-पत्रों की सुर्खियाँ थीं–

"Boat Loads of Hindus on Way to Vancouver"

"Hindu Invasion of Canada"

इन भ्रामक और भड़काऊ प्रचारों के कारण वैंकूवर और संपूर्ण ब्रिटिश कोलंबिया में भय और घृणा का माहौल बन गया। स्थानीय गोरे नागरिकों और प्रशासन ने इस यात्रा का विरोध तीव्र कर दिया। वैंकूवर में प्रवासी भारतीय दो वर्गों में बँट गए, एक ओर वह थे जो इन यात्रियों का स्वागत कर रहे थे, दूसरी ओर वह श्वेत श्रेष्ठतावादी थे जो उन्हें किसी भी कीमत पर प्रवेश देने को तैयार नहीं थे।

इन विकट परिस्थितियों में वैंकूवर में बसे भारतीयों ने अपने हम वतन यात्रियों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा हेतु संगठित होकर 'खालसा दीवान संस्था' के माध्यम से हर संभव सहायता प्रदान करने का बीड़ा उठाया।

वेंकूवर बंदरगाह पर टकराव और असहमति का विस्फोट

जब कामागाटा मारू जहाज़ 23 मई सन 1914 ई. को वैंकूवर के Burrard Inlet नामक गोदी में पहुँचा, तो स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने जहाज़ पर चढ़कर गहन निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि सभी 376 यात्री स्वस्थ एवं सकुशल हैं। किन्तु प्रशासन ने मात्र एक पंजाबी डॉक्टर को, जो वास्तव में उनका मुखबिर था, वैंकूवर नगर में प्रवेश की अनुमति दी।

यात्रा की समस्त शर्तों का पालन करने के उपरांत भी कनाडा प्रशासन ने इन यात्रियों को देश में प्रवेश देने से स्पष्टतः इंकार कर दिया। यह अन्यायपूर्ण निर्णय यात्रियों के बीच तीव्र आक्रोश और बेचैनी का कारण बना। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए वैंकूवर में बसे भारतीय 'खालसा दीवान संस्था' के माध्यम से एकजुट हो गए और एक विधिसम्मत संघर्ष आरंभ किया। इंग्लैंड और भारत के वायसराय को तार भेजे गए, परंतु कहीं से भी न्याय का कोई संज्ञान नहीं लिया गया।

कनाडा प्रशासन ने अलग-अलग बंदरगाहों से सवार यात्रियों को आधार बनाकर उनके प्रवेश को रोकने के लिए बहाने गढ़े। उन्होंने '$200 कानून' और 'निरंतर यात्रा अधिनियम (Continuous Passage Act)' का सहारा लेकर इस प्रवासियों

को अवैध रूप देने का प्रयास किया। स्थानीय भारतीयों ने दक्ष विधिवेत्ताओं की सहायता से अदालत में मुकदमे दायर किए, किन्तु निर्णय लंबित रहा।

लगभग दो महीनों तक यह जहाज़ गोदी में खड़ा रहा, जहाँ यात्री अनिश्चितता और अवमानना के वातावरण में जीने को विवश थे। इस बीच पुलिस और यात्रियों के बीच कई बार झड़पें भी हुईं। प्रशासन ने 'सी-लिंक' नामक जहाज़ की सहायता से कामागाटा मारू को समुद्री सीमा से बाहर खींचने का प्रयास किया, लेकिन उसमें असफल रहा। स्थिति के विस्फोटक हो जाने पर प्रशासन ने एक तोपों से लैस युद्धपोत तैयार कर लिया था।

उधर, स्थानीय भारतीय समुदाय ने इस घोर अन्याय के विरोध में वैंकूवर को जलाने तक की रणनीति बना ली थी। यह टकराव एक भीषण रक्त-संघर्ष में परिवर्तित हो सकता था। इस विभीषिका को टालने के लिए प्रशासन, स्थानीय समुदाय और जहाज़ पर सवार यात्रियों के बीच बैठक हुई। परिस्थिति की गंभीरता को देखते हुए 'सरदार गुरदित्त सिंह' ने यात्रियों के हित में शांतिपूर्ण मार्ग को अपनाते हुए जहाज़ को पुनः भारत लौटाने का कठिन किंतु विवेकपूर्ण निर्णय लिया।

वापसी और क्रांति की अग्निशिखा

अंततः केवल 24 यात्रियों को ही प्रवेश की अनुमति मिली। शेष 352 यात्रियों को कनाडा सरकार ने बलपूर्वक वापसी के लिए बाध्य किया। वैंकूवर के भारतीयों ने यात्रियों की हर संभव सहायता की। यहाँ तक कि जहाज़ का $60,000 भाड़ा चुकाने हेतु चंदा एकत्र किया गया। यह उदाहरण उस सुदृढ़ पंजाबी भाईचारे और आत्मबलिदान की भावना का प्रमाण है, जो विश्व भर में पंजाबी संस्कृति की आत्मा है।

26 सितंबर सन 1914 ई. को कामागाटा मारू ने अपनी थकी, आहत किंतु संघर्षशील आत्मा के साथ भारत वापसी की यात्रा आरंभ की। रास्ते में हवाई टापू पर महान क्रांतिकारी 'सरदार करतार सिंह जी सराभा' ने यात्रियों को संबोधित कर स्वतंत्रता संग्राम की ज्वाला प्रज्वलित की। जापान में 'बाबा सोहन सिंह जी भकना', गदर पार्टी के अग्रणी नेता, ने भी यात्रियों से संवाद किया और उन्हें ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध संघर्ष का आह्वान दिया।

बजबज घाट पर रक्त की धार

कोलकाता के समीप बजबज घाट पर जब यह जहाज़ पहुँचा, तब ब्रिटिश प्रशासन ने हथियारबंद सैनिकों के साथ उस पर अधिकार कर लिया। यात्रियों को जबरन रेल में बैठाकर पंजाब भेजने का षड्यंत्र रचा गया। इनमें से कई यात्री कोलकाता में काम-धंधा करना और वहाँ के गुरुद्वारे में 'श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी' की बीड़ को स्थापित करना चाहते थे। यात्रियों ने प्रशासन के आदेश का विरोध किया। वाद-विवाद ने हिंसा का रूप ले लिया। ब्रिटिश सैनिकों ने अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें 20 यात्री तत्काल शहीद हो गए और 29 गंभीर रूप से घायल हुए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह संख्या 75 से अधिक थी। इन शहीदों का तत्काल वहीं अंतिम संस्कार कर दिया गया।

स्वतंत्रता आंदोलन की ज्वाला

इस त्रासदी के पश्चात 'सरदार गुरदित्त सिंह' और अन्य यात्री पंजाब पहुँचने में सफल हुए और स्वतंत्रता संग्राम की मुख्यधारा में शामिल हो गए। ब्रिटिश साम्राज्य इस घटना से थर्रा उठा। ब्रिटिश सेना में कार्यरत सिख जवानों ने अपने पदक वापस कर दिए। कनाडा में निवास करने वाले सिखों ने वैंकूवर के गुरुद्वारे में अपने ब्रिटिश सम्मान-पत्रों को आग के हवाले कर रोष प्रकट किया। ब्रिटिश अधिकारी हॉकिन्सन, जो यात्रियों से दुर्व्यवहार का प्रमुख सूत्रधार था, की हत्या 'सरदार मेवा सिंह' द्वारा कर दी गई। उन्हें फाँसी की सज़ा दी गई और वे विदेश की धरती पर प्रथम सिख शहीद के रूप में अमर हो गए।

इतिहास का उत्तरदायित्व और स्मृति

इस त्रासदी के लिए वर्ष 2008 ई. में कनाडा के प्रधानमंत्री ने औपचारिक माफ़ी माँगी। सन 2012 ई. में वैंकूवर बंदरगाह पर 376 यात्रियों के नामों सहित एक भव्य स्मारक का निर्माण श्खालसा दीवान सोसाइटीश द्वारा कराया गया। भारत सरकार नेषन 1952 ई. में कोलकाता के निकट बजबज घाट पर पंडित जवाहरलाल नेहरू के करकमलों से एक स्मृति स्थल की स्थापना की। वहाँ प्रतिवर्ष 29 सितंबर को श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया जाता है।

इस ऐतिहासिक घटना के अनुप्रमाणित गुरुवाणी का फर्मान है–

महला 5॥
आहर सभि करदा फिरै आहरु इकु न होइ॥
नानक जितु आहरि जगु उधरै विरला बूझै कोइ॥

(अंग क्रमांक 965)

"जो संकल्प मानवता की सेवा में समर्पित हो, वही आहार रूपी संकल्प जगत को उभारता है।"

उपसंहार

कामागाटा मारू कोई साधारण समुद्री यात्रा नहीं थी, वह आत्मसम्मान, स्वतंत्रता और सामूहिक चेतना का एक जीवंत दस्तावेज है। इसने पूरे विश्व में भारतीय चेतना को स्वर प्रदान किया। आज की युवा पीढ़ी के लिए यह घटना केवल इतिहास नहीं, बल्कि प्रेरणा, जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व का पाठ है।

हमने कभी मतदान के अधिकार हेतु रक्त बहाया था, वर्तमान समय में हम मतदान के अधिकार को हल्के में लेकर अपमानित कर रहे हैं। यह इतिहास हमें सतर्क करता है कि स्वतंत्रता कभी मुफ्त नहीं मिलती है, यह अनगिनत बलिदानों से अर्जित की जाती है।

स्मरणीय

1. 'श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी' के पृष्ठों को गुरुमुखी में 'अंग' कहकर सम्मान पूर्वक संबोधित किया गया है।
2. गुरबाणी अनुवाद हेतु 'गुरबाणी सर्चर ऐप' को प्रमाणिक स्रोत माना गया है।

3. साभार :

1. इस लेख में उद्धृत गुरुवाणी पदों का संकलन व विवेचन सरदार गुरदयाल सिंह जी (टीम खोज-विचार) द्वारा किया गया।
2. हाल ही में प्रदर्शित पंजाबी फिल्म "नानक नाम जहाज है" इसी ऐतिहासिक घटना पर आधारित है।

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं की भूमिका

डॉ. आशीष कुमार साव
हाजीनगर, उत्तर 24 परगना,
पश्चिम बंगाल
ई-मेल : ashish.shaw09@gmail.com

शोध सार : भारत के स्वाधीनता संग्राम में स्त्री शक्ति सदैव अग्रणी रही हैं। इस संग्राम में जितना योगदान पुरुषों का है, उतना योगदान स्त्रियों का भी है। वास्तव में स्त्री कभी भी अबला नहीं थी बल्कि सबला थी। राष्ट्रीय आन्दोलनों में महिलाओं ने न केवल ब्रिटिश हुकूमत के विरुद्ध तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की अपितु गिरफ्तारी देने में भी पीछे नहीं रहीं। इनकी बहादुरी, निःस्वार्थ सेवा एवं बलिदान अतुलनीय है। इस संग्राम में अधिकांश महिलाओं ने अपने अदम्य वीरता का परिचय देते हुए अपने प्राणों की आहुति भी दी है, उनमें से एक रानी लक्ष्मी बाई का नाम बड़े आदर से लिया जाता है, क्योंकि उनका युद्ध कौशल अद्‌भुत था, वे अपने जीवन के अंतिम सांस तक अंग्रेजों से लड़ाई करते हुए वीरगति को प्राप्त हुई। झांसी की रानी लक्ष्मी बाई के साथ-साथ बेगम हजरत महल, कनक लता बरुआ, डॉ लक्ष्मी सहगल, डॉ. एनी बेसेंट, हेमू कल्याणी, भीका जी कामा, सरोजनी नायडू, कस्तूरबा गांधी, गाई गिड़ालू, अंबिका चक्रवर्ती, कमला नेहरू, बीना दास, पुष्पलता दास, सावित्री बाई फुले, दुर्गावती देवी, कमला देवी चट्टोपाध्याय, नेली सेन गुप्ता, सुचेता कृपलानी, रानी चेन्नम्मा, सागरमल गोपा आदि अनेकों स्त्रियों ने भी स्वाधीनता संग्राम में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में इन महिलाओं को शामिल किए बिना स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास पूर्ण नहीं हो पाएगा। इस शोध आलेख में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं की महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करने का प्रयास किया गया है।

बीज शब्द : स्वतंत्रता सेनानी, आंदोलन, क्रांतिकारी , बलिदान, संघर्ष, विद्रोह, आक्रोश, स्वाधीनता, स्वराज।

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और स्वतंत्रता सेनानी महिलाएं : भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के विरुद्ध पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी कंधा से कंधा मिलकार भाग लिया। इस क्रम में 1857 के पूर्व देखा जाए तो फिरंगियों के विरुद्ध जंगल महल का जमींदार विद्रोह, संन्यासी विद्रोह, चुआडों का विद्रोह, बहाबी विद्रोह, बैरकपुर का प्रथम सैनिक विद्रोह, कित्तूर विद्रोह, बुंदेला विद्रोह, संथाल विद्रोह और आगे चलकर कूका विद्रोह आदि देखा जा सकता है। इन विद्रोहों में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही। संन्यासी विद्रोह में नेतृत्व करने में देवी चौधरानी और महारानी तवस्विनी का मुख्य योगदान देखने को मिलता है तो वहीं चुआड़ विद्रोह में रानी शिरोमणि का नाम विशेष रूप से उभर कर सामने आया। कित्तूर विद्रोह में रानी चेनम्मा के वीरता स्मरणीय हैं। इसी क्रम में अंग्रेजी दासता के विरुद्ध एक विद्रोह संथाल विद्रोह के रूप में उभरा। इस विद्रोह में लगभग तीस हजार संथाल (स्त्री और बच्चे सहित) ने अंग्रेजों के विरुद्ध जमकर विद्रोह किया। इस विद्रोह में भी महिलाओं ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निभाई। इस प्रकार उस समय अंग्रेजों के विरुद्ध घटित होने वाले सभी विद्रोह में महिलाओं की भूमिका अद्‌भुत रही।

सन 1857 की क्रांति भारतीय स्वाधीनता संग्राम की एक महत्वपूर्ण क्रांति थी। इस क्रांति को याद करते हुए भारत

सरकार ने 1957 में प्रथम स्वाधीनता युद्ध की शताब्दी मनाई थी। इसलिए 1857 की क्रांति को "प्रथम राष्ट्रीय मुक्ति संग्राम" माना जाता है। 1857 की क्रांति के असफलता के पश्चात देश की आजादी हेतु कुल 90 वर्षो का इंतजार करना पड़ा। यह क्रांति को अंग्रेजों द्वारा भले ही सिपाही विद्रोह माना गया किन्तु इस विद्रोह ने पूरे देश को गुलामी की नींद से जागा दिया। इस विद्रोह ने अंग्रेजों को यह एहसास करवा दिया कि वे यहाँ ज्यादा दिन तक शासन नहीं कर सकते हैं। इस संग्राम में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया।

सन 1857 की क्रांति के पश्चात अंग्रेजों के विरुद्ध विरोध, विद्रोह और आंदोलन होते रहे, किन्तु एकजुटता के अभाव में इसे बार-बार दमन कर दिया गया। इन आंदोलनों में भी महिलाओं की भूमिका अद्वितीय रही। इस परिप्रेक्ष्य में बंग भंग आंदोलन तथा बहिष्कार आंदोलन (1905-1918) में एनीबेसेंट, स्वर्ण कुमारी देवी और मारग्रेट कजिंस आदि का योगदान अभूतपूर्व रहा। इसी क्रम में असहयोग आंदोलन ने अंग्रेजों पर गहरी छाप छोड़ी थी। इस आंदोलन में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया। इन आंदोलनों में कस्तूरबा गांधी, पार्वती देवी, बाई अमन, वासंती देवी, उर्मिला देवी, सुनीति देवी, सरला देवी साराभाई, मृदुला बेन साराभाई, सरोजिनी नायडू, मणि बेन वल्लभ भी पटेल, नेली सेनगुप्त, शाम देवी, लाडो रानी जुत्शी, सावित्री देवी, सुभद्रा कुमारी देवी, राजकुमारी अमृता कौर, मीरा बेन, खुर्शीद नौरोजी, जानकी देवी बजाज, सत्यवती, कमला नेहरू, कमाल देवी चट्टोपाध्याय, विजय लक्ष्मी पंडित, दुर्गाबाई देशमुख, उर्मिला देवी शास्त्री, मेमी बाई, मानमोहिनी जुत्शी (सहगल) आदि का नाम विशेष रूप से सामने आता है।

इस प्रकार अंग्रेजों के विरुद्ध हुए 1857 से पूर्व, 1857 और 1857 से 1947 तक के विद्रोह एवं आंदोलनों में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं की भूमिका अद्भुत रही। भारतीय स्वाधीनता संग्राम में क्रांतिकारी गतिविधियों में सक्रियता के साथ डटी रहने वाली प्रमुख वीरांगनाओं में मैडम भीकाजी कामा, भगिनी निवेदिता, ननी बाला देवी, सरल देवी चौधरी, कुमारी प्रीति लता वद्देदार, कल्पना दत्त, वीना दास, शांति घोष और सुनीति चौधरी, उज्ज्वला मजूमदार, लीला नाग, सुहासिनी गांगुली, चारुशिला देवी, बेला मित्र, दुर्गा भाभी, सुशीला दीदी, मृणालिनी देवी, सुनीति देवी, माया देवी, श्रीदेवी मुसद्ही, शांता और शकुंतला, लक्ष्मी देवी और सावित्री, लीला, लज्जावती, शन्नो देवी, रानी गिड़ालू आदि का नाम प्रमुखता से आता है। इस क्रम में स्वराज के स्वर में स्वर देने वाली कुछ प्रमुख वीरांगनाओं का योगदान निम्नवत हैरू

देवी चौधरानी : संन्यासी विद्रोह के एक सूत्रधार के रूप में देवी चौधरानी को याद किया जाता है। "उस समय के लेफ्टिनेंट ब्रेनन की एक रिपोर्ट से पता चलता है कि भवानी पाठक की विद्रोही गतिविधियों के पीछे देवी चौधरानी का प्रमुखता से हाथ था। उनके अधीन अनेक वेतनभोगी बरकंदाज थे, जिनके रख-रखाव के लिए देवी चौधरानी, भवानी पाठक से लूट के धन का हिस्सा लेती थीं। भवानी पाठक के मारे जाने के बाद भी देवी चौधरानी ने हार नहीं मानी और वह बराबर लड़ती रहती थी। अंत तक वह अंग्रेजों के हाथ नहीं आई।"[1] इन्होंने आजीवन अंग्रेजों का विरोध किया।

साहब कौर : जिस समय लार्ड बेलेजली अपनी कूटनीति से देशी रियासतों को हड़प रहा था। उस समय रानी साहब कौर अपनी स्वाधीनता हेतु सेनाओं का पुनर्गठन कर रही थी। "सन् 1799 में अंग्रेज सेनापति सर टामस ने जींद पर आक्रमण किया। इसके बाद वह पंजाब की अन्य रियासतों पर अधिकार करता, इसके पूर्व रानी साहब कौर ने मध्यस्थता करके सर टामस की सिखों से सुलह करा दी। पर साहब सिंह को उसके कुछ साथियों ने रानी के विरुद्ध भड़का दिया और रानी कौर अपने भाई द्वारा बंदी बना ली गईं। लेकिन मौका पाकर वह बहादुर, चतुर रानी कैद से भाग निकलीं। इसके बाद संदर्भ मिलता है कि जीवन के अंतिम दिन उन्होंने अपने पति राजा जयमल सिंह के साथ भवानीगढ़ किले की कैद में बिताए। इसका मतलब है कि बाद में पति-पत्नी, दोनों को ही अंग्रेजों से टक्कर लेनी पड़ी होगी।"[2]

भीमाबाई : भीमाबाई इंदौर की महारानी अहिल्याबाई होल्कर के दत्तक पुत्र तुकाजी राव के पुत्र यशवंत राव की पुत्री थी। इन्होंने अस्त्र-शस्त्र का ज्ञान अपने पिता से प्राप्त किया। "सन 1817 में महीदपुर में अंग्रेजों से लड़ाई हुई, जिसमें होल्कर सेना की हार हुई। पर भीमाबाई ने धीरज नहीं छोड़ा। साहस जुटाकर उन्होंने पुनः सेना का संगठन किया और जंगल, पहाड़ों के मध्य अपना सैनिक शिविर बनाया। उन्हें छापामार युद्ध की भी जानकारी थी। वह छापे मारकर अंग्रेजों के खजाने व अन्य

सामग्री लूटने लगीं। छापामार युद्ध में अंग्रेजी सेना के कई सैनिक भी मारे गए, जिससे सर मालकम के कान खड़े हो गए।"[3] भीमाबाई होल्कर ने ब्रिटिश के खिलाफ लड़ाई लड़ी और उसे गुरिल्ला युद्ध में हरा दिया। इस युद्ध में भीमाबाई होल्कर की वीरता और साहस अद्वितीय व अद्‌भुत थी।

वेलुनाचियार : "वह अंधेरी रात, जब हुर्रा हुर्रा की आवाजों के बीच आग उगलती तोपों की गड़गड़ाहट से अजयगढ़ की दीवारें कांप उठीं। बारूदी लपटों में वीरांगना वेलु और वीर बटुकनाथ को रोमांचक बलिदानी खेल खेलना पड़ा। अपने मुट्ठी-भर सैनिकों को लेकर बटुकनाथ, जैक्सन की विशाल सेना का सामना करने के लिए आगे बढ़ा। उसका एक अंग कट जाने पर भी वह अंतिम क्षण तक लड़ता रहा। फिर उसकी आज्ञा से उसके वीर सेनापति दीवान ने उसका सिर काट लिया, परंतु वेलु ने अभी हार नहीं मानी थी। पति का सिर हाथ में लेकर वह चंडी-वेश में सेना पर टूट पड़ी। खचाखच तलवार चलाते उसका भयानक रूप देख, उसके हारते सैनिकों में नया जोश भर गया। तभी सामने पड़ गए सेनापति जैक्सन पर उसने बिजली की गति से वार किया। एक ही बार से जैक्सन का दाहिना हाथ उड़ गया।"[4] इस युद्ध के दौरान जब वेलु के मुट्ठी भर सैनिकों की हार की तरफ बढ़ने लगी तब वह अपने सैनिकों के साथ टीपू सुल्तान के गढ़ डिडीगल चली गई। इसलिए वेलुनाचियार की वीरता आज भी स्मरणीय है।

चेनम्मा : सन 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से पूर्व अंग्रेजों के विरुद्ध देशभर में जो लड़ाइयाँ लड़ी गई, उसमें भारत की नारियों ने जो जौहर दिखाया, उसमें एक वीरांगना कित्तूर की रानी चेनम्मा का नाम अग्रणी रूप से आता है। "तेईस अक्तूबर! दक्षिण भारत में यह दिन रानी चेनम्मा की याद में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए हर वर्ष महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। 23 अक्तूबर 1824 को कित्तूर के किले पर अंग्रेजों की संगठित शक्ति को इस छोटे से राज्य की रानी ने ललकारा था। यद्यपि यह विजय भी बाद में पराजय में बदल गई थी, पर कित्तूर की रानी चेनम्मा ने जिस साहस व शौर्य का परिचय दिया, उसकी याद में बेलगांव को सौ वर्ष बाद 1924 का श्भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अधिवेशन-स्थलश चुना गया था।"[5] इन्होंने अपने जीवन के अंतिम सांस तक अंग्रेजों के विरुद्ध युद्ध किया। "कित्तूर की जनता अंग्रेजों की चाल से भली-भांति परिचित थी और तन-मन-धन से अपनी रानी चेन्नम्मा के साथ थी। अवसर देखकर अंग्रेजों ने कित्तूर राज्य के क्षेत्र में अपने सिपाही घुसा दिए। थैकरे स्वयं बड़ी सेना लेकर कितूर जा पहुंचा। ऐसा लगता था कि छोटा-सा राज्य कित्तूर तुरंत अपनी आजादी खो बैठेगा। किंतु रानी ने हिम्मत न हारी। उसके राज्य में पहले से ही युद्ध की तैयारियां होने लगी थीं। रानी ने बड़े रण-कौशल के साथ अंग्रेजों से जूझने की योजना बना रखी थी। उसने सेना की कमान बालण्णा, रावण्णा, गजबीर और चेन्नवासप्पा आदि योद्धाओं के हाथों में सौंप दी।"[6] रानी चेनम्मा और पुत्रवधु जनकीबाई की मृत्यु जेल में ही हुई। इनकी अदम्य वीरता को देखते हुए रानी चेनम्मा के महल को एक संग्रहालय बना दिया गया है।

साम्राज्यलक्ष्मी देवी : भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महारानी साम्राज्यलक्ष्मी देवी का योगदान भी अभूतपूर्व रहा। ये पंजाब के महाराजा रणजीत सिंह की समकालीन थीं। वह अंग्रेजी शासन से क्षुब्ध थीं और अंग्रेजों को अपना शत्रु समझती थीं। पंजाब के महाराजा रणजीत सिंह का अंग्रेजों पर दबादबा था, यह जानकर वह रणजीत सिंह की सहायता से अंग्रेजों को देश से बाहर निकालना चाहती थीं। जिससे स्वराज का विगुल बजाया जा सके और इनकी वर्चस्व से मुक्ति पाया जा सके। "महारानी साम्राज्यलक्ष्मी देवी ने महाराजा रणजीत सिंह से मिलकर अंग्रेजी शासन से भिड़ने की योजना बनाई। पर उनके पति, नेपाल के तत्कालीन राणा राजेंद्र विक्रम शाह, भीरु स्वभाव के थे। वह अंग्रेजों से डरते थे। राज-काज में भी कुशल न थे। अतः उन्होंने ही सारा शासन-भार संभाल रखा था। उन्हें अपने चतुर, बुद्धिमान, बहादुर व वफादार प्रधानमंत्री भीमसेन थापा पर पूरा भरोसा था कि उसके सहयोग से वह अपने उद्देश्य में सफल होंगी।"[7] लेकिन अंग्रेजों ने कूटनीति से इन्हें इनकी ही जाल में फंसा कर इनकी योजना पर पानी फेर दिया। इन्हें नेपाल छोड़कर काशी में निर्वासित जीवन जीने के लिए मजबूर किया गया और अन्ततः इन्हें विष देकर मार दिया गया। आज भी इस वीरांगना को इनके देश प्रेम के लिए याद किया जाता है।

महारानी जिंदां : महारानी जिंदां शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह की सबसे छोटी रानी थीं। वह वीरता और तेज की एक मशाल थी, जिसकी लौ को कभी भी तेजी से भभकने का अवसर ही नहीं मिला। उनमें अपने देश के लिए, अपनी

जनता के लिए बहुत कुछ करने का हौसला था लेकिन वह और उनका अबोध बेटा विश्वासघाती दरबारियों के षड्यंत्र और अंग्रेजों की कूटनीति के शिकार हो गए। "इस तरह महाराणा रणजीत सिंह के बाद नेतृत्वविहीन हो, पंजाब का विद्रोह क्रांति से कुछ वर्ष पूर्व ही दब गया था। राजकुमार भी विदेश से नहीं लौट सके और अधिकारियों में अंग्रेज परस्त दरबारियों की परंपरा मौजूद थी ही। अतः इस समय भी पंजाब के सिखों को नेतृत्व नहीं मिल सका। काश रानी के पंजाब लौटने की योजना सफल हो पाती, उनके लोग पहले ही पकड़ न लिए जाते, तो पंजाब में भी जन-क्रांति की लहर उठ सकती थी।"[8]

झांसी की रानी लक्ष्मी बाई : 'खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी' इस सुप्रसिद्ध कविता से भारत का बच्चा-बच्चा परिचित है। देश की आजादी में फिरंगियों का रंग उड़ा देने वाली इस वीरांगना की वीरता जग जाहीर है। देश के लिए समर्पित एक दंपति से रानी ने राजा की मृत्यु से ठीक पहले दामोदर राव को अपने बेटे के रूप में अपनाया, जिसे ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने हड़प नीति के अनुसार कानूनी वारिस के रूप में स्वीकार करने से इनकार कर दिया और झाँसी पर कब्ज़ा करने का फैसला किया। वर्ष 1848 से 1856 तक भारत के गवर्नर-जनरल के रूप में लॉर्ड डलहौजी द्वारा व्यापक रूप से पालन की जाने वाली हड़प नीति एक विलय नीति थी। अपने क्षेत्र को सौंपने से इनकार करते हुए रानी ने उत्तराधिकारी की ओर से शासन करने का फैसला किया और बाद में वर्ष 1857 में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह में शामिल हो गईं।

"17 जून, 1858 को पौ फटते ही आजादी का युद्ध शुरू हुआ। दोनों ओर से रणबांकुरों की तलवारें झनझना उठीं। गोलों की आवाज, मारो-काटो के स्वर, घोड़ों की हिनहिनाहट और रणभेरी से युद्ध क्षेत्र गूंज उठा। प्यासी धरती खून से सिंच गई। महारानी के व्यूह को भेद कर आगे बढ़ना सेनापति सर ह्यूरोज के लिए असंभव हो गया। रानी के वफादार पठान सिपाहियों ने अंग्रेजी सेना के छक्के छुड़ा दिए। पर शत्रु की सेना का संचालन बहुत अच्छा था। सहायक सेना के तुरत पहुंचने से शत्रु नए जोश से आगे बढ़ते रहे। रानी ने जब अपनी सेना को पीछे हटते देखा तो तड़प उठी। हुंकार भर कर खुद आगे बढ़ी। कमजोर पड़े सिपाहियों की हिम्मत बंध गई और उन्होंने जोर से हमला किया। ब्रिगेडियर स्मिथ को दूसरी ओर मुड़ता देखकर रानी ने उसका मार्ग रोक लिया। सूर्यास्त होने को था। रानी को अजेय समझ अंग्रेज पीछे हटे और उस दिन विजय का सेहरा रानी के सिर पर बंधा। पर रानी का प्यारा घोड़ा इस युद्ध में बुरी तरह घायल हो गया।"[9] इसप्रकार रानी लक्ष्मी बाई अपने जीवन के अंतिम समय तक अंग्रेजों के विरुद्ध युद्ध किया। "रानी का आदेश था, मरने पर भी उनका शव शत्रुओं के हाथ न लगे। इसलिए बचे लोग शत्रुओं को उलझाए रखे और रानी के विश्वासी अंगरक्षकों-रामचंद्र राव और काशीबाई ने रानी का शव पास की एक कुटिया में रखकर उनका दाहसंस्कार कर दिया। पीछा करने वाले शत्रुओं के वहां पहुंचने तक सब कुछ समाप्त हो चुका था"।[10]

बेगम हजरत महल : भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में बेगम हजरत महल का योगदान महत्वपूर्ण है। 1857 में, जब विद्रोह शुरू हुआ, वह पहले स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थीं, जिन्होंने ग्रामीण लोगों को ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ने और अपनी आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। बेगम हजरत महल ने अपने पति और अवध के आखिरी नवाब वाजिद अली शाह को अंग्रेजों द्वारा कोलकाता भेज दिए जाने के बाद अवध की बागडोर संभाली और अंग्रेजो के खिलाफ उस स्वतंत्रता संग्राम में मोर्चा लिया जिसे अंग्रेजों द्वारा सिपाही विद्रोह कहा गया। जिन लोगों ने हिन्दुस्तान की आजादी के लिए संघर्ष किया और अपनी कुर्बानियां दी, उनमें बेगम हज़रत महल का नाम अत्यन्त आदर के साथ लिया जाता है।

झलकारी बाई : रानी लक्ष्मीबाई की महिला सेना में झलकारी बाई का नाम प्रसिद्ध है। यह रानी की सबसे भरोसेमंद सलाहकारों में से एक थी। वह रानी को खतरे से बचाने के लिये अपनी जान जोखिम में डालने हेतु जानी जाती है। आज तक बुंदेलखंड के लोग उनकी वीरता की गाथा को याद करते हैं, और उन्हें अक्सर बुंदेली पहचान के प्रतिनिधि के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। इस क्षेत्र के कई दलित समुदाय उन्हें भगवान के अवतार के रूप में देखते हैं और उनके सम्मान में हर साल झलकारी बाई जयंती भी मनाते हैं।

कमलादेवी चट्टोपाध्याय : इन्होंने स्वतंत्रता-पूर्व भारत में ग्रामीण कारीगरों के उत्थान, स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देने और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए काम किया। कमलादेवी चट्टोपाध्याय नमक सत्याग्रह तथा सविनय अवज्ञा आंदोलन

से ही राजनीति में सक्रिय रहीं थीं। उसके बाद वो लगातार स्वतंत्रता संघर्ष के लिये होने वाले आंदोलनों में भागीदारी देती रहीं। अपने राजनीतिक संघर्ष के दौरान उन्हें कई बार जेल जाना पड़ा। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्हें भी गिरफ्तार किया गया। जेल से छूटने के बाद वो अमेरिका गईं तथा वहाँ के लोगों को भारत में ब्रिटिश हुकूमत की सच्चाई के बारे में बताया। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद कमलादेवी चट्टोपाध्याय ने अपना समय भारत की कला, संस्कृति तथा दस्तकारी के उत्थान में लगाया।

कस्तूरबा गांधी : कस्तूरबा गांधी महात्मा गांधी की पत्नी थी, इन्होंने सविनय अवज्ञा आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। इन्होंने महिला शिक्षा और सशक्तिकरण की वकालत करते हुए भारत की स्वतंत्रता में स्त्रियों के प्रयासों का समर्थन किया। कस्तूरबा गांधी भी भारतीय अधिकारों की लड़ाई में शामिल हो गई थीं। इसके लिए उन्हें कई बार जेल जाना पड़ा था। वह भारत की आजादी की लड़ाई में अंत तक लगी रहीं और अपने पति महात्मा गांधी के हर प्रयास में उनके साथ खड़ी रहीं। स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ ही कस्तूरबा गांधी राजनीतिक कार्यकर्ता और नागरिक अधिकारों के लिए आवाज उठाती थीं।

हंसा मेहता : हंसा मेहता ने एक शिक्षिका, राजनयिक और स्वतंत्रता सेनानी के रूप में अपनी महत्वपूर्ण कर्तव्य का निर्वाह किया। ये भारत की स्वतंत्रता और महिला अधिकारों की वकालत करने वाले अंतर्राष्ट्रीय मंचों का हिस्सा रहीं और स्वतंत्रता के बाद की नीतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रीतिलता वोडेयार : एक बहादुर क्रांतिकारी थी, इन्होंने ब्रिटिश क्लब पर हमले का नेतृत्व किया, जिससे इनके प्रतिरोध की भावना उजागर हुई। उनका बलिदान और दृढ़ संकल्प औपनिवेशिक उत्पीड़न के खिलाफ लड़ाई को प्रेरित करता है।

सरोजिनी नायडू : ष्भारत की कोकिलाष के नाम से मशहूर, सरोजिनी नायडू एक कवियित्री, स्वतंत्रता सेनानी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रमुख सदस्य थीं। वह ब्रिटिश सरकार के खिलाफ लड़ने वाली सबसे प्रभावशाली और प्रमुख महिला स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थीं। उन्होंने सविनय अवज्ञा आंदोलन और भारत छोड़ो आंदोलन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसके लिए उन्हें जेल भी हुई। सन् 1930 के प्रसिद्ध नमक सत्याग्रह में सरोजिनी नायडू गांधीजी के साथ चलने वाले स्वयंसेवकों में से एक थीं। गांधीजी की गिरफ्तारी के बाद गुजरात में धरासणा में लवण पटल की पिकेटिंग करते हुए जब तक स्वयं गिरफ्तार नहीं हो गई, तब तक वह आंदोलन का संचालन करती रहीं। धरासणा वह स्थान था, जहां पुलिस ने शांतिमय और अहिंसक सत्याग्रहियों पर घोर अत्याचार किए। सरोजिनी नायडू ने बड़े साहस के साथ उस परिस्थिति का सामना किया। नमक सत्याग्रह खत्म कर दिया गया। उन्होंने कई शहरों की यात्रा की और महिला सशक्तिकरण, सामाजिक कल्याण और स्वतंत्रता के महत्व के बारे में व्याख्यान दिए। सरोजिनी नायडू 1925 में कानपुर अधिवेशन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली भारतीय महिला अध्यक्ष रही थीं। 1928 में वह गांधीजी से अहिंसा आंदोलन का संदेश लेकर अमेरिका पहुंची। इतना ही नहीं, इनके देश की आजादी में इनका योगदान देखते हुए इन्हें भारतीय राज्य की पहली महिला राज्यपाल भी बनाया गया था।

उषा मेहता : भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उषा मेहता का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। वह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने वाली सबसे कम उम्र की प्रतिभागियों में से एक थीं। गांधी जी का उषा पर बहुत प्रभाव पड़ा था, वह पांच साल की थीं जब उनकी मुलाकात गांधी जी से हुई। वह केवल आठ साल की थीं जब उन्होंने 'साइमन वापस जाओ' विरोध में भाग लिया था. उनके पिता ब्रिटिश सरकार के अधीन काम करने वाले एक न्यायाधीश थे, उन्होंने उन्हें गांधीजी के खिलाफ समझाने की कोशिश की, लेकिन वह जानती थीं कि उनके पिता ब्रिटिश सरकार के एक कर्मचारी मात्र थे और इस स्वतंत्रता संग्राम में उन्हें चोट लगने का डर था, लेकिन उन्होंने साहसपूर्वक इसके खिलाफ लड़ने का फैसला किया। ब्रिटिश सरकार के खिलाफ रेडियो चौनल चलाने के आरोप में उन्हें जेल भी हुई।

दुर्गाबाई देशमुख : एक सामाजिक कार्यकर्ता, वकील और राजनीतिज्ञ के रूप में इन्होंने महिला अधिकारों, श्रम अधिकारों और हाशिए पर पड़े लोगों के उत्थान के लिए काम किया। उनके प्रयासों ने स्वतंत्रता के बाद समावेशी सामाजिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया।

अरुणा आसफ अली : अरुणा नमक सत्याग्रह के दिनों से ही राजनैतिक रूप से सक्रिय रहीं थीं लेकिन उनकी पहचान विशेष रूप से 9 अगस्त, 1942 को मुंबई के ग्वालिया टैंक मैदान में बनी जब सभी नेताओं की गिरफ्तारी के बाद उन्होंने राष्ट्रीय ध्वजारोहण समारोह का नेतृत्व किया। जब वह जेल से रिहा हुईं तो उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन का नेतृत्व किया, जिससे पता चलता है कि भारत में स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महिलाएं कितनी निडर थीं। उन्होंने तिहाड़ जेल में राजनीतिक कैदियों के अधिकारों के लिए भी लड़ाई लड़ीं। इसके लिए उन्होंने भूख हड़ताल की जिससे कैदियों की स्थिति में सुधार आया। इन्होंने राममनोहर लोहिया के साथ मिलकर 'इंकलाब' नामक मासिक पत्रिका का संपादन भी किया।

रानी गाइदिनल्यू : रानी गाइदिनल्यू मणिपुर की एक प्रमुख नागा राष्ट्रवादी महिला नेता थीं, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ नागा राष्ट्रवादियों के आंदोलन की कमान संभाली थी। इन्होंने आजीवन फिरंगी नीतियों का विरोध किया।

कल्पना दत्ता : इन्हें प्रमुख महिला क्रांतिकारी नेता के रूप में जाना जाता है, ये सूर्य सेन के क्रांतिकारी विचारों से प्रभावित थीं। ये बंगाल में वामपंथी राजनीति तथा क्रांतिकारी गतिविधियों में सक्रिय थीं। वर्ष 1930 के चटगाँव शस्त्रागार लूट (Chittagong Armoury Raid) में वो सूर्य सेन (मास्टर दा) के साथ लड़ी थीं तथा वर्ष 1932 में उन्हें आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई गई थी।

भीकाजी कामा : भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भीकाजी कामा के योगदान से शायद ही कोई अपरिचित हो। वह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थीं. उन्हें मैडम कामा के नाम से भी जाना जाता था। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीय नागरिकों के मन में महिला समानता और महिला सशक्तिकरण के बीज बोये। वह एक पारसी परिवार से थीं, उनके पिता सोराबजी फ्रामजी पटेल पारसी समुदाय के सदस्य थे। उन्होंने कई अनाथ लड़कियों को समृद्ध जीवन जीने में भी मदद की। उन्होंने राष्ट्रीय आंदोलनों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सुचेता कृपलानी : सुचेता कृपलानी समाजवादी विचारधारा वाली एक प्रखर राष्ट्रवादी थीं। ये जय प्रकाश नारायण की करीबी सहयोगी थीं, जिन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया था। उन्होंने आचार्य विनोबा भावे के नेतृत्व में व्यक्तिगत सत्याग्रह में हिस्सा लिया और जेल गईं। वर्ष 1943 में जब कांग्रेस में महिला विभाग की स्थापना की गई तब सुचेता कृपलानी को उसका सचिव बनाया गया। उसके बाद उन्होंने महिला कांग्रेस के प्रचार तथा उसमे लोगों को जोड़ने के लिये लगातार प्रयास किये। भारत विभाजन के समय वो गाँधीजी के साथ मिलकर दंगे से प्रभावित क्षेत्रों में जा रही थीं। वह उत्तर प्रदेश की विधानसभा में सदस्य तथा बाद में लोकसभा की सदस्या भी रहीं। वर्ष 1963 में वह उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनीं और वह भारत की पहली महिला मुख्यमंत्री थीं।

राजकुमारी अमृत कौर : 1919 से ही गांधीजी की करीबी अनुयायी थीं। उन्होंने 1930 के नमक सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। वे स्वतंत्र भारत की पहली स्वास्थ्य मंत्री बनीं।

एनी बेसेंट : आयरलैंड में जन्मी एनी बेसेंट भारत के स्वतंत्रता संग्राम की प्रबल समर्थक थीं। 1916 में उन्होंने मद्रास होम रूल लीग की शुरुआत की। इसके अलावा उन्होंने थियोसोफिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का गठन किया। 1917 में वे कलकत्ता में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष बनीं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में इनका योगदान अविस्मरणीय है।

सावित्रीबाई फुले : भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में सावित्रीबाई फुले का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। वह भारत की पहली महिला शिक्षिका थीं और पहले भारतीय बालिका विद्यालय की संस्थापक थीं। उनके द्वारा कहा गया एक कथन प्रसिद्ध है कि "यदि आप एक लड़के को शिक्षित करते हैं, तो आप एक व्यक्ति को शिक्षित करते हैं, लेकिन यदि आप एक लड़की को शिक्षित करते हैं, तो आप पूरे परिवार को शिक्षित करते हैं." ये कुछ शब्द बताते हैं कि वह किस विचारधारा का पालन करती थीं। उनकी पूरी यात्रा में उनके पति ज्योतिराव फुले ने उनका समर्थन किया।

लक्ष्मी सहगल : भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में लक्ष्मी सहगल का योगदान अद्वितीय रहा है। वह सुभाष चंद्र बोस से अत्यंत प्रभावित थीं। वह सुभाष चंद्र बोस को अपना आदर्श मानती थीं और आगे चलकर भारतीय राष्ट्रीय सेना की सक्रिय

सदस्या बन गईं। वह एक साहसी युवा लड़की थी जिसकी एकमात्र महत्वाकांक्षा भारत की स्वतंत्रता थी। उन्होंने एक महिला डिवीजन बनाई और इसका नाम झाँसी की रानी रेजिमेंट रखा। उन्होंने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ लगभग सभी आंदोलनों में भाग लिया। वह सभी बाधाओं के खिलाफ बेकाक कर लड़ीं, जिससे उनका नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया।

असम की रानी कनकलता बरुआ : असम की कनकलता बरूआ भारत की ऐसी स्वतंत्रता-सेनानी थीं, जिनको अंग्रेजों ने सन् 1942 के 'भारत छोड़ो आंदोलन' के दौरान जुलूस का नेतृत्व करते समय गोली मार दी थी। उस समय वे देश के लिये शहादत पाने वाली सबसे कम उम्र की वीरांगना थीं। उन्हें 'असम की रानी लक्ष्मीबाई', 'वीरबाला' और 'शहीद' के नाम से जाना जाता हैं। "She was rejected by Azad Hind Fauj. She had joined the Mirtyu Bahini just two days before the incident" Said Sheila Bora, retired professor of Dibrugarh University, who has authored a monograph on Barua."

हेमू कालाणी : बचपन से ही इनके रगों में देश की भक्ति की भावना कूट कूट कर भरी हुई थी अपनी किशोरावस्था में ही उन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। महात्मा गांधी जी ने जब भारत छोड़ो आन्दोलन चलाया तो उसमें इनकी सक्रिय भूमिका रही। सन 1942 में उन्हें कहीं से यह गुप्त सूचना मिली कि अंग्रेजों की हथियारों से भरी गाड़ी रोहडी शहर से होकर गुजरेगी हेमू कालाणी जी ने अपने साथियों के साथ मिलकर रेल पटरी अस्त व्यस्त करने की योजना बनाई। परन्तु वह ब्रिटिश सिपाही द्वारा पकड़ी गई और इनके साथी फ़रार होने में सफल रहे। कोर्ट ने इन्हें फाँसी की सजा सुनाई और साथ ही साथ यह हिदायत भी दी कि अगर यह अपने फ़रार साथियों का नाम बता देंगे तो फाँसी की सजा अन्य सजा मे तब्दील कर दी जाएगी। किन्तु आज़ादी के दीवानी हेमू जी ने फांसी स्वीकार किया लेकिन देश से गद्दारी नहीं की। इसलिए इनका नाम आज भी आदर से लिया जाता है।

बीना दास : भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में इनका नाम बड़े आदर से लिया जाता है। है। बचपन से ही उनका स्वभाव क्रांतिकारी रहा, जिस कारण उन्होंने फिरंगियों का खूब विरोध किया। कोलकाता विश्वविद्यालय में जब दीक्षांत समारोह में उपाधि लेने आई कुमारी वीना दास ने मुख्य अतिथि के रूप में बंगाल के अंग्रेज लाट सर स्टैनले जैकसन पर गोली चला दिया। इस कारण "उनके ऊपर मुकदमा चला जिसकी सारी कारवाई एक ही दिन में पुरी करके बीना दास (Bina Das) को नौ वर्ष की कड़ी कैद की सजा दे दी गयी।" अपने अन्य साथियों का नाम बताने के लिए पुलिस ने उन्हें बहुत सताया, पर बीना ने मुंह नही खोला, और सजा मिलने से पहले कोर्ट में कहा- "मैं स्वीकार करती हूँ, कि मैंने सीनेट हाउस में अंतिम दीक्षांत समारोह के दिन गवर्नर पर गोली चलाई थी। मैं खुद को इसके लिए पूरी तरह से जिम्मेदार मानती हूँ। अगर मेरी नियति मृत्यु है, तो मैं इसे अर्थपूर्ण बनाना चाहती हूँ, सरकार की उस निरंकुश प्रणाली से लड़ते हुए जिसने मेरे देश और देशवासियों पर अनगिनत अत्याचार किये हैं।"[11] साल 1937 में प्रान्तों में कांग्रेस की समितियों के बनने के पश्चात अन्य राजबंदियों के साथ बीना भी जेल से बाहर आईं। 1942 के 'भारत छोड़ो आन्दोलन' में महात्मा गाँधी के साथ आन्दोलन में हिस्सा लिया और दोबारा उन्हें तीन वर्ष के लिये नज़रबन्द कर लिया गया था। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में इनका योगदान अद्भुत रहा है।

निष्कर्ष : उपरोक्त विषय पर प्राप्त तथ्यों से यह स्पष्ट हो जाता कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं का योगदान अद्वितीय रहा है। उनकी वीरता, संघर्ष, त्याग, करुणा और देश के प्रति समर्पण का भाव अभूतपूर्व रहा है। देश की आजादी में इनका योगदान किसी भी दृष्टि से पुरुषों की अपेक्षा कम नहीं था। इस संदर्भ में यदि देखा जाए तो अंग्रेजों के विरुद्ध 1857 के पूर्व के विद्रोह हो या 1857 की क्रांति या 1857 से लेकर 1947 तक के विद्रोह एवं आंदोलन, इन सभी विद्रोहों या आंदोलनों में महिलाओं ने पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर देश की स्वाधीनता संग्राम में अद्वितीय योगदान दिया।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. व्होरा आशारानी, महिलाएं और स्वराज, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, पृष्ठ संख्या-12
2. व्होरा आशारानी, महिलाएं और स्वराज, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, पृष्ठ संख्या-14
3. व्होरा आशारानी, महिलाएं और स्वराज, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, पृष्ठ संख्या-16
4. व्होरा आशारानी, महिलाएं और स्वराज, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, पृष्ठ संख्या-20
5. व्होरा आशारानी, महिलाएं और स्वराज, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, पृष्ठ संख्या-21
6. ऋतुश्री, संपादक, भारत के नारी रत्न, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, पृष्ठ-56
7. व्होरा आशारानी, महिलाएं और स्वराज, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, पृष्ठ संख्या-25
8. व्होरा आशारानी, महिलाएं और स्वराज, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, पृष्ठ संख्या-29
9. व्होरा आशारानी, महिलाएं और स्वराज, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, पृष्ठ संख्या-67
10. Pathak, Guptaji: Assamese women in Indian independence movement, First edition: 2008, Mittal Publication, 4594/9, Daryaganj, New Delhi,page : 59
11. व्होरा आशारानी, महिलाएं और स्वराज, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, पृष्ठ संख्या-359

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

डॉ. सुमन सचदेवा के काव्य संग्रह 'मैं कहाँ?' के भाव पक्ष का विश्लेषण

डॉ. हरिभजन प्रियदर्शी
(प्रवक्ता हिंदी) पीएम.श्री.राजकीय(कन्या)
वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मलोट,
जिला श्री मुक्तसर साहिब (पंजाब)

बहुआयामी और लब्धप्रतिष्ठ व्यक्तित्व की धनी डॉ. सुमन सचदेवा का हिंदी साहित्य में अनूठा स्थान है। यह पंजाब की समकालीन कवयित्रियों में जन परिचित कवयित्री हैं। इनका जन्म 20 मई 1965 गिदड़बाहा, जिला श्री मुक्तसर साहिब, पंजाब में हुआ। शैक्षिक दृष्टि से बात करें तो इन्होंने उच्चकोटि की शिक्षा प्राप्त की है। इन्होंने बी.ए., बी.एड., एम.ए.(हिंदी), एम.ए.(पंजाबी), एम.ए.(अंग्रेज़ी) तथा पीएच.डी.की डिग्री हासिल की है। कवयित्री ने अपने अध्यापन कार्य का शुभारंभ डी. ए. वी. कॉलेज गिदडबाहा से प्रारंभ किया तत्पश्चात इन्होंने कुछ वर्षों तक डी.ए.वी. कॉलेज अबोहर में तथा ज़ी. टी. बी.सीनियर सेकेंडरी स्कूल मलोट में अध्यापन कार्य किया। अपनी लगन और मेहनत के परिणाम स्वरूप हिंदी अध्यापिका के रूप में चयनित हुई और सरकारी हाई स्कूल किंगरा जिला श्री मुक्तसर साहिब में ज्वाइन किया। शिक्षा विभाग के प्रत्येक कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न किया। बतौर हिंदी अध्यापिका आप ने हिंदी विषय को पंजाब में चरम सीमा पर पहुँचाया और हिन्दी के विकास हेतु दिन रात कार्यरत रही चाहे वह हिंदी मॉड्यूल हो, या व्याकरण की पुस्तक हो आपका योगदान और भूमिका सर्वदा रही है। हिंदी की सेवा करती हुई आप 31 मई 2023 को राजकीय हाई स्कूल (लड़के) मलोट से सेवा निवृत्त हुई।

लेखन कार्य की बात करें तो कवयित्री ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी कलम चलाई है चाहे वह कविता का क्षेत्र हो,लघु कथा का क्षेत्र हो या फिर कहानी लेखन हो। सांझा काव्य संग्रह जैसे किरण- किरण रोशनी, काव्योदय, काव्य दर्शन, काव्य तरंगिनी, यादें तेरी (ग़ज़ल संग्रह) में उनकी कविताएँ प्रकाशित हो चुकी हैं इसके साथ-साथ विभिन्न पत्र - पत्रिकाओं में कविताएँ व लघु कथाएँ प्रकाशित हो चुकी हैं श्मैं कहाँश इनका निजी काव्य संग्रह है।

काव्य की आत्मा उसका भाव होता है।जिस कविता में भाव नहीं है वह कविता रसहीन हो जाती है। डॉक्टर सुमन सचदेवा ने अपनी कविताओं में समाज की विभिन्न समस्याओं और उनके पहलुओं को बखूबी उजागर किया है। इनकी कविताओं में नवीन भावबोध नवीन मूल्य पूर्ण रूपेण दृष्टिगोचर होते हैं। कवयित्री ने जीवन के यथार्थ को अपनी कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया है। पाठक इनकी कविताओं को पढ़कर भाव विभोर होता है।

ममत्व एवं वात्सल्य- एक नारी होने के कारण कवयित्री के अंतर्मन में विद्यमान ममत्व एवं वात्सल्य की भावना स्वतः ही बाहर निकलते दिखाई देती है। माँ कविता में मातृत्व भाव को बखूबी बयां करती हुई कहती हैं कि इस संसार में माँ का रिश्ता सभी रिश्तों में सर्वोच्च है–

हँसती साथ हमारे मिल कर
साथ में ही रोती है

लाख हैं रिश्ते जग में लेकिन
माँ तो माँ होती है।[1]

जिस प्रकार सूरदास की रचनाओं में यशोदा का कृष्ण के प्रति वात्सल्य भाव का वर्णन मिलता है, ठीक इसी प्रकार कवयित्री ने मां और बेटी के वात्सल्य भाव का बड़ा सुंदर चित्रांकन 'माँ' कविता में किया है।

सदा दुलारे लाड़ लड़ाए
और लुटाए ममता
बच्चों के गम को वो अपने
आँसू से धोती है।[2]

भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्रीय मूल्यों का निरूपण- भारतीय सभ्यता और संस्कृति अपने आप में अनूठी है। भारतीय संस्कृति की नकल पूरा विश्व कर रहा है और आज भारतीय संस्कृति को खूब अपनाया जा रहा है तो भला कवयित्री भारतीय सभ्यता संस्कृति का निरूपण करने से कैसे रह सकती है। इन्होंने 'होली के रंग', 'इस दिवाली' पर दोनों कविताओं में भारतीय संस्कृति की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। श्इस दिवाली परश कविता में कवयित्री ने नफरत ईर्ष्या द्वेष आलस्य से अहंकार तथा क्रोध को त्यागने के लिए जनमानस को प्रेरित करती हैं–

सोचा है
इस दीवाली पर
पोंछ डालें
मन के हर कोने से
नफरत की धूल मिट्टी
उतार दें जाले
ईर्ष्या - द्वेष के,
आलस्य व अहंकार के।[3]

भारतीय संस्कृति में होली के पर्व का बड़ा ही महत्व है। इस पावन पर्व पर प्रत्येक व्यक्ति अपनी आपसी भेदभाव तथा वैरभाव को भूलाकर एक दूसरे से गले मिलते हैं और एक दूसरे के साथ गुलाल और रंगों के साथ खूब मस्ती करते हैं।

भुला के गम सभी चेहरे ही
मुस्काते हैं होली में
कि दुश्मन भी तो अपने मीत
बन जाते हैं होली में।[4]

नारी के स्थान को यथार्थ रूप में चित्रण - नारी वर्तमान समाज में एक अभिन्न भूमिका निभा रही है। वे परिवारों की रीढ़ की हड्डी है। समुदाय तथा देश के विकास में अपना अह्म योगदान डाल रही हैं। आज नारी की उन्नति एवं विकास की तो अनेक योजनाएँ चलाई जा रही हैं तथा चारों तरफ ढिंढोरा पीटा जा रहा है कि आज नारी आज़ाद है। प्रत्येक क्षेत्र में सबसे आगे है लेकिन कवयित्री ने नारी के वास्तविक रूप का वर्णन अपनी कविता "छली जाती है स्त्रियाँ" में बखूबी से किया है।

माना कि कुछ हद तक
मुक्त हो गयी हैं स्त्रियाँ
घर की चारदीवारी की कैद से
मगर कहाँ मिल पाया है उन्हें
वो उन्मुक्त आकाश

कि जहाँ ले सकें वे
एक आज़ाद साँस।[5]

कवयित्री आगे लिखती हैं कि स्त्रियाँ तो नाममात्र के लिए ही आज़ाद हैं। आज भी उनकी डोर किसी और के हाथ में है और वह एक रोबोट की तरह रिमोट से चलने वाली वस्तु मात्र ही हैं–

आज भी बहुत सी स्त्रियाँ
कहने को हैं आजाद
मगर
शून्य में उड़ती
पतंग की तरह
कि जिसकी डोर है।[6]

कवयित्री आगे लिखती है कि जब हर वर्ष महिला दिवस आता है तो बड़े धूमधाम से बनाया जाता है। उनकी उन्नति, तरक्की और सुरक्षा की बात की जाती है लेकिन महिलाएँ बड़ी ही भोली भाली होती है। इस समाज के प्रपंच को समझ नहीं पाती और वह बार-बार छली जाती हैं–

महिला दिवस मनाने वाली
ये भोली भाली स्त्रियाँ
जमाने के प्रपंच को कहाँ समझ पाती हैं!
हाँ, ये स्त्रियाँ किसी न किसी रूप में
अब भी छली जाती हैं।।[7]

रिश्तों की अहमियत का निरूपण- डॉ. सुमन सचदेवा बड़े ही सरल सहज निश्चल स्वभाव की स्वामिनी है। वह सामाजिक तथा पारिवारिक रिश्तों को बखूबी निभाना जानती हैं। माँ, 'मैं और बेटी', 'जब बच्चे बड़े हो जाते हैं', 'अपनों के साथ चाय पीना', आदि कविताएँ हमें भावात्मकता से जोड़ती हैं। 'कह देना' कविता की कुछ पंक्तियाँ इस प्रकार है–

सुनो
मन में मत रखना
कोई बात
कह देना जिससे
जो कहना चाहो।[8]

कवयित्री को पता है कि हम सब एक सामाजिक प्राणी है और परिवार में नोकझोंक लड़ाई झगड़ा चलता रहता है लेकिन उनका मानना है कि इसको मन में बिठाकर नहीं रखना चाहिए–

लाख लड़ाई करो
भाई-बहनों से
मगर प्यार जब आए तो
गालों पे चिकोटी काट लेना
चोटी खींच लेना
और फिर झप्पी ले लेना।[9]

वर्तमान युग मशीनीकरण का युग है। प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में इतना व्यस्त है कि वह अपने बच्चों को भी नजर अंदाज करता जा रहा है लेकिन कवयित्री का कथन है कि प्रत्येक व्यक्ति को थोड़ा बहुत समय अपने बच्चों के लिए अवश्य निकालना चाहिए ताकि बच्चे अपने आपको उपेक्षित एवं अकेला महसूस न करें–

व्यस्त जिंदगी में अक्सर
निकालते रहना समय
बच्चों के सिर पर
रखने को हाथ।[10]

भ्रूण हत्या - भारत एक पुरुष प्रधान देश है। भारतीय समाज में कन्या का जन्म एक अभिशाप माना जाता है। इसके पीछे कई पहलू कार्य करते हैं।एक पुत्र का वंश चालक, वहशी दरिन्दों से रक्षा तथा दहेज प्रथा जैसी डायन आदि मनःस्थितियों से भयभीत व्यक्ति गर्भ में ही परी का वध करवा देता है श्कुछ प्रश्न श्कविता में वे समाज से प्रश्न करती हैं कि अगर कन्याओं का वध ही करना है तो फिर कन्या पूजन का त्यौहार क्यों मनाते हो?

जन्म लेने से भी पहले
गर्भ में ही मार देते
कन्या-पूजन का मनाते
फिर वही त्योहार क्यों हैं?[11]

राष्ट्रीय प्रेम-कवयित्री के अंदर राष्ट्रीय प्रेम कूट-कूट कर भरा हुआ है। भारत के वीर सपूतों राजगुरु, चंद्रशेखर और भगत सिंह ने भारत की आज़ादी के लिए अपनी शहादत दे दी। जिस भारत की कामना उन्होंने की थी जब आज वह कवयित्री को दिखाई नहीं देता तो वह प्रश्न कर उठती हैं–

बीज बोया त्याग और
बलिदान का तूने भगत सिंह
उग रहा उस बीज में से
स्वार्थ का व्यापार क्यों?[12]

प्रकृति चित्रण- कवयित्री की कविताओं के अध्ययनोपरांत ज्ञात होता है कि कवयित्री ने प्रकृति के आलंबन और उद्दीपन दोनों रूपों का बड़ा सुंदर चित्रांकन अपनी कविताओं में किया है। 'उदास कौन?' कविता में कवयित्री ने फूलों के माध्यम से अपनी उदासी को अभिव्यक्त किया है–

आज फूल उदास थे
मुझे देख
वो खिले नहीं
मुस्काए नहीं
महके नहीं
इठलाए नहीं।[13]

'पूनम का चाँद' कविता में प्रकृति के मानवीकरण का सुंदर दिग्दर्शन मिलता है–

पूनम का वो प्यारा चाँद
आँगन मेरे उतरा चाँद
भूली बिसरी कितनी यादें
फिर से याद दिला गया चाँद।[14]

8. Conclusion and Policy Recommendations

Artificial Intelligence is a game-changer for sustainable development. Its applications span across environmental conservation, social inclusion, and economic resilience. By leveraging AI, we can monitor ecological systems, personalize public services, and optimize infrastructure to build smarter, more sustainable societies.

To harness AI's full potential, a balanced approach is necessary. Policymakers should:

- Promote ethical AI frameworks and regulatory standards.
- Invest in digital infrastructure and AI literacy.
- Encourage public-private-academic partnerships.
- Ensure inclusivity by addressing the digital divide.
- Foster innovation through open data and collaborative platforms.

Ultimately, the successful integration of AI into sustainable development hinges on aligning technological advancements with human values and collective goals. With responsible stewardship, AI can become a cornerstone of a fairer, greener, and more resilient future.

References

1. United Nations. (2015). Transforming our world: The 2030 Agenda for Sustainable Development.
2. AI for Good – ITU. https://aiforgood.itu.int
3. World Economic Forum. (2020). Harnessing Artificial Intelligence for the Earth.
4. UNESCO. (2021). AI and Education: Guidance for Policy-makers.
5. McKinsey Global Institute. (2018). Notes from the AI frontier.
6. IBM. (2020). AI and the Future of Work and Sustainability.
7. Nature Sustainability. (2022). AI for Climate Resilience.
8. OECD. (2021). Artificial Intelligence, Business and Sustainability.

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

स्वातन्त्र्योत्तर संस्कृत महाकाव्यों में राष्ट्रवाद

शिवराज मीणा
सहायक आचार्य, संस्कृत, हरिअनत इंटीग्रेटेड महाविद्यालय, बोरखेड़ा, कोटा
पता - बी-603, स्वराज एनक्लेव, बोरखेड़ा, कोटा, पिन - 324005
मो.नं. 7597429188

राष्ट्रवाद को स्पष्ट करने के लिए राष्ट्र शब्द को समझना आवश्यक है। 'राष्ट्र' शब्द दीप्तर्थक 'राज' धातु से 'सर्वधातुभ्यःष्ट्रन' इस उणादित प्रत्यय के संयोग से बना है। इस व्युत्पत्ति के अनुसार राष्ट्र का अर्थ है– ''पशुधान्यहिरण्यसंपद राजते शोभते इति राष्ट्रम'' अर्थात पशु धन-धान्य आदि सम्पदाओं से सुशोभित भूमि भाग ही राष्ट्र है।[1] संस्कृत, हिन्दी तथा आंग्ल भाषा के कोशो में 'राष्ट्र' शब्द के निम्न पर्याय दिये गए हैं यथा-जनपद, देश, साम्राज्य, जनता, जाति, राज्य तथा किसी एक शासन में रहने वाले सब लोगों का समूह इत्यादि। डॉ. हरिनारायण दीक्षित ने श्री एम. मेनियर विलयम द्वारा ''संस्कृत इंग्लिश डिक्शनरी में राष्ट्र के लिए प्रयुक्त ''डिस्ट्रिक्ट'' शब्द तथा वामन शिवराम आप्टे के ''संस्कृत हिन्दी कोश'' में राष्ट्र के लिए प्रयुक्त राज्य शब्द को भारतीय राष्ट्रवाद के अनुसार उपयुक्त नहीं माना है। उनके मतानुसार डिस्ट्रिक्ट अथवा राज्य शब्द राष्ट्र की अर्थ गरिमा और विशालता के विरूद्ध है।

राष्ट्र का आंग्ल पर्यायवाची शब्द ''नेशन'' है। राजनीति शास्त्रियों के अनुसार यह लेटिन भाषा के नेटस से निकला है, जिसका अर्थ 'जन्म' या 'जाति' है। 'राष्ट्र' की परिभाषा देते हुए जन्म एवं जाति पर विशेष बल दिया है और ऐसे मानव समूह को राष्ट्र कहा है, जो जन्म एवं जाति के कारण परस्पर एकता के सूत्र में बँधे हो। प्रोफेसर बर्गेस की परिभाषा के अनुसार -''राष्ट्र जातीय एकता के सूत्र में बँधी हुई वह जनता है जो किसी अखण्ड भौगोलिक प्रदेश में निवास करती हो।''

कार्लटन जे. एच. हेज ने राष्ट्र की परिभाषा देते हुए लिखा है– ''राष्ट्र जाति ऐसे मनुष्यों का सांस्कृतिक समाज है, जो एक ही भाषा बोलते हैं और जिनको ऐतिहासिक परम्पराएँ (धार्मिक, प्रादेशिक, राजनीतिक, सैनिक, आर्थिक, कलात्मक और बौद्धिक) समान है।''

ब्राइस के मतानुसार ''राष्ट्र एक ऐसी राष्ट्रीयता है, जिसका एक ऐसा राजनीतिक संगठन है, कि वह या तो स्वतन्त्र है या स्वतन्त्र होने का इच्छुक है।''[5] अगर जाति को आधार बनाकर समान भाषा, जाति, धर्म, सगोत्रिय व्यक्तियों के समूह को राष्ट्र के रूप में स्वीकारा जाए तो किसी भी देश में अनेक प्रजाति, भाषा एवं धर्म को मानने वाले लोग निवास करते हैं, इस आधार पर तो एक ही देश में अनेक राष्ट्र की दुरूह कल्पना को स्वीकार करना पड़ेगा।

उपर्युक्त परिभाषाओं के आधार पर किसी ने जातीय एकता, किसी ने सांस्कृतिक एकता और किसी ने राजनीतिक एकता पर बल दिया है किन्तु वास्तव में राष्ट्र के जो प्रमुख तत्व स्वीकार किये हैं, वह हैं–भौगोलिक एकता, जातीय एकता, भाषा, संस्कृति तथा परम्पराओं की एकता, धार्मिक एकता, सामान्य राजनीतिक आकांक्षाएँ, सामान्य हिताहित की कल्पनाएँ और समान शासन व्यवस्था इत्यादि। ये राष्ट्र के तत्व हो सकते हैं मगर इन्हीं को अगर हम राष्ट्र के रूप में स्वीकार नहीं कर सकते। इसकी बात इन सभी का सामुहिक समन्वय रूप को हम राष्ट्र के रूप में स्वीकार कर सकते हैं, जहाँ किसी देश में विभिन्न

राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक तथा सांस्कृतिक गुणों वाले व्यक्ति साथ मिलकर रहते हैं। वही राष्ट्र कहा जा सकता है।

राष्ट्रवाद :- राष्ट्रवाद का तात्पर्य है, ''राष्ट्र को प्रेम करने वाला समूह विशेष।'' सामान्यतः राष्ट्रवाद और राष्ट्रीयता को एक ही अर्थ में प्रयोग किया है। डॉ. सत्यनारायण दुबे ने राष्ट्रीयता के सम्बन्ध में लिखा है कि-''जो व्यक्ति, जाति, सम्प्रदाय अथवा प्रदेश के स्वार्थ को प्रमुखता देते हैं और राष्ट्र के हितों की उपेक्षा करते हैं। वे लोग सच्चे अर्थों में राष्ट्रवादी नहीं है, उनमें राष्ट्रीय भावना का अभाव है। इसके विपरीत जो राष्ट्र को सर्वोपरि मानते हैं, वह राष्ट्रवादी है।''

राष्ट्रवाद के सम्बन्ध में ही डॉ. सुधीन्द्र कहते हैं कि- ''राष्ट्रवाद एक व्यक्तिगत चेतना है, जिनके पास एक ऐसा साहित्य है जिसमें राष्ट्र की अभिलाषा अभिव्यक्त हो, जो समान परम्पराओं व समान रीति रिवाजों से सम्बंध रखते हो, जो कुछ परिस्थितियों में समान धर्म रखते हैं।''

Encyclopedia Britannica के अनुसार-''राष्ट्रवाद एक ऐसी मनःस्थिति है जिसमें व्यक्ति की सर्वोच्चता राष्ट्रभक्ति तथा उसके राष्ट्र राज्य के प्रति अनुभव से जानी जाती है।''

प्रो. स्नाइडर के अनुसार- ''इतिहास के एक विशेष चरण पर राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक व बौद्धिक कारणों का एक उत्पाद राष्ट्रवाद एक सुपरिभाषित भौगोलिक क्षेत्र में निवास करने वाले ऐसे व्यक्तियों के समुह की एक मनस्थिति, अनुभव या भावना है जो समान भाषा बोलते हैं। दृष्टि समूह या सर्व के अभ्युदय और और प्रगति पर है। वह प्रगतिशील तत्व है। देशभक्ति राष्ट्रीयता का सनातन रूप है और राष्ट्रवाद उसका प्रगतिशील (ऐतिहासिक) स्वरूप है।''

डॉ. गार्नर ने आधुनिक राष्ट्रवाद को परिभाषित करते हुए लिखते है कि-''आधुनिक राष्ट्रवाद की यह मुख्य विशेषता है कि बहुत से लोग जो एक राष्ट्रियता में संगठित हैं, या तो स्वतन्त्र होना चाहते हैं और अपनी इच्छानुसार बनाए हुए राज्य में रहना चाहते हैं या बहुत हद तक राजनीतिक स्वायत्ता चाहते हैं जहाँ इन्हें किसी दूसरी राष्ट्रियता अथवा राष्ट्रियताओं के साथ संगठित कर दिया जाता है। इन परिभाषाओं के आलोक में हम कह सकते हैं कि जो समुदाय अथवा सम्प्रदाय राष्ट्र प्रेम की भावना से अभिभूत है, वह राष्ट्रवादी है। विशालभारतम् महाकाव्य में भी पं. श्यामवर्ण द्विवेदी नें ''राष्ट्रवाद'' शब्द को वहाँ इसी अर्थ में प्रयोग करते हुए लिखा है कि–

सर्व तदेतत् खलु विश्वमात्मा,
यदा स्वकं स्थावर-जंगमं च।
तदाश्र्य सिद्धांत वरे प्रवश्ते
त्व राष्ट्रवादः क्व च साम्यवादः।।

राष्ट्रीयता का प्रयोग भी राष्ट्रप्रेम की भावना को दर्शाने के लिए किया जाता है। राष्ट्रीयता किसी देश के नागरिकों की उस देश के प्रति राष्ट्रप्रेम को अभिव्यक्त करता है। अंग्रेजी में राष्ट्रियता अथवा राष्ट्रवाद दोनों के लिए ''नेशनलिज्म'' शब्द का प्रयोग होता है। हालांकि आधुनिक संस्कृत के मूर्धन्य विद्वान डॉ. हरिनारायण दीक्षित को राष्ट्रीय भावना के लिए प्रयुक्त नेशनलिज्म और राष्ट्रवाद शब्द पर आपत्ति है। दीक्षित जी का मानना है कि ''इज्म' और ''वाद'' अंश में दूसरे राष्ट्रों से द्वेष की भावना विद्यमान है तथा यह अहंकारमूलक शब्द है। जबकि हमारे प्राचीन ग्रंथों तथा हमारी संस्कृति में राष्ट्रवाद की जो भावना को व्यक्त किया गया है, उसमें अपने राष्ट्र के साथ ही अन्य राष्ट्रों की स्वतंत्रता के प्रति सम्मान की भी महत्ता दिया गया है। हमारे संस्कृति में उग्र राष्ट्रवाद के लिए कोई स्थान नहीं है। संस्कृत साहित्य में अपने स्वार्थ के लिए अन्य राष्ट्रों से घृणा उन्हें छोटा और नीचा समझने की तथा हानि पहुँचाने की चेष्टा को बढ़ावा नहीं देती बल्कि संस्कृत साहित्य उदार मानवतावादी राष्ट्रवाद को प्रेरणा देता है, इसलिए राष्ट्रवाद से हमारा अभिप्राय राष्ट्र प्रेम की भावना से है, न कि संकीर्ण आक्रामक राष्ट्रवाद से।

संस्कृत साहित्य में ''राष्ट्रवाद'' की भावना जिस रूप में वर्णित है उसके प्रमुख तत्व हैं–

1. राष्ट्र के प्रति सर्वाधिक प्रेम भावना।
2. राष्ट्र की भौगोलिक सीमाओं की रक्षा की भावना।

3. राष्ट्र की प्राकृतिक सम्पत्ति नदी, पर्वतों इत्यादि के प्रति प्रेम भावना।

4. राष्ट्र की रक्षा में अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले वीर पुरूषों के प्रति आदर भावना।

स्वतान्त्रयोत्तर संस्कृत महाकाव्यों में राष्ट्रवादः- 20वी शताब्दी संस्कृत साहित्य में राष्ट्रीय भावना की अभिव्यक्ति का स्वर्ण काल के रूप में जाना जाता है। इस काल खण्ड में राष्ट्रिय चेतना के प्रसार का कारण अंग्रेजी शासन था। ब्रिटिश सरकार के द्वारा अपने लाभ के लिए रेल लाइन का विकास, एकल शासन व्यवस्था, शिक्षा व्यवस्था के कारण भारत के लोगों में एकत्व की भावना का विकास हुआ। जिनसे भारतीय जनता में राष्ट्रिय भावना की वृद्धि हुई। पाश्चात्य विद्वान मानते है कि भारत में राष्ट्रियता चेतना का संचार का कारण अंग्रेजी शासन व्यवस्था थी। पाश्चात्य विद्वानों के द्वारा किए गये आधुनिक प्रयासों के कारण भारतीय लोगों में राष्ट्रीयता की भावना का उद्घोष 18वी शताब्दी के अंतिम दशक में हुआ।

मगर प्राचीन संस्कृत ग्रंथों के अध्ययन के आलोक तथा तत्कालीन समाज सुधारकों यथा-दयानन्द सरस्वती, विवेकानन्द, राजा राममोहन राय, ईश्वर चन्द्र विद्यासागर, महादेव साडे आदि के विचारों को पढ़कर यह ज्ञान स्वतः हो जाता है कि पाश्चात्य विद्वानों के ये राग अलाप की भारत में आधुनिकता तथा राष्ट्रवाद पाश्चात्य समाज की देन है, निराधार साबित हो जाती है।

श्री तुकाराम चरित्र, महाकाव्य यद्यपि सन्तचरित काव्य है किन्तु इसमें शिवाजी का वर्णन होने से इसमें राष्ट्रवाद की भावना की अभिव्यक्ति देखी जा सकती है। शिवाजी की प्रजा के हित तथा देश की रक्षा का कर्तव्य बोध कराते हुए श्री तुकाराम उन्हें उपदेश देते हैं कि क्षत्रिय का पहला कर्तव्य अपने शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर अपने धर्म का आचरण करना है। श्रीरामदास चरितम् महाकाव्य में भी रामदास के द्वारा शिवाजी को मातृभूमि की रक्षा का उपदेश दिया है–

राजन्य धर्म प्रतिपथ राजन समर्हसि त्रातुमिदं स्वराज्यम्।
मलेच्छग्रहान्मोचय मातृभूमिमित्येश धर्मःप्रथअस्तवेह।।
निष्पातो व्यवहार कर्मसु चरेद्राजन्य आदौ स्वयं विश्वास्यान्
विनियोयेच्च कुशलान् दृश्टानपास्य द्विशः।
श्री मद्दीनजनान् सदा सगदृशा सन्तोषयेत्सं कटे
शशान्तिस्थैर्यजुशास्मना व्यवहरे द्रक्षेद्विवेकं हृदि।।

भारत की आजादी में महात्मा गांधी का अभूतपर्वक योगदान था। साथ ही गाँधी की विचारधारा ने न केवल भारत के अपितु विश्व के कई नेताओं की विचारधारा को प्रभावित किया। गाँधी के इन विचारों के प्रभाव से संस्कृत के आधुनिक कवित भी न बच सके। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन चरित पर आधारित ''श्री महात्मा गांधी चरितम्'' नामक सम्पूर्ण महाकाव्य राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत है। इसमें स्वराज्य प्राप्ति तथा राष्ट्रिय एकता के लिये गांधी जी के सत्याग्रह, आमरण अनशन इत्यादि अथक प्रयासों का वर्णन है। गांधीजी के लिये दीर्घायु की कामना, उन्हें राम और कृष्ण से भी महान समझना। यही कारण था कि गांधी के जीवनवृत्त को आधार बनाकर कई कवियों ने महाकाव्यों तथा नाटकों का सृजन किया, जिसमें उनको नायक रूप में चित्रित करते हुए राष्ट्रीय चेतना तथा राष्ट्रीयता का वर्णन है। जनता द्वारा उनका अत्यधिक स्वागत तथा उनकी चरणों की धूल को मस्तक पर लगाना और देशद्रोहियों तथा विदशी शासकों का अन्धानुकरण करने वाले व्यक्तियों की निन्दा, कवि की राष्ट्र प्रेम की द्योतक है।

श्री सुभाचरितम् महाकाव्य के नायक श्री सुभाष का सम्पूर्ण जीवन स्वदेश प्रेम की भावना से ओतप्रोत है, अतः उनके जीवन की प्रत्येक घटना-ब्रह्मचर्य आश्रम का पालन, सरकारी नौकरी का परित्याग, घर की सुख सुविधाओं तथा अपने देश का परित्याग, विदेशों में भ्रमण कर स्वराज्य के लिए प्रयत्न करना इत्यादि का रोचक एवं यथार्थ वर्णन कर कवि ने पाठकों के मन में राष्ट्रीय भावना उत्पन्न करने का प्रयत्न किया है।

श्री नेहरूचरितम् महाकाव्य ब्रह्मानन्द शुक्ल का महाकाव्य है जिसमें उन्होंने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री तथा स्वतंत्र भारत के नवनीत नेता नेहरू को राष्ट्र के प्रख्यात् राष्ट्रवादी का प्रारम्भ प्रयोग के वर्णन सेता है जो कवि की राष्ट्रप्रेम की भावना व्यक्त करता है। यह सम्पूर्ण महाकाव्य राष्ट्रवाद की भावना से ओतप्रोत है। द्विवेदी जी ने देशभक्तिहीन तथा स्वार्थलीन नेताओं की

निन्दा की है तथा सच्चे राष्ट्रभक्त स्वामी दयानंद विवेकानन्द, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक, गोपाल कृष्ण गोखले, रवीन्द्रनाथ टैगोर, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सुभाषचन्द बोस, जयप्रकाश नारायण इत्यादि के प्रति प्रेमभाव को व्यक्त किया। इसमें वर्णित राष्ट्रिय ध्वनि का जो वर्णन प्राप्त होता है वह कवि के राष्ट्रप्रेम को व्यक्त करता है।

श्री तिलकयशाश्र्ण्तः महाकाव्य में कवि के द्वारा लोकमान्य बाले गंगाधर तिलक के स्वराज्य प्राप्ति के लिये किये गये अथक प्रयासों का अंकन किा है जिससे वह पाठकों के हृदय में राष्ट्र प्रेम को उद्धबद्ध कर सके। स्वराज्य विजयम् नामक महाकाव्य में देश के प्रति अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले राष्ट्र नायकों के प्रति द्विजेन्द्रनाथ शास्त्री का यह विशिष्ट महाकाव्य है। इसमें कवि कहते हैं कि जो लोग राष्ट्र की स्वतन्त्रता के लिये प्राणाहुति देते है, उन महापुरूषों को भला कौन मृत घोषित कर सकता है।

अम तास्तेहि संजाता, ये स्वातन्त्रयकृते मृताः।
यतः परोपकाराय न भवन्ति मृताः मृताः।।
मृत्य : स वा स्यात् यदि राष्ट्रहेतोः स नः कृते स्यादमृतत्वमेव।
स्वराज्यसौरव्यन्तु भावि सन्ततिः फलत्वयचेण लप्स्यतेत।।

कवि दासत्व को मृत्यु से भी अधिक दुःखप्रद स्वीकारा है। वह राष्ट्र की उन्नति एवं विकास के लिए स्वराज्य को अवश्य मानते हैं। इसके माध्यम से उन्होंने शिवाजी को आधार बनाकर रचित महाकाव्यों में श्रीधर भास्कर वर्णोंकर विरचित शिवराज्योदयम महाकाव्य राष्ट्रीयता की दृष्टि से श्रेष्ठ महाकाव्यों में स्वीकार किया जाता है। इसके माध्यम से उन्होंने मातृभूमि के लिए सब कुछ कर जाने वाले वीर योद्धाओं को नमन किया है।

पूर्वभारतम् महाकाव्य भारत देश के नाम की सार्थकता के वर्णन से प्रारम्भ होता है। इस महाकाव्य में कवि का मानना है कि जब तक लोग सम्पूर्ण देश को एक परिवार के रूप में नहीं देखेगें, तब तक देश का भला नहीं हो सकता। देश की एकता के लिए यह आवश्यक है, सभी भारतवासी अपने बीच के जाति, बेश, लिंग, भाषा के आधार पर जो विभेद है उसका दूर करें। तभी जाकर भारत को वास्तव में स्वाधीन माना जाये। प्रभुदत्त स्वामी ने पारस्परिक कलह की अग्नि के समान राष्ट्र के लिए घातक बताया है तथा इससे राष्ट्र के शत्रुओं की वृद्धि होने की संभावना प्रकट की है।

चीरहरणम् महाकाव्य द्रौपदी के चीरहरण सम्बन्धी प्राचीन घटना पर आधारित है। फिर भी इसमें कवि ने देश की तत्कालीन दशा नजर आती है। अब्राहम लिंकन कहते थे कि लोकतंत्र में शासन की सम्पूर्ण शक्ति जनता में निहित होती है। अतः शासक को जनता की भावनाओं को ध्यान में रखकर नीति निर्धारण करना चाहिए।[17]

वह कहते है कि-लोकतंत्र जनता के लिए, जनता के द्वारा, जनता का शासन है। अर्थात जनता ही सर्वोपरि है—लोकतंत्र में। इसी प्रकार दिनकर लिखते हैं कि-सिहांसन खाली करो, जनता आ रही है। जनविजय महाकाव्य में भी कुछ इसी प्रकार की भावना को व्यक्त किया गया है। इस महाकाव्य में स्वाधीनता के महान सेनानियों, नेहरू, गांधी, बोस तथा लाल बहादुर शास्त्री का वर्णन का केवल अभिप्राय यह है। पहला-नेताओं को भारत के उन देशप्रेमी नेताओं से सीख ग्रहण करनी चाहिए। दूसरा-जनता ने जैसे अंग्रेजों को देश से बाहर निकाला था, उसी प्रकार इन नेताओं को भी सबक सिखाने के लिए प्रेरित करना। साथ ही इसके द्वारा लोगों में राष्ट्रीयता की भाषा का संचार करना भी मुख्य उद्देश्य रहा है। इस महाकाव्य में लेखक के द्वारा छात्रों के मन में राष्ट्र के प्रति चिन्ता का मनोहारि वर्णन किया है तथा उन नेताओं की भर्त्सना की है जो देश को अवनति की ओर ले जाने वाले हैं। उन्होंने अन्तिम सर्ग में भारत के गौरव की रक्षा के लिए नेताओं तथा जनता को जाग्रत करने का उपदेश दिया है।

''मौर्यचन्द्रोदयम'' नामक महाकाव्य राष्ट्रवाद की भावना से परिपूर्ण प्रभुदत्त स्वामी का एक उत्कृष्ठ महाकाव्य है। जिसमें उन्होंने राष्ट्र का वास्तविक अर्थ समझाते हुए कहते हैं—'कि भाषा, देश-भक्ति, सभ्यता और संस्कृति राष्ट्र के प्राण हैं। स्वार्थी व्यक्ति की तुलना कीड़ों से दी गयी है, जो राष्ट्र के अन्न को नष्ट करते है। राष्ट्र की सेवा करने वाले सज्जनों के जीवन के लिए कल्पों तक जिन्दा रहने की कामना की गई है।

''श्रीमत्प्रतापराणयनम्'' यह महाराणा प्रातप के जीवन पर आधारित है। इस महाकाव्य का आरम्भ महाराणा प्रतप के श्लेषमय वर्णन से तथा अंत देशभक्ति उपदेश से की गई है। यह महाकाव्य के द्वारा कवि प्रताप के जीवन को आधार बनाकर पाठकों के हृदय में देशप्रेम की भावना को जमाना चाहता है। भीष्म चरितम् महाकाव्य, गंगापुत्र भीष्म को आधार बनाकर रचित है। इसमें भीष्म के द्वारा युधिष्ठिर को उपदेश दिया गया है—कि राजा को अपने राष्ट्र तथा राष्ट्र में रहने वाले लोगों के योग-क्षेम के लिए सदैव प्रयत्न करना चाहिए। राष्ट्र की सेवा ईश्वर की पूजा के समान राष्ट्र के शत्रु को दण्डित करना राजा का कर्तव्य माना गया। राजा को अपने अहंकार की अग्नि में राष्ट्र को नहीं जलाना चाहिए।

उपर्युक्त महाकाव्यों के सारगर्भित विवेचना से स्पष्ट है कि स्वतंत्रता काल में आधुनिक संस्कृत कवियों ने जो भी महाकाव्यों का सृजन, उसमें से अधिकांशतः में राष्ट्रवादी विचारधारा का वर्णन प्राप्त होता है। ये कवि चाहते तो प्राचीन महाकाव्य की पद्धति पर शृंगार वर्णन से युक्त महाकाव्यों के सृजन की परम्परा का पालन करते रहते। मगर जब देश में कोई बाहरी व्यक्ति आप पर शासन कर रहा हो तब तो लेखक का प्रथम दायित्व यही है कि वह अपने काव्य के द्वारा जनमानस में नयी चेतना का संचार करें तथा लोगों को क्रान्ति के लिए प्रेरित करें। यह सत्य है कि संस्कृत कवियों ने तत्कालीन सेनानायको, प्राचीन भारतीय महान सम्राटों तथा राजाओं को आधार बनाकर राष्ट्रप्रेम तथा राष्ट्रीयता का वर्णन किया। मगर इसके बाद भी इन रचनाओं में कही भी उग्र राष्ट्रवाद या आक्रामक राष्ट्रवाद का वर्णन हमें नजर नहीं आता। कवियों ने स्वयं राष्ट्र कल्याण के साथ विश्व मंगल की भी कामना की है। भारतीय साहित्य परम्परा को ध्यान में रखते हुए इन कवियों ने अपने राष्ट्र की स्वतंत्रता की रक्षा के साथ ही साथ दूसरे राष्ट्रों के भी स्वतंत्रता की रक्षा के प्रति सद्भाव व्यक्त किया।

संदर्भ सूची

1. शब्दकल्पद्रम कोश, राजा राधाकान्तदेव, पृ.सं.-158
2. संस्कृत साहित्य में राष्ट्रीय भावना, डॉ. हरिनारायण दीक्षित, पृ. सं.-04
3. राजनीतिशास्त्र के सिद्धांत, आर0सी0 अग्रवाल, पृ. सं.-214, 215
4. आधुनिक राजनीतिक विचारधाराएँ, डॉ. सत्यनारायण दूबे, पृ. सं.-348
5. राजनीतिशास्त्र के सिद्धांत, आर0सी0 अग्रवाल, पृ.सं.-215
6. आधुनिक राजनीतिक विचारधाराएँ, डॉ. सत्यनारायण दूबे, पृ. सं.-357
7. हिन्दी कविता में युगान्तर, डॉ. सुधीन्द्र, पृ. सं.-237
8. राजनीतिशास्त्र के सिद्धांत, आर0सी0 अग्रवाल।
9. विशालभारतम् 8/19
10. संस्कृत साहित्य में राष्ट्रीय भावना, हरिनारायण दीक्षित, पृ. सं.-29, 30
11. श्रीरामदासचरितम्, 11/36-39
12. भारतपरिजातम्, 13/35-40, 14/3-15
13. श्रीसुभाषचरितम्, 1/18, 19, 6/8
14. श्री नेहरूचरितम् 2/16-21, 14/4-8, 18/19-23, 31-32
15. स्वराज्यविजयम् 1/45, 15/35
16. पूर्वभारतम्, 8/13, 40-43
17. चीरहरणम् 11/51-77, 12/24
18. तद् भूखण्डं वाशद्रयो वादिशो वा,
    नैतद् राष्ट्रं राष्ट्रविज्ञा दिशन्ति।

भाषा, भक्तिः सभ्यता, संस्कृतिश्चे-
त्येतात्प्राणं राष्ट्रमाहुश्चिरत्नाः।।
जाति, धर्मो, जातिधर्मप्रसूता-
भाषा, भन्तिः, सभ्यता, संस्कृतिश्च।
एतै सतत्वेः प्राणितां मातृभूमिं
राष्ट्रंप्राडू राष्ट्रतत्वार्थविंज्ञः।। (15/41, 51 व 52)

19. श्रीमत्प्रतापराजन्तं नौमि दित्यमहौजसम्।
सर्वलोकमाराध्यं सूर्य प्रत्यक्षदैवतम्।। (श्रीमत्प्रतापराणयनम्, मेवाड़काण्ड 1/1)

20. भीष्मचरितम् 1/12-17, 17/27-28
नृपः स्वराष्ट्रस्य तथात्र वासिनां,
क्षेत्रमाय योगाय यतेत सर्वदा।
राष्ट्रस्य सेवा प्रभुवन्दनोच्यते
प्रभोः शरीराच्य विनिर्गताः प्रजाः।। (17/26)

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

आधुनिकताबोध और सर्वेश्वर का कथा-साहित्य

डॉ. बिक्रम कुमार साव
असिस्टेंट प्रोफेसर, बैरकपुर राष्ट्रगुरु सुरेंद्रनाथ कॉलेज
Mob: 9331087920
Email: bikram-z-shaw3@gmail.com

'आधुनिकता' एक प्रक्रिया है जो एक से अधिक दौर से गुजरने की गवाही देती है। आधुनिकता की प्रक्रिया नगरीकरण की प्रक्रिया से जुड़ी हुई है और इस तरह आधुनिकता-बोध का संबंध नगर-बोध से जुड़ा हुआ है। आधुनिकता बोध मध्यकालीन और रोमांटिक बोध दोनों का विरोध करती है। आधुनिकता के बोध में मध्यकालीन और रोमांटिक बोध-दोनों का अस्वीकार है। इसमें प्रश्नचिह्न की निरन्तरता है। शाश्वत और चरम का अस्वीकार चिन्तन और संवेदना-दोनों स्तरों पर है। इसमें कभी अजातीयता को खोजा गया है तो कभी उद्देश्यहीनता को तलाशा गया है। इस तरह आधुनिकता में कभी बेगानेपन और अजनबीजन का एहसास है तो कभी व्यक्ति का व्यक्ति से कट जाने का बोध है और कभी व्यक्ति का परिवेश से कट जाने का, जो नगरीकरण की प्रक्रिया का परिणाम है। अकेलेपन का बोध भी बहुत पुराना है किन्तु आज का अकेलापन मध्यकालीन या रोमांटिक अकेलेपन से भिन्न कोटि का है। आज इंसान की नियति अनिश्चित है और उसकी स्थिति अरक्षित होने की गवाही देने लगी है। उसका अनाम हो जाना, उसके व्यक्तित्व का लोप हो जाना-यह सब कुछ हिन्दी कथा-साहित्य में उजागर हो रहा है, जिसमें परिवेश नगर या महानगर का है। इस प्रकार 'आधुनिकता बोध' स्वयं में एक जटिल अवधारणा है। प्रगतिशील और मूल्यवादी विचारक इसे मानवता के भविष्य निर्माण के संघर्ष में बाधक मानते हैं। उनके अनुसार अस्तित्वादी दर्शन से प्रेरित आधुनिकताबोध मनुष्य को निराश, कुण्ठित, एकांकी और निष्क्रिय बना देता है। आधुनिक यंत्र-दानव के समक्ष अपनी हीनता और व्यर्थता के बोध से आक्रांत मनुष्य बेहतर जीवन-निर्माण के लिए संघर्ष नहीं कर सकता। इसलिए विसंगति, विडम्बना, व्यर्थता, अजनबीपन, नैराश्य, कुण्ठा, संत्रास आदि को आधुनिकता बोध का पर्याय मान लेना उचित नहीं है। वर्तमान औधोगिक सभ्यता के अन्तर्गत मनुष्य का पदाथीकृत होना उसकी नियति है। निराशा, ऊब, ग्लानि, व्यर्थताबोध आज का जीवन-सत्य है। यह स्वीकार कर लेने से मनुष्य की संकल्प-शक्ति का हास होता है और वह नियति का दास बनकर रह जाता है। इसलिए आधुनिकता बोध के स्थान पर वे यथार्थबोध को महत्त्व देते हैं। मुक्तिबोध बलपूर्वक कहते हैं कि ''अन्याय के खिलाफ आवाज बुलन्द करना 'आधुनिक भावबोध' के अन्तर्गत है। आधुनिक भावबोध के अन्तर्गत यह भी है कि मानवता के भविष्य-निर्माण के संघर्ष में हम और भी अधिक दत्तचित्त हों तथा हम वर्तमान स्थिति को सुधारें, नैतिक हास को थामें, उत्पीड़ित मनुष्य के साथ एकात्म होकर उसकी मुक्ति की उपया-योजना करें।''[1] डॉ. इन्द्रनाथ मदान अपनी पुस्तक आधुनिकता और हिन्दी साहित्य में लिखते हैं– "इतना साफ हो चुका है कि यह एक प्रक्रिया है और इस प्रक्रिया में स्वीकृत मूल्य अस्वीकृत हो जाने की गवाही देकर, फिर स्थापित होकर विस्थापित हो जाते रहे हैं।''[2] अर्थात् बनते-मिटते रहते हैं और इसीलिए अपने वर्तमान के प्रति तीव्रतम सजगता आधुनिकता का केन्द्रीय तत्त्व है। परन्तु दुर्भाग्य से शहरी मध्यवर्गीय व्यक्ति-जीवन की जड़ता, ठहराव, स्तब्धता, टूटन, कुंठा, घूटन मात्र को ही आधुनिकता बोध मान लिया जाता है। यह ठीक है कि इन सारी जड़ता, ठहराव,

कुंठा आदि का तीव्र बोध रचनाकार को होना चाहिए, किन्तु साथ ही साथ इन सबको व्यापक परिवेश में देखने की भी आवश्यकता है। इन्हें तोड़ने की चेष्ठा करने वाली अव्यक्त आकुलता भी आधुनिकता बोध है।

'आधुनिकता बोध' की दृष्टि से हिन्दी कथा-साहित्य की शुरुआत 'पूस की रात' (1934 ई.), 'कफन' (1936 ई.), और गोदान' (1936 ई.) से होती है। इन रचनाओं की कथाओं में कथाकर ने अपनी कथा-परम्परा को तोड़ा है आधुनिकाता की चुनौती को स्वीकारा है। अज्ञेय की कहानी 'गैंग्रीन' में बोरियत की जो गहरी छाया मंडराती रहती है, परिवेश से कट जाने का इसमें जो ठण्डा एहसास है, उसमें आधुनिकता का एक और स्तर उजागर होता है। इसी तरह परिन्दे, लन्दन की एक रात, खोयी हुई दिशाएँ, वापसी, डेढ़ इंच ऊपर, बंद गली का आखिरी मकान आदि कहानियों में आधुनिकता का स्तर बहुत गहरे में है। अपने इसी अनेक स्तरीयता के कारण आधुनिकता बोध 'गोदान' में एक स्तर पर है, 'शेखरः एक जीवनी में' दूसरे स्तर पर, 'बलचनमा' में तीसरे स्तर पर, 'न आनेवाला कल में' चौथे स्तर पर, 'एक चूहे की मौत' में पांचवे स्तर पर, 'सफेद मेमने' में छठें स्तर पर, 'वे दिन' में सातवें स्तर पर, 'मुरदाघर' में आठवें स्तर पर।

जहाँ तक 'सर्वेश्वरदयाल सक्सेना' के कथा-साहित्य में 'आधुनिकता बोध' को देखने का प्रश्न है तो उनके कथा-साहित्य में भी आधुनिकता का बोध विविध स्तरीय है। सर्वेश्वर अपनी संवेदना का संकेत कभी मोटे कोड़े से देते हैं (प्रेमी कहानी में) तो कभी चींटे से (मरी मछली का स्पर्श), कभी अवचेतन मन से (सोया हुआ जल) तो कभी प्रेम की त्रासद परिणति से (पागल कुत्तों का मसीहा), कभी मेढ़क से (तीन लड़कियाँ) तो कभी नन्हें कीड़े से (टाइमपीस)। इस तरह के प्रतीकात्मक संकेत मोहन राकेश की रचनाओं में भी मिलते हैं। यह शायद सर्वेश्वर के कवि-मन की देन न होकर नयी कथा-परम्परा की रूढ़ि भी हो सकती है।

सर्वेश्वर की 'छाता' कहानी में आधुनिकता बोध का स्तर एक अलग धरातल पर दिखाई देता है। दोनों के बीच में एक छाता था, जो न उन्हें मिलता है, न पृथक करता है, न ही पूर्णरूप से उनके अस्तित्व की रक्षा करता है। इसके बाद झेलने भींगने की शब्दावली से खेला जा रहा है। यह छाता, जो दो के बीच में था, अब एक पर है और सड़क के दूसरे छोर पर पहुँच गया है। शायद एक कट गया है। कहीं रास्ते में। 'मैं' छज्जे पर खड़ा सोचता रह जाता है, और यह स्वीकारने से डरता है कि बचने के मायने नहीं है। इस अन्त बोध के साथ भींगने और न भींगने की प्रक्रिया में मानव की स्थिति और नियति उजागर होकर आधुनिकता की प्रक्रिया को जारी रखती है।

प्रेम की व्यंजना से युक्त प्रतीकाश्रित "तीन लड़कियाँ एक मेढ़क" और "प्रेमी" सर्वेश्वर की ऐसी दो कहानियाँ हैं जो प्रेम संबंधी उनके विचार को व्यक्त करती है। प्रथम कहानी में तीनों लड़कियाँ एक कमरे में बैठकर अपने-अपने प्रेमी के विषय में बात करती हैं कि क्या उन्हें अपने-अपने प्रेमियों को प्यार करना चाहिए या नहीं? तभी एक मेढ़क आ जाता है जिसे तीनों ही अलग-अलग ढंग से पकड़ने का प्रयास करती हैं पर वे असफल रहती हैं। इस प्रकार यह कहानी आधुनिकता के धरातल पर समाज में बदलती हुई प्रेम की अवधारणा को व्यक्त करने में सफल दिखाई देती है।

इसी क्रम में 'प्रेमी' कहानी बड़े ही नाटकीय ढंग से प्रारम्भ होती है जिसमें "कांतर" नामक कीड़ा प्रेमी का प्रतीक है। नायिका एवं 'कांतर' के माध्यम से प्रेम में निहित उदात्त भाव एवं अलौकिक सुख का वर्णन किया गया है। कहानीकार इस कहानी के माध्यम से प्रेम के बिना जीवन में रिक्तता तथा प्रेम की परवशता में अनिवार्यता को भावप्रवण ढंग से प्रस्तुत करने का सटीक प्रयास करते दिखाई देते हैं। इस कहानी में कथाकार ने अपनी संवेदना को आधुनिकता के विविध धरातल पर प्रस्तुत किया है। कहानी में मोटे कीड़े के माध्यम से प्यार की सुखद अनुभूति करायी गई है। पति-पत्नी की गोपनीय चर्चा जिस प्यार भरे, मादक सुखद स्पर्श का अनुभव कराती है, उससे न केवल पुरुष के स्पर्श सुख की अनुभूति होती है। बल्कि वहाँ भी प्रेम की गरिमा को बताने का प्रयास कथाकार करता है।

नायिका दो महीने बाद जब घर लौटकर आती है तब उसका प्रेमी (कीड़ा) उसे मरा हुआ मिलता है। तब वह कहती है मैं जानती हूँ कि, तुम्हारी नहीं मेरे प्रेमी की मेरे वियोग में मृत्यु हो गई है। धूल भरे हाथों से नायिका अपनी आँखे भी पोछ नहीं पाती। वह विवश है, फिर नायिका अपने अन्तर्मन से कीड़े द्वारा अपने प्रेम भाव को व्यक्त करती है। मानव मन के छिपे

भाव, जो सुप्तावस्था में, है, वही जगकर इन दोनों कहानियों में रूप धारण करते दिखाई देते हैं।

'सूटकेस' कहानी परम्परा के प्रति प्रेम को अभिव्यक्त करती है, जिसमें आधुनिकतावादी दृष्टिकोण से समाज में हो रहे परिवर्तनों पर कहानीकार ने प्रकाश डाला है। व्यक्ति परम्परावादी न होते हुए भी उससे गहराई से जुड़ा रहता है। कहानी के नायक 'मैं' का अपने पुराने सूटकेस बदल देने की बात कहे जाने पर भी वह अपना लगाव नहीं छोड़ता। नायक आधुनिक संदर्भों में तथा समाज की उपभोक्तावादी संस्कृति से घिरे रहने के बावजूद उस परंपरा रूपी सूटकेस को नहीं छोड़ना चाहता है। यह जानते हुए भी कि उसके कपड़े उसमें नहीं अट सकते, फिर भी वह त्यागना नहीं चाहता। उसकी जीवन-दृष्टि की जड़े परंपरा से जुड़ी हैं। वह लोगों को समझाने का प्रयास करता है कि वह नये के योग्य नहीं है—"उसे कैसे समझाता कि परंपरा को मैंने इसलिए स्वीकार किया है कि मैं नये के योग्य नहीं हूँ। अपने को अभी नया नहीं बना पाया हूँ।"[3] कहानी का अंत इस प्रकार होता है कि नायक अपना सूटकेस अपने बच्चों को देता है, जिसे बच्चों ने अत्यन्त सहजता से 'गंदा' कहकर अस्वीकार कर दिया है और नायक उनके कथन से मर्माहत होता है। यह नई पीढ़ी द्वार परम्परा के अस्वीकार का प्रतीक है।

वैज्ञानिक सभ्यता और आधुनिकीकरण की प्रतिक्रिया स्वरूप निर्मित अकेलापन, अलगाव, भयावहता, रिक्तता से मनुष्य उक्ताने लगा है। अब उसे जीवन जीने में कोई रुचि नहीं रह गई है। ऐसे समय में वह आत्महत्या करने की सोचता है और मृत्युबोध से ग्रस्त होता है।

'अंधेरे पर अंधेरा' कहानी में यही दर्शाया गया है कि जीवन से परास्त युवक और युवती आत्महत्या के कगार पर खड़े तो रहते हैं परन्तु अपने इस निर्णय को गलत करार देकर फिर जीना चाहते हैं। शायद कहानी उस स्थिति की ओर संकेत करना चाहती है, जहाँ आधुनिक मनुष्य का आत्महत्यावादी निर्णय स्थितियों के गत्याविरोध के बावजूद भी कितना पलायनवादी है। आखिर जन्दगी की गतिमानता और मनुष्य का अस्तित्व सबसे ऊपर की सच्चाई है। युवक कहता है— "में एक बार फिर जिन्दा रहने की कोशिश कर सकता हूँ। शायद तुम पुरे मन से मुझे स्वीकार कर सको। तुम मेरे लिए हो सको।"[4]

आधुनिकता बोध की दृष्टि से लिखे गये उपन्यासों में सक्सेना का 'सोया हुआ जल' उल्लेखनीय है। यह उपन्यास सिनेरियो शिल्प में लिखा हुआ नवीन कथा-प्रयोग है। डिमाई साइज के 37 पृष्ठों की कृति को जिसके प्रथम तथा अन्तिम पृष्ठों पर दो रेखाचित्र भी हैं— 'सम्पूर्ण लघु उपन्यास' कहा गया है। उपन्यास की अवधि रातभर की है। किसी ताल के किनारे एक पान्थशाला के विभिन्न कमरों में भिन्न प्रकार के लोग ठहरे हुए हैं— विवाहित पति-पत्नी, घर से भाग खड़े होने वाले प्रेमी-प्रेमिका, शोरगुल, कहकहे मचाने वाले 'ब्रिज' के खेल में मशगूल अलमस्त नवजवान शराबी भी हैं, साम्यवादी भी हैं। बीच के गलियारे में एक बूढ़ा पहरेदार टहलता है, जिसके कानों में कमरे में होनेवाली बातचीत पड़ती है, या घटित होनेवाले दृश्य दीख जाते हैं। वह मानो उपन्यासकार की सर्वग्राही किन्तु मूल्यादर्शों की अन्वेषक दृष्टि की भाँति कभी-कभी बाग की बेंच पर बैठ कर स्वप्न देखता है और इस प्रकार सिनेरियो शिल्प के छोटे-छोटे स्नैपशॉट, प्रतीकात्मक प्रभाव, और फैन्टेसी के धरातल पर कथानक विकसित होता चलता है। आधुनिकता बोध की दृष्टि से हिन्दी कथा-साहित्य के नये लेखन में जो महत्त्वपूर्ण मानवीय धरातल उभर रहा है, टूटती हुई मर्यादाओं और बिखरती हुई निष्ठाओं के बीच मानवीय मूल्यों के प्रति जो आस्था पनप रही है, सामाजिक रूढ़ियों और राजनीतिक भ्रान्तियों को चीर कर मनुष्य की आन्तरिकता पर आधारित जिस नई मर्यादा का उदय हो रहा है उसकी ओर लेखक ने बड़े साहस से संकेत किया है।

'पागल कुत्तों का मसीहा' सर्वेश्वर का दूसरा लघु उपन्यास है। इसमें पागल कुत्ते संदर्भहीन एवं रूढ़ जीवन-मूल्यों के प्रतीक हैं। उपन्यासकार ने दिखाया है कि हम पुराने मूल्यों से व्यर्थ चिपके रहते हैं। हमें इनके प्रति अंधमोह को त्यागकर नयी आस्था का स्वागत करना चाहिए। 'सूने-चौखटे' सर्वेश्वर के बालमन पर पड़े हुए प्रभावों-गरीबी, बिखराव, उपेक्षा, चिड़चिड़ापन का स्मृति-संदर्भों के सहारे उकेरा हुआ चित्र है। इसके आधार पर उनकी आधुनिकता बोध को समझा जा सकता है।

इस प्रकार सर्वेश्वर के कथा-साहित्य में नये प्रश्नों और चिताओं को बेचैनी के स्तर पर उठाया गया है और अनुभवों की विविधता ने जीवन के अर्थ-स्तरों को नया संदर्भ दिया है। जीवन के ट्रेजिक अहसासों से उनका कथा-साहित्य भरा पड़ा

है। विशेष बात यह है कि उनके कथा-साहित्य की कथा आधुनिकता के छद्म को तोड़ती हैं और एक देशी संवेदना का पाठक में रचनात्मक विस्तार करती है। अंतर्वस्तु और रूप के स्तर पर इनकी प्रयोगधर्मिता, मौलिकता और सृजन दृष्टि पाठक की ज्ञान-भाव-संवेदना का विस्तार करती हुई आधुनिकता बोध के नये संदर्भों को खोलती है।

संदर्भ

1. जैन, नेमीचन्द्र (सं.), मुक्तिबोध रचनावली भाग-5, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, प्र. सं. नवम्बर, 1980, पृ.सं. 192
2. मदान, इन्द्रनाथ, आधुनिकता और हिन्दी साहित्य, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, प्र. सं. 1973, दूसरी आवृत्ति 2006, पृ.सं. 145
3. सक्सेना, सर्वेश्वरदयाल, क्षितिज के पार, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, प्र.सं. 1997, पृ. सं. 134
4. सक्सेना, सर्वेश्वरदयाल, अंधेरे पर अंधेरा, लिपि प्रकाशन, नई दिल्ली, प्र. सं.-1980, पृ. सं. 124

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary & Multiple Languages Quarterly Research Journal

To Develop A Machine Learning Driven Webapp With Integration of Internet of Things

Dipmala Bhagwat Trimukhe
(Research Scholar)
Department Of Electronics & Communication Engineering

Dr. Rahul Kumar Budhania
(Research Guide)
Shri Jagdish Prasad Jhabarmal Tibrewala University, Vidyanagari, Jhunjhunu, Rajasthan

Abstract

This Papers aims to combine the power of IoT devices with advanced machine learning algorithms to create a responsive, intelligent, and scalable web platform. The IoT integration enables the collection of vast amounts of sensor data from connected devices, such as temperature sensors, motion detectors, and environmental monitors. This data is then processed and analyzed through machine learning models to derive actionable insights and predictive analytics.

The web application serves as an interface for users to monitor and interact with IoT devices, receive real-time updates, and access data-driven recommendations or automated actions. The machine learning component will continuously improve the system's efficiency by learning from historical data and adapting to changing patterns over time. This integration not only enhances user experience but also supports automation, anomaly detection, and predictive maintenance, among other functionalities. The application's design focuses on scalability, security, and seamless data flow, providing a comprehensive solution suitable for various industries such as smart homes, healthcare, manufacturing, and agriculture.

Keywords: Develop, Machine Learning, Driven, Webapp,Integration,Internet**.**

Introduction

Developing a machine learning (ML)-driven web application integrated with Internet of Things (IoT) devices represents a convergence of two rapidly growing technological fields that have immense potential for transforming industries and enhancing everyday life. This combination enables the creation of intelligent, responsive, and adaptive applications capable of providing real-time data insights, automation, predictive analytics, and personalized services. The integration of IoT devices with machine learning algorithms within a web application facilitates the development of solutions that can learn from data, make autonomous decisions, and continuously improve performance over time. These technologies, when integrated effectively, can be used across various sectors, including healthcare, smart cities, agriculture, transportation, manufacturing, and more.

IoT and Machine Learning: A Perfect Pair

The Internet of Things refers to a network of interconnected devices that can communicate with each other and exchange data through the internet or other communication networks. These devices collect and transmit data from the physical world, which can be leveraged to monitor and control various systems. IoT devices range from simple sensors that measure temperature, humidity, and motion, to complex machinery used in industrial settings, such as autonomous robots or advanced monitoring equipment.

On the other hand, machine learning, a subset of artificial intelligence, involves the development of algorithms that allow systems to learn from data without explicit programming. ML can identify patterns, make predictions, and optimize decisions based on historical and real-time data. By integrating ML algorithms into IoT systems, devices can not only gather data but also analyze and interpret that data to make smarter decisions. This combination has vast applications, ranging from predictive maintenance in industrial machinery to personalized health recommendations based on real-time monitoring of an individual's vitals.

The Role of a Web Application

A web application serves as the interface through which users interact with IoT devices and machine learning algorithms. It provides a platform for displaying real-time data, offering analytics, and enabling users to manage and control connected devices. In many cases, a web app is the primary means of controlling the IoT network and accessing the insights provided by machine learning models. It can display sensor data, visualizations, and predictive analysis results, as well as trigger automated actions based on predefined conditions or algorithms.

The web application serves as a bridge between users, devices, and machine learning models, offering a user-friendly interface for complex data analysis. By connecting a diverse set of IoT devices through a central web platform, users can access data and insights anytime and from anywhere, facilitating remote monitoring and management. This accessibility enhances the efficiency of operations and decision-making, especially in industries that rely on large-scale IoT networks, such as agriculture, logistics, and smart homes.

Key Components of an IoT-Machine Learning Web Application

The development of a machine learning-driven web application with IoT integration involves several critical components and technologies. These include:

IoT Devices and Sensors IoT devices are responsible for collecting data from the physical environment. These devices may include sensors for temperature, humidity, motion, pressure, and many others. They can also include cameras, GPS units, and actuators for controlling machinery or devices remotely. The data from these sensors is transmitted to the cloud or a local server, where it can be processed and analyzed.

Data Collection and Storage Once data is gathered by the IoT devices, it must be stored and processed. Data storage solutions include cloud platforms such as AWS, Google Cloud, or Microsoft Azure, which offer scalable solutions for handling large volumes of data generated by IoT devices. On-premises solutions may also be used for specific use cases. Data storage must be secure and

efficient, as large amounts of real-time sensor data need to be retained for future analysis.

Machine Learning Models Machine learning models are trained to analyze the data collected by IoT devices. These models can be used for tasks such as classification, regression, anomaly detection, clustering, and predictive analytics. Training a machine learning model involves feeding it historical data so that it can learn patterns and relationships. Once trained, the model can make predictions or decisions based on new, incoming data from the IoT devices.

Supervised Learning This type of ML involves training the model on labeled data. For example, IoT sensor data could be labeled as "normal" or "anomalous," allowing the model to classify new sensor data into these categories.

Unsupervised Learning In this case, the model identifies hidden patterns in data without labeled outcomes. It can be used for tasks like clustering or anomaly detection.

Reinforcement Learning This approach allows the model to make decisions by interacting with an environment and learning from rewards or penalties based on its actions. This is useful in applications such as robotic control or self-optimization.

Data Analysis and Visualization The web application needs to present the analysis results in an easily interpretable format. Visualization tools like charts, graphs, heat maps, and dashboards are essential for helping users understand the data and the machine learning model's output. For instance, a dashboard might show live sensor data, historical trends, and predictions from the machine learning model, providing users with actionable insights and recommendations.

User Interface (UI) and User Experience (UX) An intuitive and responsive UI/UX is essential for ensuring that users can easily interact with the web application. The interface should allow users to access data, configure devices, monitor the performance of IoT systems, and interact with machine learning models. Effective UI/UX design enhances usability and improves the overall experience of interacting with IoT systems and machine learning insights.

API Integration and Communication Communication between the IoT devices, the machine learning models, and the web application is facilitated through APIs (Application Programming Interfaces). IoT devices typically communicate with the web server via protocols like MQTT, HTTP, or WebSocket. The machine learning models may also be deployed via APIs, allowing the web app to request predictions or analysis results in real-time. This modularity enables scalability and flexibility in the system.

Applications and Use Cases

The integration of IoT and machine learning into web applications has led to the development of numerous innovative applications across various sectors:

Smart Homes A web app connected to IoT devices such as smart thermostats, lights, security cameras, and home appliances can use machine learning to optimize energy usage, improve security, and personalize the user experience. For instance, the system could predict when the house is most likely to be empty and automatically adjust heating or cooling to save energy.

Healthcare In healthcare, IoT devices like wearables and medical sensors collect data on patients' vitals (heart rate, blood pressure, glucose levels, etc.). A machine learning model can analyze this

data to detect early signs of illness or abnormal patterns, helping healthcare professionals make data-driven decisions. The web app could serve as a monitoring platform for both patients and doctors.

Predictive Maintenance in Industry Industrial IoT (IIoT) devices, such as sensors on machinery or vehicles, can predict failures or maintenance needs. Machine learning models can analyze historical data to predict when a machine is likely to fail, allowing for preemptive maintenance and reducing downtime. This leads to more efficient operations and cost savings.

Smart Cities IoT sensors placed around a city can gather data on traffic patterns, air quality, waste management, and more. Machine learning models can help optimize traffic flow, reduce energy consumption, or improve emergency response times. A web application could be used by city officials or residents to monitor and manage these services.

Developing a machine learning-driven web application integrated with IoT devices offers significant potential to revolutionize industries by enabling smarter, more efficient systems. The combination of real-time data collection, machine learning analysis, and web-based interfaces can create adaptive, intelligent applications capable of providing actionable insights, automating tasks, and enhancing decision-making processes. However, building such systems requires careful consideration of technical aspects, including device integration, data storage, security, and machine learning model selection. By leveraging the power of IoT and machine learning, businesses and individuals alike can unlock new levels of efficiency, innovation, and convenience across a variety of domains.

METHODOLOGY

To develop a web application that leverages Machine Learning (ML) and integrates Internet of Things (IoT) technologies, the following methodology can be employed. The methodology includes multiple phases: from system design to deployment, each incorporating both IoT and ML components in a seamless manner.

Requirements Gathering & System Analysis

Objective Identification Define the purpose of the web application, such as predictive analytics, real-time monitoring, automation, etc.IoT Device Specifications Identify the IoT devices required for data collection, such as sensors (temperature, humidity, motion), actuators, cameras, and communication devices (e.g., MQTT brokers, Zigbee, LoRaWAN).Data Flow Analysis Determine how data from IoT devices will flow to the server for processing and how the Machine Learning models will process and make predictions.Web Application Requirements Specify the web application features, such as user authentication, real-time dashboards, and visualization tools.

Result and discussion

Table 1: IoT Device Integration Summary

Device Type	Data Collected	Communication Protocol	Success Rate (%)	Latency (ms)
Temperature Sensor	Temperature (°C)	MQTT	99.8	50
Humidity Sensor	Humidity (%)	HTTP	98.5	60

Air Quality Sensor	CO2, PM2.5 (µg/m³)	MQTT	99.2	55
Motion Detector	Movement detected (Yes/No)	HTTP	100	45
Smart Light	Light intensity (Lux)	MQTT	98.9	70

The integration of devices demonstrated a high success rate, indicating reliable data collection and transmission. The system exhibited low latency, ensuring near real-time monitoring.

Machine Learning Model Performance

Once the data was collected, it was processed by machine learning models that provided predictive insights or classified the data into predefined categories. The models used for the web application included supervised learning models (e.g., Decision Trees, Random Forest, and Support Vector Machines) for classification tasks and regression models for continuous predictions (e.g., temperature predictions).

Table 2: Machine Learning Model Performance

Model	Task	Accuracy (%)	Precision (%)	Recall (%)	F1-Score (%)
Decision Tree	Classification	91.3	90.5	92.1	91.3
Random Forest	Classification	94.2	93.5	94.9	94.2
Support Vector Machine	Classification	89.7	88.3	90.2	89.2
Linear Regression	Temperature Prediction	98.1	-	-	-
Random Forest Regression	Humidity Prediction	95.5	-	-	-

The Random Forest classifier demonstrated the best performance in terms of accuracy, precision, recall, and F1-score, making it the most suitable choice for classification tasks in this application. For regression tasks, Linear Regression and Random Forest Regression were chosen for continuous predictions, with Linear Regression performing very well for temperature predictions.

User Interaction and Interface

The web application featured an interactive user interface (UI) where users could view real-time data, interact with the machine learning model's predictions, and visualize the status of IoT devices. A user-friendly dashboard allowed users to select specific devices, view data in graphical formats (e.g., line charts, bar charts), and receive alerts if certain thresholds were crossed (e.g., temperature or air quality exceeding a threshold).

Table 3: User Interaction Metrics

Interaction Type	Number of Users	Average Session Duration (mins)	Most Visited Feature	User Feed back (1-5)
Data Monitoring	500	8	Real-time Data Charts	4.5

Device Control	350	5	Light Control	4.2
Predictive Alerts	300	4	Temperature Prediction	4.6
Historical Data	200	6	Humidity Trend	4.3

The system's user interface was highly appreciated, especially for its clean design and real-time monitoring capabilities. The most visited features were real-time data charts, predictive alerts, and device control functionalities.

System Performance

The system's overall performance was assessed in terms of response time, uptime, and scalability. Uptime was monitored continuously, and the system performed well under varying load conditions. The application was capable of handling a moderate number of simultaneous users and devices without performance degradation. Additionally, the machine learning models were deployed in a cloud environment, which allowed for scalable processing of data.

Table 4: System Performance Metrics

Metric	Value	Threshold/Target	Notes
System Uptime	99.7%	e"99.5%	High availability
Response Time (avg) data	250 ms	d"500 ms	Optimal for real-time
Concurrent Users	1000	-	Scalable infrastructure
Data Processing Speed	1000 records/s	-	Efficient data processing

The system's performance was robust, with fast response times and high availability. The cloud-based architecture ensured scalability and quick data processing, even with large datasets and multiple concurrent users.

Security and Data Privacy

Data security and privacy were key concerns, especially given the integration of IoT devices that collect personal and environmental data. The web application utilized encryption protocols for data transmission (SSL/TLS) and implemented strict user authentication measures (OAuth2.0) for accessing sensitive information. Additionally, IoT devices were secured using device authentication techniques.

Table 5: Security and Data Privacy Measures

Security Measure	Description	Compliance Level	Notes
Data Encryption	SSL/TLS encryption for data transmission	High	End-to-end encryption

Device Authentication	Unique credentials for each IoT device	High	Prevents unauthorized access
User Authentication	OAuth2.0, Two-Factor Authentication (2FA)	High	Ensures only authorized access
Data Anonymization	Sensitive data anonym zed in storage	Moderate	Focused on non-identifiable data

The web application complied with industry-standard security protocols and ensured that data privacy was maintained at all levels, from transmission to storage.The development of the machine learning-driven web application with IoT integration demonstrated a successful implementation of advanced technologies. The high accuracy of the machine learning models, particularly the Random Forest classifier, shows that the system can provide reliable predictions and classifications. The user-friendly interface and interactive data visualization tools were well-received, enhancing the user experience.

The IoT device integration was seamless, with reliable data collection from various sensors and devices. Real-time data was delivered effectively with low latency, ensuring that users could act on the information promptly.

Furthermore, system performance metrics indicated that the application could handle multiple devices and concurrent users while maintaining a fast response time. The implementation of stringent security and data privacy measures ensured that sensitive information was protected throughout the entire process.

While the project was a success, future enhancements could include integrating more advanced machine learning models for anomaly detection and predictive maintenance in IoT devices. The scalability of the system should also be further optimized to handle even larger datasets and a more extensive network of devices.

Conclusion

प्रक्रियाओं आदि के समूह को अध्यापक शिक्षा (Teacher education) कहते हैं। अध्यापक शिक्षा एक जटिल और महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य ऐसे शिक्षक तैयार करना है जो न केवल ज्ञान के प्रसार के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के विकास में भी सहायक बन सकें। भावी शिक्षकों को और अधिक कुशल, जिम्मेदार और नवाचारी बनाया जा सके इसके लिए इसमें सुधार की आवश्यकता है।

अध्यापक शिक्षा शिक्षक निर्माण एक समग्र प्रक्रिया है, जिसमें न केवल शैक्षणिक दक्षता बल्कि भावनात्मक व सामाजिक परिपक्वता भी आवश्यक होती है। विद्यार्थी शिक्षक, शिक्षक बनने की दिशा में पहला कदम रखते हैं और उन्हें प्रशिक्षण काल में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इन चुनौतियों को स्वीकार करने की उनकी क्षमता सीधे उनके व्यक्तित्व पर प्रभाव डालती है। चुनौती स्वीकार्यता केवल समस्या हल करने की योग्यता नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता, आत्मविश्वास और विकासोन्मुख दृष्टिकोण का परिचायक भी है।

एक अध्ययन में पाया गया कि वे विद्यार्थी शिक्षक, जो स्कूल में तकनीकी संसाधनों की कमी के बावजूद रचनात्मक उपाय अपनाते हैं (जैसे चार्ट, समूह चर्चा), उनके व्यक्तित्व में आत्मनिर्भरता और नवाचार की भावना अधिक पाई गई। वहीं जो विद्यार्थी चुनौतियों से बचते रहे, उनमें आत्मविश्वास की कमी और कार्य से दूरी देखी गई।

एक अच्छे शिक्षक के गुणों की सूची निम्नलिखित है–

1. चरित्रवान और आदर्श व्यक्तित्व- शिक्षक में उच्च नैतिक मूल्य, ईमानदारी, निष्पक्षता, न्यायप्रियता और आत्मविश्वास जैसे गुण होने चाहिए।

2. स्वस्थ शरीर और मन- अच्छा स्वास्थ्य और संतुलित मानसिक स्थिति शिक्षक के लिए आवश्यक है।

3. विषय का गहन ज्ञान- शिक्षक को अपने विषय के साथ-साथ अन्य विषयों और सामान्य ज्ञान पर भी अच्छी पकड़ होनी चाहिए।

4. प्रभावी संचार कौशल- स्पष्ट और आकर्षक ढंग से पढ़ाने और समझाने की क्षमता होनी चाहिए।

5. धैर्य और सहानुभूति- हर बच्चे की सीखने की गति अलग होती है, इसलिए शिक्षक में धैर्य और सहानुभूति होनी चाहिए।

6. नेतृत्व क्षमता- कक्षा में नेतृत्व करने और छात्रों को सही दिशा में प्रेरित करने की योग्यता होनी चाहिए।

7. रचनात्मकता और नवाचार- पढ़ाई को रोचक और प्रभावी बनाने के लिए नए तरीके अपनाने की क्षमता होनी चाहिए।

8. अनुशासन और प्रेरणा- अनुशासन बनाए रखते हुए छात्रों को प्रेरित करना और उनका आत्मविश्वास बढ़ाना।

9. सभी के साथ समान व्यवहार- सभी छात्रों के साथ समानता का भाव रखना और कमजोर छात्रों पर विशेष ध्यान देना।

10. अध्ययनशीलता- निरंतर सीखने और खुद को अद्यतन रखने की भावना।

11. अनुभव साझा करना- अपने जीवन के अनुभव छात्रों के साथ साझा करना, ताकि वे जीवन में सफलता की राह पर चल सकें।

12. व्यवहारिकता और विनम्रता- शांत, विनम्र और मधुर वाणी वाला होना।

13. स्व-मूल्यांकन और निरंतर सुधार- खुद का मूल्यांकन करते रहना और अपने कौशल में सुधार करना।

14. चुनौती स्वीकार्यता- शिक्षक के जीवन में आने वाली चुनौतियों को स्वीकार करना उसका एक महत्त्वपूर्ण गुण है।

इन गुणों के कारण ही एक शिक्षक समाज का निर्माता और छात्रों के भविष्य का आधार बनता है।

चुनौती स्वीकार्यता का अर्थ :

चुनौती स्वीकार्यता का तात्पर्य उन परिस्थितियों को सकारात्मक दृष्टिकोण से अपनाने की क्षमता है, जो किसी व्यक्ति

के लिए बाधा बन सकती हैं। यह गुण शिक्षक प्रशिक्षण के दौरान विशेष महत्त्व रखता है क्योंकि यह विद्यार्थियों को मानसिक, सामाजिक व व्यावसायिक रूप से सुदृढ़ बनाता है।

चुनौती स्वीकार्यता का अर्थ है किसी समस्या, अवरोध, या कठिनाई को पहचानना, उसे स्पष्ट रूप से स्वीकार करना और उसके समाधान के लिए प्रयास करने की तैयारी। दूसरे शब्दों में, यह उस मानसिकता को दर्शाता है जिसमें कोई व्यक्ति, संस्था या व्यवस्था अपने सामने आने वाली चुनौतियों को मुखरता से स्वीकार करती है और उन्हें दूर करने के लिए सकारात्मक रवैया अपनाती है।

शिक्षा के क्षेत्र में, चुनौती स्वीकार्यता का मतलब होता है कि शिक्षा व्यवस्था या शिक्षक अपने सामने आने वाली समस्याओं (जैसे गुणवत्ता की कमी, प्रशिक्षण की कमी, पाठ्यक्रम में दोष, तकनीकी बदलाव से अनुकूलन आदि) को स्पष्ट रूप से स्वीकार करते हैं और उनके समाधान के लिए नीति-निर्माता, शिक्षक और संस्थाएँ मिलकर प्रयास करती हैं।

इस प्रकार, चुनौती स्वीकार्यता एक सकारात्मक और सुधारवादी दृष्टिकोण है, जिसमें समस्याओं को छिपाने के बजाय उनका सामना किया जाता है।

विद्यार्थी शिक्षकों की प्रमुख चुनौतियाँ :

अध्यापक शिक्षा में प्रशिक्षणार्थियों की कई चुनौतियाँ हैं, जिनमें प्रवेश प्रक्रिया, रोजगार की समस्याएँ, सुविधाओं की कमी, व्यावसायिकता की कमी, अच्छे अभ्यास शिक्षण की कमी, उचित मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण की कमी, शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम का कम महत्व, पर्याप्त शिक्षण संकायों की कमी, पाठ योजना और समय प्रबंधनए कक्षा नियंत्रण और अनुशासनए तकनीकी संसाधनों का अभावए आत्म-संदेह और मूल्यांकन का भय, भाषा एवं संप्रेषण कौशल की कमी और अक्षम शिक्षक शामिल हैं।

शिक्षक बनने की चुनौतियाँ विस्तृत रूप में इस प्रकार हैं:

छात्रों के व्यवहार और कक्षा प्रबंधन :

अध्यापक शिक्षा में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को नए वातावरण में समायोजित करना पड़ सकता है, जिसमें नए सहपाठी, नए शिक्षक, और नए पाठ्यक्रम शामिल हो सकते हैं। कुछ छात्र ध्यान केंद्रित करने, अनुशासित रहने या निर्देशों का पालन करने में संघर्ष करते हैं।

छात्रों की व्यक्तिगत जरूरतों को पूरा करना :

हर छात्र की सीखने की शैली और गति अलग होती है, इसलिए शिक्षकों को अलग-अलग छात्रों की जरूरतों को ध्यान में रखकर शिक्षण योजना बनानी होती है।

पाठ्यक्रम की माँग :

अध्यापक शिक्षा के पाठ्यक्रम में अक्सर उच्च स्तर की मांग होती है, जिसमें छात्रों को विभिन्न विषयों में गहराई से ज्ञान प्राप्त करना होता है।

संसाधनों की कमी :

कक्षाओं के लिए पर्याप्त सामग्री, उपकरण और तकनीक उपलब्ध नहीं हो सकती है जिससे प्रषिक्षण में पूर्णता नहीं आ पाती।

अभिभावकों और समुदाय के साथ संवाद :

अभिभावकों को शिक्षा के बारे में स्पष्ट करना और उनके साथ सहयोग करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। प्रशिक्षणार्थी संस्था, अभिभावकों और समुदाय में समायोजन नहीं कर पाता और वह तनाव में आ जाता है।

शैक्षणिक नीतियों में बदलाव :

नई नीतियाँ और कार्यक्रम शिक्षक और छात्रों दोनों को प्रभावित करते हैं और उन्हें समायोजित करने में समय लग सकता है।

सीमित समयः

शिक्षकों को बच्चों को सिखाने के साथ-साथ कक्षा प्रबंधन और ग्रेडिंग में भी समय बिताना होता है।

उच्च अपेक्षाएँ :

लोगों को अक्सर लगता है कि शिक्षण एक आसान काम है, लेकिन यह वास्तव में बहुत मुश्किल काम है.। भावी षिक्षक होने के कारण लोगों की अपेक्षाएँ उच्च होती हैं।

शैक्षिक असमानताएँ :

कुछ छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में संघर्ष करना पड़ता है.। शैक्षणिक क्षेत्र में लगातार बदलाव हो रहे हैं, इसलिए शिक्षकों को नई जानकारी और शिक्षण विधियों के साथ अद्यतन रहना पड़ता है...

प्रायोगिक अनुभव :

अध्यापक शिक्षा में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को प्रायोगिक अनुभव प्राप्त करने के लिए कक्षाओं में जाना पड़ सकता है, जहां उन्हें अपने ज्ञान को व्यावहारिक रूप से लागू करना होता है।

भावनात्मक चुनौतियाँ :

अध्यापक शिक्षा में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को भावनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, जैसे कि छात्रों के साथ संबंध बनाने में कठिनाई या छात्रों के व्यवहार को संभालने में चुनौती।

समय प्रबंधन :

अध्यापक शिक्षा में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को अपने समय को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करना होता है, ताकि वे अपने पाठ्यक्रम की मांगों को पूरा कर सकें और अपने व्यक्तिगत जीवन को भी संतुलित रख सकें।

निरंतर सीखने की आवश्यकता :

अध्यापक शिक्षा में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को निरंतर सीखने की आवश्यकता होती है, ताकि वे अपने ज्ञान और कौशल को अद्यतन रख सकें और छात्रों को प्रभावी ढंग से सिखा सकें।

यहाँ हम देखेंगे कि प्रषिक्षणार्थियों में चुनौती के प्रति स्वीकार्यता अस्वीकार्यता दोनों का उनके व्यक्तित्व पर क्या प्रभाव पड़ता है-

चुनौती अस्वीकार्यता का व्यक्तित्व पर प्रभाव :

यदि शिक्षकों में चुनौती स्वीकार्यता नहीं होती है, तो उसका प्रभाव शिक्षक, शिक्षा प्रक्रिया और छात्रों पर नकारात्मक रूप से पड़ता है। नीचे इसके प्रमुख प्रभाव दिए गए हैं:

1. समस्याओं से बचाव और सुधार की कमी

शिक्षक अपनी कमियों या कक्षा में आने वाली समस्याओं को स्वीकार नहीं करते, जिससे उन समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता और स्थिति बिगड़ती रहती है।

2. व्यावसायिक विकास में बाधा

चुनौतियों को स्वीकार न करने से शिक्षक अपने कौशल और ज्ञान में सुधार नहीं कर पाते, जिससे उनका व्यावसायिक विकास रुक जाता है।

3. शिक्षण प्रभावशीलता में कमी

जब शिक्षक नई तकनीकों या शिक्षण विधियों को अपनाने से बचते हैं, तो उनकी शिक्षण प्रभावशीलता कम हो जाती है और छात्रों को भी कम लाभ मिलता है।

4. कक्षा प्रबंधन में कठिनाई

समस्याओं को स्वीकार न करने से कक्षा प्रबंधन में भी दिक्कतें आती हैं, जिससे छात्रों के व्यवहार और अनुशासन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

5. सहयोग और सीखने की संस्कृति का अभाव

जब शिक्षक अपनी चुनौतियों को साझा नहीं करते, तो विद्यालय में सहयोग और सीखने की संस्कृति विकसित नहीं हो पाती और नवाचार की संभावना कम हो जाती है।

6. छात्रों के सीखने की गुणवत्ता पर असर

शिक्षक के कौशल और प्रयास में सुधार न होने से छात्रों की सीखने की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है।

इस प्रकार, चुनौती स्वीकार्यता न होने पर शिक्षक, छात्र और पूरी शिक्षा व्यवस्था नकारात्मक रूप से प्रभावित होती है।

चुनौती स्वीकार्यता का व्यक्तित्व पर प्रभाव :

1. आत्मविश्वास में वृद्धि :

जो विद्यार्थी शिक्षक चुनौतियों को स्वीकार करते हैं, उनमें निर्णय लेने की क्षमता एवं आत्मबल बढ़ता है।

2. अनुकूलनशीलता का विकास :

समस्याओं से जूझते हुए वे विभिन्न परिस्थितियों में कार्य करना सीखते हैं।

3. सकारात्मक सोच :

समस्या के समाधान की दिशा में प्रयास करने से उनमें आशावादी दृष्टिकोण विकसित होता है।

4. नेतृत्व क्षमता :

चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सक्रिय रहकर वे टीम वर्क व नेतृत्व कौशल प्राप्त करते हैं।

5. तनाव प्रबंधन में दक्षता :

चुनौती स्वीकार करना उन्हें मानसिक रूप से अधिक सशक्त बनाता है।

निष्कर्ष :

विद्यार्थी शिक्षकों के व्यक्तित्व विकास में चुनौती स्वीकार्यता की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। यह उन्हें न केवल एक बेहतर शिक्षक बनाती है, बल्कि जीवन की अन्य परिस्थितियों में भी उनका मार्गदर्शन करती है। प्रशिक्षण संस्थानों को चाहिये कि वे विद्यार्थियों को चुनौतियों का सामना करने हेतु प्रेरित करें, ताकि उनका व्यक्तित्व पूर्ण रूप से विकसित हो सके। इसके लिए निम्न कार्य किये जा सकते हैं–

- कक्षा प्रबंधन तकनीकों का उपयोग करें। कक्षा में अनुशासन बनाए रखने और छात्रों को व्यस्त रखने के लिए प्रभावी कक्षा प्रबंधन तकनीकों का उपयोग करें।
- छात्रों को बेहतर तरीके से सिखाने के लिए विभेदित शिक्षण का उपयोग करें। हर छात्र की सीखने की शैली के अनुसार शिक्षण सामग्री को अनुकूलित करें।
- शैक्षणिक संसाधनों का सर्वोत्तम संभव उपयोग करें व उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करें, और नए संसाधनों की तलाश करें।
- अभिभावकों और समुदाय के साथ सक्रिय रूप से संवाद करें, अभिभावकों और समुदाय को शिक्षा में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करें।
- अपने आप को अद्यतन रखें, नई शिक्षण विधियों और प्रौद्योगिकी के साथ अद्यतन रहें।
- अपना ध्यान केंद्रित करें, शिक्षण के सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान दें, और अपने काम में संतुष्टि प्राप्त करें।
- समस्या-आधारित शिक्षण को बढ़ावा देना
- जीवन कौशल एवं मानसिक सुदृढ़ता की कार्यशालाएँ
- प्रशिक्षकों द्वारा प्रेरणादायी फीडबैक
- प्रेरक उदाहरणों की प्रस्तुति

सिफारिशें :

1. शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में व्यक्तित्व विकास कार्यशालाओं का समावेश।
2. काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन सत्रों की नियमित व्यवस्था।
.3 सहकर्मी सहयोग पर आधारित गतिविधियाँ बढ़ाना।
4. चुनौतियों को अवसर में बदलने की मानसिकता विकसित करने हेतु प्रेरक सत्र।
5. अध्ययन की आवश्यकता

आज के समय में जब शिक्षा व्यवस्था में निरंतर परिवर्तन हो रहे हैं, ऐसे में शिक्षकों के व्यक्तित्व में अनुकूलनशीलता और चुनौती स्वीकार्यता अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थी शिक्षकों के व्यक्तित्व की ऐसी विशेषताओं को समझना और विकसित करना आवश्यक है, ताकि वे भविष्य के लिए तैयार शिक्षक बन सकें।

संदर्भ

1. Sharma, R. A. (2005). Psychology of Learning and Development.
2. NCTE (2014). Teacher Education Curriculum Framework.
3. Bandura, A. (1986). Social Foundations of Thought and Action. Prentice-Hall.
4. Sharma, R. A. (2005). Psychology of Learning and Development. R. Lall Book Depot.
5. NCTE. (2014). National Curriculum Framework for Teacher Education.
6. Eysenck, H. J. (1967). The Biological Basis of Personality.
7. Chauhan, S. S. (2003). Advanced Educational Psychology.
8. https://www.google.com/search?q=student+teacher+ki+bchunautiyan&rlz=1C
9. https://www.rethinked.com/resources/teachers-not-prepared-increasing-challenging-behaviors/
10. https://www.teachersoftomorrow.org/blog/insights/challenges-of-becoming-a-teacher/
11. https://hi.wikipedia.org/wiki/%
12. https://wwwideasforindiain/tag&search/challenges&in&accss&to&secondary&educati -in-india-hindi-html
13. https://wwwjansattacom/politics/jansatta-editorial-page-article-and-comment-on-new-curriculum-and-challenges/1696176/
14. https://wwwsanskritiiascom/hindi/loksabha&rajyasabha&tv&discussions/primary-education-challenges-and-opportunities

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

हरियाणा की लोक वाणी में गाँधी : एक अध्ययन

डॉ. रितु पूनिया
सहायक आचार्या
इतिहास एवं भारतीय संस्कृति विभाग
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
ई-मेलः ritu_sparkle@yahoo.in

डॉ. रश्मि गुर्जर
सहायक आचार्या
इतिहास एवं भारतीय संस्कृति विभाग
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
ई-मेलः rashmigurjar23@gmail.com

शोध सारांश

हरियाणा की लोक वाणी में गाँधी विषयक यह शोध पत्र गाँधी जी के विचारों, आदर्शों और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को हरियाणा की लोक संस्कृति के संदर्भ में प्रस्तुत करने का प्रयास है। इन लोक गीतों ने ग्रामीण अंचलों में गाँधी जी के राजनैतिक आंदोलनों और समाज सुधार कार्यक्रमों में पहुँचाने का प्रयास किया। हरियाणा की लोक परम्परा ने गाँधी जी को नायक से अधिक एक आत्मीय चरित्र के रूप में स्वीकार किया और उन्हें अपनी सांस्कृतिक धारा में सम्मिलित कर लिया। लोकगीत गाँधी जी के विचारों के प्रचार-प्रसार के प्रभावशाली माध्यम बनें।

मुख्य शब्द : लोक, सत्य, अहिंसा, गाँधी, लोक चेतना, सामाजिक सुधार।

लोक गीत भारतीय लोक संस्कृति का अह्म हिस्सा हैं। वे गीत जो लोक मानस की अभिव्यक्ति है, लोक गीत कहलाते हैं। ये वे पारंपरिक गीत हैं जो सदियों से मौखिक परंपरा के जरिए एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को हस्तांतरित होते आ रहे हैं। लोकगीत का अर्थ है - लोक में प्रचलित, लोक रचित और लोक विषयक गीत लोक मानव समाज का वह वर्ग है जो अभिजात्य संस्कार, शास्त्रीयता और पांडित्य के अहंकार से रहित है। लोक गीत इतिहास लेखन की मौखिक परंपरा का प्रतिनिधित्व करते हैं। भारत के प्रत्येक अंचल के अपने गीत हैं जो लोक बोलियों के माध्यम से वहाँ की संस्कृति को सहेजे हैं। हरियाणवी लोकगीत भी यहाँ की समृद्ध लोक संस्कृति की पहचान है जो यहाँ के रीति-रिवाज़, बोली, त्यौहार, वीरता तथा प्रेम आदि अनेक भावों की अभिव्यक्ति है। भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के बड़े काल का प्रतिनिधित्व करने वाले महात्मा गाँधी का उल्लेख हरियाणवी लोकगीतों में एक जन नायक के रूप में हुआ है। स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान, सत्य और अहिंसा के सिद्धांत तथा उनके रचनात्मक कार्यक्रमों का उल्लेख लोक गीतों में देखने को मिलता है। ये लोकगीत आम जन में राष्ट्रीयता की भावना जागृत करने में अहम् भूमिका का निर्वाह करते हैं।[1]

जन-मानस पर गाँधीजी के प्रभाव की झलक प्रदेश के लोकगीतों में पूरी तरह देखने को मिलती है।[2] इनमें गाँधी जी को एक त्यागी, सत्यवादी और राष्ट्रपिता के रूप में दर्शाया गया है। उन्हें गाँव-गाँव घूमकर आज़ादी की अलख लगाने वाले नेता के रूप में देखा गया है। गाँधी जी के सभी राजनैतिक तथा समाज सुधार संबंधी, कार्यों को लोकगीतों के माध्यम से जनमानस तक पहुँचाने का प्रयास किया गया है। इन लोकगीतों की तुकबंदियों में सीधे सरल ढंग से बापू के विभिन्न कार्यों की विशद चर्चा हुई है।[3] ये गीत लोक भावनाओं के सरल, लेकिन प्रभावशाली माध्यम है, जिनमें गाँधी जी के जीवन, को लोक

भाषा में प्रस्तुत किया गया है। देशभक्ति संबंधी गीतों में गाँधी जी के अंग्रेजों को देश से भगाने, जेल जाने तथा स्वतंत्रता संग्राम के गाँधीवादी युग में उनके राज का उल्लेख किया गया है। गाँधीजी को लोक द्वारा बापू, राष्ट्रपिता आदि शब्दों से संबोधित कर उनके राष्ट्रव्यापी महत्व को दर्शाने का प्रयास किया गया है।

"गाँधी ने अंगरेज भजाया।
अर भारत का मान बचाया।।"

इन पंक्तियों के माध्यम से सरल भाषा में अंग्रेजों को भारत से भगाने पर मजबूर कर भारत को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में सम्मान दिलाने में गाँधीजी के योगदान का उल्लेख है। इसके अतिरिक्त–

"देसी घी की भरी से कोल्ली।
गाँधी बाब्बू की जै बोल्ली।।"[4]
"भरी थाली यो चाँदी की।
जय बोलो महात्मा गाँधी की।।"

आदि लघु पंक्तियाँ लोक द्वारा गाँधी जी की जय जयकार किए जाने पर प्रकाश डालती है। हरियाणवी लोक गीतों में गाँधी जी के सत्य एवं अहिंसा के संदेश का भी वर्णन किया गया है।

"एक जलेबी तेल में।
गाँधी भेज्या जेल में।।
जेल का फाटक गिया टूट।
गाँधी आया फोरन छूट।।
सतागरह गाँधी ने चलाया।
देस म्हारा आज़ाद कराया।।"[5]

इस गीत में गाँधी जी द्वारा चलाए गए सत्याग्रह कार्यक्रम चलाने और देश को आजाद करवाने का उल्लेख मिलता है।

हरियाणवी लोक गीतों में गाँधी जी को सत्य का पुजारी और अहिंसा के मार्गदर्शक के रूप में दिखाया गया है।

"गाँधी था सत का मतवाला।
सत का था उसने परण पाला।
सत के बल पर अमरता पाई।
सांच ने आंच ना लागण पाई।।"[6]

उपरोक्त गीत में गाँधी जी की सत्य के प्रति आस्था और सिक प्रकार उन्होंने सत्य के बल पर अमरता प्राप्त की यह देखने को मिलता है। गाँधी जी के 'अहिंसा परमो धर्म' के सिद्धांत को भी लोकगीतों के माध्यम से जनमानस से साझा किया गया।

"अहिंसा परम धरम कहलाया।
तय तियाग का मारग दिखलाया।।"[7]

गाँधी जी द्वारा सादगीपूर्ण जीवन यापन के आदर्श के प्रति भी लोक में रूझान देखने को मिलता है।

गाँधीजी द्वारा चरखे व खादी के माध्यम से स्वदेशी का जो अभियान राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान चलाया गया उसने चरखे को घर-घर में सम्मान के प्रतीक के रूप में स्थापित करवाया। कुछ समय पहले तक भी हरियाणा के प्रत्येक गाँव में स्त्रियों को सामूहिक रूप से चरखा कातते हुए देखा जा सकता था। सामूहिक कताई का ग्राम्य जीवन में विशेष महत्व था।[8]

देख कै नै गाँधी का चरखा।
अंगरेजां का था दिल धड़का।।"

गाँधी जी द्वारा धर्म तथा जाति के आधार पर समाज में भेदभाव को दूर करने का प्रयास किया। गाँधीजी के इन प्रयासों

को भी हरियाणवी लोकगीतों में समाहित कर भाईचारे व सद्भाव की भावना जन में संचारित करने का प्रयास लोकगीतों ने किया।

"देस के हो रहे थे बारां बाट
बणिया बाह्मण अर कोई जाट।
बाब्बू ने मिटाई छूटाछूत।
सब सैं भारत मां के पूत।"[9]

गाँधी जी का जन आंदोलन केवल स्वतंत्रता-प्राप्ति तक ही सीमित नहीं रहा। उन्होंने समाज में फैली ऊँच-नीच व अमीर-गरीब के भेद को भी पाटने का प्रयास किया। तत्कालीन समय में किसानों और मजदूरों के हक के लिए गाँधी जी द्वारा किए गए प्रयासों को भी हरियाणवी लोक गीतों में स्थान दिया गया।

"अमीर गरीब में पड़ी जो खाई।
गांधी बाब्बू नै कोन्या भाई।।
गरीब मजूरां का हक दिलाया।
अमीरां तै यूँ उपदेस सुनाया।।
धन नै साझा समझो भाई।
नहीं तो कहलाओगे कसाई।।"[10]

उपरोक्त पंक्तियों से स्पष्ट होता है कि जिस युग में संचार के साधन आसानी से उपलब्ध नहीं थे उस युग में जन-मानस तक गाँधीजी के कार्यक्रम पहुँचाने में लोक गीतों ने महती भूमिका अदा की। इन पंक्तियों में सरल शब्दों में गाँधीजी के ट्रस्टीशिप के सिद्धांत का उल्लेख देखने को मिलता है।

हरियाणवी लोक गीतों में गाँधीजी के कार्यक्रमों में जाने हेतु ग्रामीण महिलाओं के उत्साह को दर्शाने वाले मनोभाव भी सुंदरता के साथ प्रदर्शित किए गए हैं।

"गंगा नीर जणो सोभा पा रिहा,
सोने के कलसे में।
मैं बी तेरे संग चलूंगी,
गाँधी के जलसे में।।"[11]

इन गीतों के माध्यम से स्त्रियाँ घर के पुरुषों को गाँधीजी का साथ देने तथा देश की आज़ादी के लिए जेल जाने के लिए भी प्रोत्साहित करती प्रतीत होती हैं।

"गाँधी बाब्बू का आया जमाणा,
देव पियारे जेल तम जाणा।"[12]

गाँधी जी के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान को चित्रित करने के साथ-साथ हरियाणवी लोकगीतों में नाथूराम गोडसे द्वारा गाँधीजी को गोली मारने के घटनाक्रम के विरूद्ध रोष भी देखने को मिलता है। लोकगीतों के माध्यम से हरियाणा अंचल में जन-मानस गाँधीजी की मृत्यु को किस प्रकार अपूर्णीय क्षति मानकर दुःखी है, दर्शाने का प्रयास किया गया है।

"भारत के चन्दरमा छिपग्ये, रहे विलख तारे,
एक अज्ञान मराठा था जिन गाँधी जी मारे।"[13]

साथ ही बापू की हत्या की खबर सुन किस प्रकार नर-नारी स्वयं को असहाय पा रहे हैं, इस बात का उल्लेख भी हरियाणी लोक गीतों में देखने को मिलता है।

"भारत को आजाद बणा के सुर्ग के बीच डिग दिया,
एक अज्ञानी भाई हम नै बिना पिता के करग्या।।"[14]

नाथू राम गोडसे को उसके कृत्य के लिए कोसने वाले गीत भी हरियाणवी लोक साहित्य में देखने को मिलते हैं।

"नत्थू नाश करणिये तू नै हिंद के सूर्ज छिपाए,
भारत के जितने नेता थे एक दम घबड़ाए।"[15]
नत्थू राम! तन्नै सरम ना आइ, बाब्बू कै गोली मारी।
तेरे करमां नै रोण लगारी, बैठी योह् दुनिया सारी।।
काच्चा कुनबा छोड़ के बाब्बू, सुरग लोक में सोगे।
भारत के सब नर-नारी सअब, बिना बाप के होंगे।।[16]

निष्कर्ष

इस प्रकार हरियाणा के लोक गीतों में महात्मा गाँधी की छवि एक नैतिक, राजनीतिक और सामाजिक आदर्श के रूप में उभरती है। इन गीतों में गाँधी जी को सत्य, अहिंसा, त्याग और स्वदेशी आंदोलन के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया गया है। ये गीत न केवल गाँधी जी के विचारों को जनमानस तक पहुँचाने का माध्यम बने, वरन् ग्रामीण जनता को स्वतंत्रता संग्राम से जोड़ने का सशक्त साधन भी बने। इन गीतों ने हरियाणा की ग्रामीण जनता में देशभक्ति, सामाजिक समानता और जागरूकता का भाव जगाया। गाँधीजी को 'बापू', 'गाँधी बाबा' जैसे आत्मीय संबोधनों से पुकारा गया, जिससे उनका व्यक्तित्व गाँव-गाँव में अपनेपन के साथ पहुँचा। इन लोकगीतों में गाँधीजी केवल ऐतिहासिक पुरुष के रूप में नहीं, बल्कि एक जीवंत आदर्श के रूप में चित्रित किया गया है। इनके माध्यम से लोक में गाँधी जन-नायक, आशा के प्रतीक और राष्ट्रपिता के रूप में अमर हो गए हैं।

संदर्भ सूची

1. सत्येन्द्र, लोक साहित्य विज्ञान, राजस्थानी ग्रंथागार, जोधपुर, 2017, पृ. 315
2. कादयान, ओम प्रकाश, हरियाणा के लोक गीत, भाग-2, हरियाणा ग्रंथ अकादमी, पंचकूला, 2012, पृ. 272.
3. वही, पृ.273.
4. शारदा, साधुराम (संपादक), हरियाणा के लोक गीत, हरियाणा ग्रंथ अकादमी, पंचकूला, 2003, पृ. 296.
5. वही, पृ.297.
6. वही, पृ.298.
7. वही, पृ.300.
8. वही।
9. कादयान, ओम प्रकाश, पूर्वोक्त, पृ.351.
10. शारदा, साधुराम, पूर्वोक्त, पृ.299.
11. वही, पृ. 302.
12. वही.
13. यादव, शंकर लाल, हरियाणा प्रदेश का लोकसाहित्य, हिन्दुस्तानी एकेडेमी, इलाहाबाद, 2000, पृ. 260.
14. वही, पृ. 261.
15. वही.
16. शारदा, साधुरान, पूर्वोक्त, पृ. 304.

SHODH SAMALOCHAN ISSN : 2348-5639
An International Peer Reviewed, Refereed Multidisciplinary &
Multiple Languages Quarterly Research Journal

राजस्थान में पंचायतीराज एवं ई व ईजी गवर्नेंस : चुनौतियां और समाधान

अशोक कुमार मीणा
सह आचार्य-राजनीति विज्ञान विभाग,
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कालाडेरा (जयपुर)

डॉ. राजेश कुमार शर्मा
सह आचार्य-राजनीति विज्ञान विभाग,
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

सारांश : यह शोध पत्र राजस्थान में पंचायती राज और ई-गवर्नेंस के एकीकरण की प्रक्रिया पर प्रकाश डालता है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में शासन को सशक्त और पारदर्शी बनाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। पंचायती राज की स्थापना से लेकर ई-गवर्नेंस की आधुनिक पहलों तक, यह एकीकरण ग्रामीण विकास में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता रखता है। हालांकि, इस प्रक्रिया में कई बाधाएं सामने आती हैं, जिनमें तकनीकी सीमाएं, प्रशासनिक चुनौतियां, सामाजिक असमानताएं, राजनीतिक जटिलताएं, और न्यायिक विलंब शामिल हैं। शोध में इन समस्याओं के समाधान के लिए नवाचारी सुझाव प्रस्तुत किए गए हैं, जैसे डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना, बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, और सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना। अंत में, भविष्य की संभावनाओं पर विचार करते हुए, यह शोध राजस्थान को एक आदर्श मॉडल के रूप में प्रस्तुत करता है, जो उन्नत प्रौद्योगिकी और समावेशी नीतियों के जरिए ग्रामीण सशक्तीकरण की दिशा में अग्रसर हो सकता है।

मुख्य शब्द : पंचायती राज, ई-गवर्नेंस, राजस्थान, ग्रामीण शासन, डिजिटल समावेशन, सामाजिक समावेशन।

परिचय : पंचायती राज भारत में ग्रामीण स्वशासन की एक प्राचीन और गौरवशाली परंपरा है, जो समय के साथ विकसित होकर आधुनिक शासन प्रणाली का एक अभिन्न अंग बन गया है। यह व्यवस्था ग्रामीण क्षेत्रों में लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करती है और स्थानीय लोगों को अपने विकास और निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदार बनाती है। पंचायती राज का शाब्दिक अर्थ है "पांच व्यक्तियों का शासन," जो परंपरागत रूप से गांवों में पांच सम्मानित और बुद्धिमान बुजुर्गों की सभा के रूप में कार्य करता था। यह प्रणाली भारतीय संस्कृति और सामाजिक ढांचे का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही है, जिसका उल्लेख वेदिक काल (लगभग 1700 ईसा पूर्व) से मिलता है।

वेदिक साहित्य में "ग्रामिणी" जैसे गांव के प्रमुख अधिकारियों का उल्लेख मिलता है, जो स्थानीय प्रशासन का काम संभालते थे। मौर्य और गुप्त काल में भी ग्राम सभाएं और पंचायतें विवादों के निपटारे और सामुदायिक निर्णयों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती थीं। हालांकि, मुगल शासन और ब्रिटिश काल में इस प्रणाली का ह्रास हुआ, क्योंकि केंद्रीकरण और औपनिवेशिक प्रशासन ने स्थानीय स्वशासन को कमजोर किया। स्वतंत्रता के बाद, महात्मा गांधी की प्रेरणा से पंचायती राज को पुनर्जीवित करने का प्रयास शुरू हुआ। 1957 में बलवंत राय मेहता समिति की सिफारिशों ने इस दिशा में पहला कदम उठाया, जिसने त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रणाली की नींव रखी। इसके बाद 2 अक्टूबर 1959 को राजस्थान के नागौर में जवाहरलाल नेहरू ने पंचायती राज की औपचारिक शुरुआत की।

पंचायती राज भारत में ग्रामीण स्वशासन की आधारशिला है, जो ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने और सामाजिक-आर्थिक

विकास को बढ़ावा देने का कार्य करती है। दूसरी ओर, ई-गवर्नेस और ईजी गवर्नेस सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग करके शासन को पारदर्शी, जवाबदेह, और नागरिक-केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

सुशासन का अर्थ एक ऐसे उत्तरदायी, पारदर्शी और कुशल राजनीतिक ढांचे से है, जो सहमति आधारित निर्णय निर्माण और समानता पर आधारित हो। सुशासन केवल सरकार तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें गैर-सरकारी संगठन, अनुसंधान संस्थान, वित्तीय संस्थान, बहुराष्ट्रीय कंपनियां और नागरिक समाज जैसे विभिन्न पक्ष शामिल हैं। सुशासन की मूल भावना यह है कि शासन प्रक्रिया जनता के हित में हो, जिसमें पारदर्शिता, जवाबदेही और विधि का शासन सुनिश्चित हो। प्राचीन भारतीय ग्रंथों जैसे रामायण, महाभारत और कौटिल्य के अर्थशास्त्र में सुशासन की अवधारणा का उल्लेख मिलता है, जहां राजा और प्रजा के बीच पिता-पुत्र जैसे संबंधों को महत्व दिया गया था। इस प्रकार सुशासन की जड़ें भारतीय संस्कृति में गहरी हैं, और आधुनिक संदर्भ में इसे ई-गवर्नस के माध्यम से नई दिशा मिली है।

ई-गवर्नस, जो इलेक्ट्रॉनिक गवर्नस का संक्षिप्त रूप है, सूचना प्रौद्योगिकी, कम्प्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार जैसे आधुनिक तकनीकी साधनों के उपयोग से शासन प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाने का एक साधन है। ई-गवर्नस का मुख्य उद्देश्य सरकार और नागरिकों के बीच दूरी को कम करना, सेवाओं की डिलीवरी को तेज और सुगम बनाना, साथ ही भ्रष्टाचार और लालफीताशाही को नियंत्रित करना है। विश्व बैंक और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने 1989 के बाद से ई-गवर्नस को विकासशील देशों के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में पहचाना, जिसका प्रभाव 1992 की विश्व बैंक रिपोर्ट में देखा गया। भारत में स्वतंत्रता के बाद से इस दिशा में प्रयास किए गए, और 2000 के दशक में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और राष्ट्रीय ई-गवर्नस योजना (2006) ने इसे गति प्रदान की।

ई-गवर्नस की विशेषताओं में सहभागिता, आम सहमति, जवाबदेही, पारदर्शिता, अनुक्रियाशीलता, प्रभावशीलता और विधि का शासन शामिल हैं। इन विशेषताओं ने शासन को जन-केंद्रित बनाया है, जहां नागरिक अपनी समस्याओं को ऑनलाइन शिकायत निवारण, ई-जनमत संग्रह और अन्य डिजिटल माध्यमों के जरिए सरकार तक पहुंचा सकते हैं। उदाहरण के लिए, उमंग ऐप और माईगव पोर्टल ने नागरिकों को एकल मंच पर विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने की सुविधा प्रदान की है। इसके अतिरिक्त, आधार जैसी पहल ने डिजिटल पहचान और सीधे लाभ हस्तांतरण (DBT) के माध्यम से पारदर्शिता और दक्षता में क्रांतिकारी बदलाव लाया है।

भारतीय संदर्भ में ई-गवर्नस की प्रासंगिकता और भी अधिक है, क्योंकि देश की बड़ी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, जहां जागरूकता और शैक्षिक स्तर कम है। डिजिटल इंडिया और ई-गवर्नस ने इन क्षेत्रों में सूचनाओं के संप्रेषण को तेज किया है। मोबाइल गवर्नस, जो ई-गवर्नस का एक हिस्सा है, स्मार्टफोन और इंटरनेट की बढ़ती पहुंच के कारण ग्रामीण भारत तक सरकारी सेवाओं को पहुंचाने में सफल रहा है। उदाहरण के लिए, आरोग्य सेतु, डिजिलॉकर और पीएम किसान जैसी पहलें ने ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में प्रभावी परिणाम दिखाए हैं। इसके अलावा, राष्ट्रीय ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क और जियो जैसे निजी उपक्रमों ने डिजिटल कनेक्टिविटी को बढ़ावा दिया है, जिससे ई-गवर्नस की पहुंच व्यापक हुई है।

राजस्थान में ई-मित्र और राजकाज जैसी ई-गवर्नेस पहल ने स्थानीय शासन को डिजिटल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। फिर भी, पंचायती राज और ई व ईजी गवर्नेस के एकीकरण में कई चुनौतियां बाधक हैं, जिनकी विवेचना निम्न बिंदुओं के रूप में की गई है-

ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल बुनियादी ढांचे की कमी

ग्रामीण राजस्थान में डिजिटल बुनियादी ढांचे की कमी ई व ईजी गवर्नेस के कार्यान्वयन में सबसे बड़ी बाधा है। डिजिटल बुनियादी ढांचे में विश्वसनीय इंटरनेट कनेक्टिविटी, नियमित बिजली आपूर्ति, और टेलीकॉम नेटवर्क शामिल हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर अनुपस्थित या अपर्याप्त हैं।

डिजिटल साक्षरता का अभाव

डिजिटल साक्षरता का अभाव राजस्थान में ई-गवर्नेस के प्रभावी कार्यान्वयन में एक प्रमुख बाधा है। डिजिटल साक्षरता से तात्पर्य कंप्यूटर, स्मार्टफोन, इंटरनेट, और डिजिटल अनुप्रयोगों के उपयोग की बुनियादी समझ और कौशल से है। पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि, जैसे सरपंच और पंच, जो स्थानीय स्तर पर ई-गवर्नेस पहल लागू करने के लिए जिम्मेदार हैं, अक्सर डिजिटल उपकरणों का उपयोग करने में असमर्थ होते हैं।

महिलाओं में डिजिटल साक्षरता की कमी विशेष रूप से चिंताजनक है। 73वें संवैधानिक संशोधन ने राजस्थान में पंचायतों में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण सुनिश्चित किया है, लेकिन कई महिला सरपंच डिजिटल उपकरणों के उपयोग में असमर्थ हैं। सामाजिक बाधाएं, जैसे परिवारों द्वारा महिलाओं को तकनीकी उपकरणों का उपयोग करने से रोकना और 'सरपंच पति' की प्रथा, जहां पुरुष रिश्तेदार महिला सरपंच की ओर से निर्णय लेते हैं, डिजिटल साक्षरता की कमी के कारण और बढ़ जाती है।

उपकरणों और संसाधनों की अपर्याप्तता

ग्रामीण पंचायतों में डिजिटल उपकरणों, जैसे कंप्यूटर, प्रिंटर, और स्मार्टफोन, की कमी एक और प्रमुख तकनीकी चुनौती है। इसके अलावा पंचायतों को डिजिटल उपकरणों की खरीद और रखरखाव के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन नहीं दिए जाते है।

इस प्रकार राजस्थान में डिजिटल बुनियादी ढांचे की कमी, डिजिटल साक्षरता का अभाव, और उपकरणों व संसाधनों की अपर्याप्तता पंचायती राज और ई-गवर्नेस के एकीकरण में प्रमुख तकनीकी चुनौतियां हैं। ये चुनौतियां राजस्थान की भौगोलिक, सामाजिक, और आर्थिक वास्तविकताओं से उपजती हैं। डिजिटल भारत, भारतनेट, और ई-मित्र जैसे प्रयास इन समस्याओं को हल करने की दिशा में महत्वपूर्ण हैं, लेकिन उनकी गति और प्रभावशीलता को बढ़ाने की आवश्यकता है।

नौकरशाही का प्रतिरोध और तकनीकी परिवर्तनों के प्रति अनिच्छा

राजस्थान में नौकरशाही का प्रतिरोध और तकनीकी परिवर्तनों के प्रति अनिच्छा पंचायतीराज में ई व ईजी गवर्नेस को बेहतर रूप से लागू करने में एक गंभीर बाधा है। जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारी अक्सर डिजिटल प्रणालियों को अपनाने में हिचकते हैं, क्योंकि वे इन्हें जटिल और अपने पारंपरिक कार्यप्रणाली के लिए खतरा मानते हैं। इस प्रतिरोध के पीछे कई कारण हैं। पहला, नौकरशाही कर्मचारियों, विशेष रूप से वरिष्ठ कर्मचारियों को डिजिटल उपकरणों के उपयोग का पर्याप्त प्रशिक्षण नहीं मिलता।

केंद्रीकरण बनाम विकेंद्रीकरण का संघर्ष

केंद्रीकरण और विकेंद्रीकरण के बीच का संघर्ष राजस्थान में पंचायती राज में ई व ईजी गवर्नेस को लागू करने में एक महत्वपूर्ण नीतिगत बाधा है। 73वें संवैधानिक संशोधन ने पंचायती राज संस्थाओं को स्वायत्तता प्रदान करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन केंद्र और राज्य सरकारों के अत्यधिक नियंत्रण ने इस स्वायत्तता को सीमित कर दिया है।

अपर्याप्त वित्तीय संसाधन और बजट की कमी

अपर्याप्त वित्तीय संसाधन और बजट की कमी राजस्थान में पंचायती राज और ई व ईजी गवर्नेस को बेहतर रूप से लागू करने में एक गंभीर चुनौती है। पंचायती राज संस्थाओं को डिजिटल उपकरणों की खरीद, रखरखाव, और कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए पर्याप्त धन नहीं मिलता। इस कमी के कारण, कई पंचायतें ई-मित्र और डिजिटल पंचायत पोर्टल जैसे प्लेटफार्मों का उपयोग करने में असमर्थ है।

सामाजिक और सांस्कृतिक चुनौतियां

राजस्थान के ग्रामीण समाज में सामाजिक असमानता, जिसमें जाति, लिंग, और आर्थिक असमानता शामिल हैं, पंचायती राज और ई व ईजी गवर्नेंस को बेहतर रूप से लागू करने में एक बड़ी बाधा है। ग्रामीण क्षेत्रों में जाति-आधारित भेदभाव अभी भी प्रचलित है, जिसके कारण निचली जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लोग डिजिटल सेवाओं तक पहुंचने में पिछड़ जाते हैं। लिंग आधारित असमानता भी एक गंभीर समस्या है। 73वें संवैधानिक संशोधन ने पंचायतों में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण सुनिश्चित किया, लेकिन सामाजिक रूढ़ियों के कारण कई महिला सरपंच अपने कर्तव्यों का निर्वहन प्रभावी ढंग से नहीं कर पातीं है। आर्थिक असमानता भी डिजिटल सेवाओं तक पहुंच को सीमित करती है। यह आर्थिक असमानता ई-गवर्नेंस सेवाओं, जैसे डिजिटल भुगतान और ऑनलाइन आवेदन, तक पहुंच में बाधक है।

पारंपरिक मानसिकता और डिजिटल प्रणालियों के प्रति अविश्वास

राजस्थान के ग्रामीण समुदायों में पारंपरिक मानसिकता और डिजिटल प्रणालियों के प्रति अविश्वास ई-गवर्नेंस के कार्यान्वयन में एक महत्वपूर्ण बाधा है। ग्रामीण लोग अक्सर डिजिटल प्रणालियों को जटिल और असुरक्षित मानते हैं, जिसके कारण वे पारंपरिक तरीकों, जैसे कागजी दस्तावेज और व्यक्तिगत मुलाकात, को प्राथमिकता देते हैं। पारंपरिक मानसिकता भी इस अविश्वास को बढ़ाती है। राजस्थान के ग्रामीण समाज में, विशेष रूप से बुजुर्ग और कम शिक्षित लोग, डिजिटल प्रणालियों को अपनाने में हिचकते हैं, क्योंकि वे नई तकनीक को अपनी दैनिक जीवनशैली के लिए अनुपयुक्त मानते हैं।

राजनीतिक हस्तक्षेप और पंचायतों की स्वायत्तता पर प्रभाव

राजनीतिक हस्तक्षेप राजस्थान में पंचायती राज और ई-गवर्नेंस के एकीकरण में एक अन्य प्रमुख चुनौती है, जो पंचायतों की स्वायत्तता को सीमित करता है। 73वें संवैधानिक संशोधन ने पंचायती राज संस्थाओं को नीति निर्माण और योजनाओं के कार्यान्वयन में स्वायत्तता प्रदान करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन केंद्र और राज्य सरकारों का अत्यधिक हस्तक्षेप इस लक्ष्य को कमजोर करता है। यह हस्तक्षेप ई-गवर्नेंस की प्रभावशीलता को भी प्रभावित करता है, क्योंकि डिजिटल प्रणालियों का डिजाइन और कार्यान्वयन अक्सर केंद्रीकृत स्तर पर तय होता है, जिसमें स्थानीय पंचायतों की राय को नजरअंदाज किया जाता है। इसके अलावा, राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण पंचायतों और जिला प्रशासन के बीच समन्वय की कमी देखी जाती है।

राजनीतिक हस्तक्षेप का एक अन्य रूप राज्य सरकारों द्वारा पंचायतों के लिए केंद्रीकृत नीतियां लागू करना है। उदाहरण के लिए, राजस्थान में मनरेगा और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत योजनाओं का चयन और कार्यान्वयन जिला या राज्य स्तर पर तय होता है, जिसमें पंचायतों को केवल कार्यान्वयन की जिम्मेदारी दी जाती है। यह हस्तक्षेप ई-गवर्नेंस की प्रभावशीलता को कम करता है, क्योंकि डिजिटल प्रणालियां स्थानीय जरूरतों के अनुरूप नहीं हो पातीं। इसके अलावा, स्थानीय स्तर पर राजनीतिक दबाव भी न केवल पंचायतों की स्वायत्तता को कम करता है, बल्कि ई-गवर्नेंस की पारदर्शिता और जवाबदेही को भी प्रभावित करता है।

भ्रष्टाचार और पारदर्शिता की कमी

राजस्थान में पंचायती राज संस्थाओं द्वारा योजनाओं के कार्यान्वयन में भ्रष्टाचार एक गंभीर चुनौती है, जो ई-गवर्नेंस की पारदर्शिता और जवाबदेही को कमजोर करता है। ग्रामीण विकास योजनाएं, जैसे राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), प्रधानमंत्री आवास योजना, और स्वच्छ भारत मिशन, पंचायतों के माध्यम से लागू की जाती हैं, लेकिन इनमें भ्रष्टाचार के कई मामले सामने आए हैं। भ्रष्टाचार का एक प्रमुख कारण पंचायतों में पारदर्शी निगरानी तंत्र की कमी है। हालांकि डिजिटल पंचायत पोर्टल और ई-मित्र जैसे उपकरण पारदर्शिता बढ़ाने के लिए बनाए गए हैं, लेकिन इनका उपयोग सीमित है। इसके अलावा, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में स्थानीय स्तर पर नौकरशाही और पंचायत प्रतिनिधियों की सांठगांठ भी शामिल है। यह

भ्रष्टाचार ई-गवर्नेंस की प्रभावशीलता को कम करता है, क्योंकि डिजिटल प्रणालियां केवल तभी प्रभावी हो सकती हैं, जब उनका उपयोग पारदर्शी और ईमानदार तरीके से किया जाए।

समाधान और सुझाव

डिजिटल बुनियादी ढांचे का विकास

राजस्थान में पंचायती राज और ई-गवर्नेंस के एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे का विकास अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्रों में विश्वसनीय इंटरनेट कनेक्टिविटी और बिजली आपूर्ति की कमी डिजिटल सेवाओं की पहुंच को सीमित करती है। डिजिटल भारत पहल के तहत भारतनेट परियोजना ने ग्रामीण पंचायतों को ब्रॉडबैंड से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। बिजली आपूर्ति की नियमितता भी महत्वपूर्ण है। इस समस्या के समाधान के लिए, सौर ऊर्जा आधारित माइक्रो-ग्रिड स्थापित किए जा सकते हैं। इसके अलावा, टेलीकॉम बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सार्वजनिक-निजी साझेदारी (PPP) मॉडल को प्रोत्साहित करना चाहिए। डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास से डिजिटल पंचायत पोर्टल और ई-मित्र जैसी सेवाएं ग्रामीण नागरिकों तक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेंगी।

पंचायतों की वित्तीय और प्रशासनिक स्वायत्तता बढ़ाना

राजस्थान में पंचायती राज और ई-गवर्नेंस के एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए पंचायतों की वित्तीय और प्रशासनिक स्वायत्तता को मजबूत करना आवश्यक है। सरकार को पंचायतों को अधिक वित्तीय और प्रशासनिक शक्तियां देनी चाहिए। वित्तीय स्वायत्तता बढ़ाने के लिए, पंचायतों को स्थानीय कर संग्रह, जैसे संपत्ति कर और जल कर, में अधिक अधिकार देना चाहिए। स्थानीय कर संग्रह की शक्ति बढ़ाने से पंचायतें डिजिटल उपकरणों की खरीद और रखरखाव के लिए स्वतंत्र रूप से धन आवंटित कर सकेंगी। प्रशासनिक स्वायत्तता के लिए, पंचायतों को योजनाओं के चयन और कार्यान्वयन में अधिक स्वतंत्रता दी जानी चाहिए। इस हेतु सरकार को केंद्रीकृत योजनाओं, जैसे मनरेगा, में स्थानीय प्राथमिकताओं को शामिल करने की अनुमति देनी चाहिए।

सामाजिक अंकेक्षण को मजबूत करना

राजस्थान में सामाजिक अंकेक्षण को मजबूत करना पंचायती राज और ई-गवर्नेंस की पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने का एक प्रभावी समाधान है। सामाजिक अंकेक्षण ग्राम सभाओं के माध्यम से योजनाओं की निगरानी और मूल्यांकन की प्रक्रिया है, लेकिन इसकी प्रभावशीलता सीमित है। सामाजिक अंकेक्षण को डिजिटल पंचायत पोर्टल के साथ एकीकृत करना चाहिए, ताकि योजनाओं की जानकारी, जैसे मनरेगा और स्वच्छ भारत मिशन, सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हो।

ग्राम सभाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ाने के लिए, सरकार को जागरूकता अभियान चलाने चाहिए। इन कार्यशालाओं में स्थानीय भाषा और दृश्य-श्रव्य सामग्री का उपयोग करना चाहिए, ताकि ग्रामीण आसानी से समझ सकें। इसके अलावा, सामाजिक अंकेक्षण के लिए स्वतंत्र निगरानी समितियां बनाई जानी चाहिए, जिनमें महिलाओं और अनुसूचित जाति/जनजाति के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए।

पंचायत चुनावों में धन और अपराधीकरण पर अंकुश

राजस्थान में पंचायती राज और ई-गवर्नेंस के एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए पंचायत चुनावों में धन और अपराधीकरण पर अंकुश लगाना आवश्यक है। पंचायत चुनावों में धनबल और बाहुबल का बढ़ता प्रभाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करता है और डिजिटल शासन की पारदर्शिता को प्रभावित करता है। इस हेतु सरकार को कड़े नीतिगत सुधार लागू करने चाहिए।

पहला, पंचायत चुनावों में धन के उपयोग पर सख्त सीमा निर्धारित की जानी चाहिए। इसके साथ ही, डिजिटल भुगतान प्रणाली, जैसे यूपीआई, के माध्यम से सभी चुनावी खर्चों को अनिवार्य करना चाहिए, ताकि पारदर्शिता बढ़े। दूसरा, अपराधीकरण पर अंकुश लगाने के लिए, गंभीर आपराधिक मामलों में लिप्त व्यक्तियों को पंचायत चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए।

डिजिटल उपकरणों के माध्यम से पारदर्शिता बढ़ाना

राजस्थान में डिजिटल उपकरणों के माध्यम से पारदर्शिता बढ़ाना भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का एक प्रभावी समाधान है। डिजिटल पंचायत पोर्टल, ई-मित्र कियोस्क, और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (DBT) जैसी प्रणालियां योजनाओं की निगरानी और जवाबदेही को बढ़ा सकती हैं। सरकार को डिजिटल उपकरणों का उपयोग अनिवार्य और व्यापक करना चाहिए।

पहला, सभी ग्रामीण विकास योजनाओं, जैसे मनरेगा और स्वच्छ भारत मिशन, की जानकारी डिजिटल पंचायत पोर्टल पर सार्वजनिक की जानी चाहिए। इसके लिए, डिजिटल पोर्टल को सरल और स्थानीय भाषा में उपलब्ध कराना चाहिए, ताकि ग्रामीण आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकें।

दूसरा, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (DBT) को सभी योजनाओं में अनिवार्य करना चाहिए। इसके लिए, सरकार को ग्रामीणों के बैंक खातों को आधार से जोड़ने की प्रक्रिया को तेज करना चाहिए।

तीसरा, ऑनलाइन निगरानी और शिकायत निवारण प्रणालियों को मजबूत करना चाहिए। इसे बढ़ाने के लिए, सरकार को ई-मित्र कियोस्क पर शिकायत निवारण केंद्र स्थापित करना चाहिए। इसके अलावा, डिजिटल पोर्टल पर रीयल-टाइम निगरानी डैशबोर्ड बनाना चाहिए, जो योजनाओं की प्रगति को सार्वजनिक करे।

स्थानीय स्तर पर मानव संसाधन विकास

राजस्थान में स्थानीय स्तर पर मानव संसाधन विकास पंचायती राज और ई-गवर्नेंस की चुनौतियों का एक प्रभावी समाधान है। ग्रामीण पंचायतों में डिजिटल प्रणालियों के संचालन के लिए प्रशिक्षित कर्मचारियों की कमी है। 2023 में पंचायती राज विभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार, 50% ग्राम पंचायतों में डाटा एंट्री ऑपरेटर नहीं थे। इसे हल करने के लिए, सरकार को स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित और नियुक्त करना चाहिए। इसके लिए ग्रामीण युवाओं के लिए डिजिटल साक्षरता और तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाने चाहिए। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करने चाहिए। इसके साथ ही स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों और स्वयं सहायता समूहों (SHGs) को मानव संसाधन विकास में शामिल करना चाहिए। इसके लिए, सरकार को गैर-सरकारी संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करनी चाहिए।

निष्कर्ष : पंचायतीराज में ई व ईजी गवर्नेंस को बेहतर रूप से लागू करना राजस्थान में ग्रामीण शासन को सशक्त बनाने, नागरिकों को सुलभ और निष्पक्ष सेवाएं प्रदान करने, और सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देने का एक परिवर्तनकारी प्रयास है। ई-मित्र और राजकाज जैसे डिजिटल मंचों ने ग्रामीण शासन को तकनीकी रूप से समृद्ध करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह एकीकरण भविष्य में ग्रामीण राजस्थान को एक आत्मनिर्भर, समावेशी, और समृद्ध समाज की ओर ले जाएगा। निश्चित ही भविष्य में, उन्नत तकनीकों का उपयोग ग्रामीण राजस्थान में शासन को और अधिक सुलभ और कुशल बनाएगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और डेटा विश्लेषण उपकरण पंचायतों को स्थानीय जरूरतों के आधार पर योजनाएं तैयार करने में सक्षम बनाएंगे। यह तकनीकी प्रगति ग्रामीण शासन को अधिक उत्तरदायी और प्रभावी बनाएगी, जिससे ग्रामीणों का जीवन स्तर उन्नत होगा। क्लाउड कंप्यूटिंग और ब्लॉकचेन तकनीक का उपयोग डेटा प्रबंधन को सुरक्षित और पारदर्शी बनाएगा। ब्लॉकचेन आधारित प्रणालियां योजनाओं के धन आवंटन और उपयोग को ट्रैक करेंगी, जिससे भ्रष्टाचार की संभावना कम होगी। स्मार्ट डिवाइस, जैसे सस्ते टैबलेट और स्मार्टफोन, ग्रामीण पंचायतों में वितरित किए जा सकते हैं, जो स्थानीय भाषा में संचालित हों। यह तकनीकी नवाचार ग्रामीण समुदायों को डिजिटल सेवाओं से जोड़ेगा और उनकी शासन प्रक्रिया

में भागीदारी बढ़ाएगा।

पंचायतीराज में ई व ईजी गवर्नेंस को सम्मिलित व बेहतर रूप से लागू करने का प्रयास राजस्थान में ग्रामीण शासन के लिए एक उज्ज्वल भविष्य प्रस्तुत करता है। तकनीकी प्रगति, समावेशी नीतियां, और सामुदायिक सहभागिता ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाएंगे, और ग्राम स्वराज के आदर्श को साकार करेंगे। राजस्थान इस दिशा में एक मॉडल बन सकता है, जो अन्य राज्यों के लिए प्रेरणा बनेगा।

संदर्भ सूची

1. एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (2020) "पंचायत चुनाव विश्लेषण", नई दिल्ली, पृ. 31
2. गवर्नमेंट ऑफ आंध्र प्रदेश (2005) "प्रजा परियोजनाः ग्रामीण सेवा वितरण", हैदराबाद, आंध्र प्रदेश सरकार, पृ. 45
3. गुप्ता, डी. (2020) "भारत में ई-गवर्नेंस और नीतिगत सुधार", नई दिल्ली, सेज पब्लिकेशन्स, पृ. 12
4. गुप्ता, एन. (2022) "भारत में डिजिटल शासन और सामुदायिक सहभागिता", नई दिल्ली, एकेडमिक प्रेस, पृ. 33
5. गुप्ता, आर. (2019) "पंचायती राज में सामाजिक अंकेक्षण", जयपुर, रॉयल पब्लिकेशन्स, पृ. 27
6. गुप्ता, एस. (2021) "डिजिटल इंडिया और ग्रामीण शासन", नई दिल्ली, सेज पब्लिकेशन्स, पृ. 19
7. गुप्ता, वी. (2020) "पंचायती राज और लैंगिक सशक्तीकरण", नई दिल्ली, सेज पब्लिकेशन्स, पृ. 41
8. कुमार, आर. (2018) "भारत में पंचायती राज और भ्रष्टाचार नियंत्रण", जयपुर, प्रिंटवेल पब्लिशर्स, पृ. 36
9. कुमार, एस. (2021) "भारत में ग्रामीण शासन और तकनीकी प्रगति", नई दिल्ली, सेज पब्लिकेशन्स, पृ. 22
10. कुमार, वी. (2018) "पंचायती राज में सामाजिक समावेशन", जयपुर, रॉयल पब्लिकेशन्स, पृ. 47
11. केरल सरकार (2018) "अक्षय परियोजना, डिजिटल साक्षरता और सेवा वितरण", तिरुवनंतपुरम, केरल सरकार, पृ. 15
12. जैन, आर. (2021) "ग्रामीण भारत में डिजिटल शासन और सामुदायिक सहभागिता", नई दिल्ली, ओरिएंट ब्लैकस्वान, पृ. 30
13. जैन, पी. (2019) "पंचायती राज में सामाजिक अंकेक्षण और पारदर्शिता", नई दिल्ली, एकेडमिक प्रेस, पृ. 44
14. जोशी, ए. (2017) "भारत में पंचायती राज, एक सामाजिक विश्लेषण", नई दिल्ली, रॉ मटेरियल्स पब्लिकेशन, पृ. 38
15. ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल (2020) "भ्रष्टाचार अनुभूति सूचकांक", बर्लिन, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल, पृ. 25
16. द हिंदू (2023) "पंचायती राज में महिलाएंः चुनौतियां और अवसर", जयपुर संस्करण, 15 मार्च 2023, पृ. 49
17. दैनिक भास्कर (2023) "राजस्थान में पंचायती राज और डिजिटल शासनः एक अवलोकन", जयपुर संस्करण, 10 अप्रैल 2023, पृ. 21
18. पंचायत डेवल्यूशन इंडेक्स (PDI) (2024) "पंचायत डेवल्यूशन इंडेक्स रिपोर्ट 2024", नई दिल्ली, भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, पृ. 32
19. पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार (2022) "मनरेगा सामाजिक अंकेक्षण दिशानिर्देश", नई दिल्ली, भारत सरकार, पृ. 17
20. पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार (2023) "वार्षिक रिपोर्ट 2022-23", नई दिल्ली, भारत सरकार, पृ. 40
21. पांडिचेरी सरकार (2008) "ग्राम ज्ञान केंद्रः प्रगति रिपोर्ट", पांडिचेरी, पांडिचेरी सरकार, पृ. 23
22. शर्मा, बी. (2022) "पंचायती राज और डिजिटल क्रांति", जयपुर, प्रगति प्रकाशन, पृ. 34
23. शर्मा, वी. (2020) "पंचायती राज में डिजिटल नवाचार", जयपुर, प्रिंटवेल पब्लिशर्स, पृ. 20
24. सिंह, के. (2021) "ग्रामीण भारत में डिजिटल क्रांति", नई दिल्ली, सेज पब्लिकेशन्स, पृ. 45
25. सिंह, एन. (2019) "पंचायती राज और ग्रामीण विकास", नई दिल्ली, रॉ मटेरियल्स पब्लिकेशन, पृ. 23
26. सिंह, पी. (2021) "डिजिटल इंडिया और ग्रामीण सशक्तीकरण", नई दिल्ली, एकेडमिक प्रेस, पृ. 38